ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन शुक्ल पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 256 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

### नवरात्र : पांचवां दिन मां स्कन्दमाता



**स्तुति मंत्र**

**सिंहासनगता नित्यं, पद्मांचित करद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी, स्कंदमाता यशस्विनी।।**

ध्यानमंत्र- जो देवी नित्य सिंहासन पर विद्यमान रहती हैं तथा जिनके दोनों हाथ कमलों से सुशोभित होते हैं, वे यशस्विनी दुर्गा देवी स्कन्दमाता सदा कल्याणदायिनी हों।

## राष्ट्रपति ने 8 हाईकोर्ट के लिए 17 जज नियुक्त किये, 16 जजों का स्थानांतरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 हाईकोर्ट के लिए 17 जजों की नियुक्ति की है। बुधवार को जारी अधिसूचना में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के लिए चार, बांबे हाई कोर्ट के लिए तीन, केरल हाई कोर्ट के लिए तीन, दिल्ली हाईकोर्ट के लिए दो, गुजरात हाईकोर्ट के लिए एक, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के लिए एक, कर्नाटक हाईकोर्ट के लिए एक और त्रिपुरा हाईकोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। इसी के साथ राष्ट्रपति ने हाईकोर्ट के 16 जजों का ट्रांसफर कर दिया है।



राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के लिए हरिनाथ नुनेपल्ली, किरणमयी मंडावा ऊर्फ किरणमयी कनापार्थी, सुमति जगदम और न्यापति विजय की नियुक्ति की है। बांबे हाईकोर्ट के लिए अभय जैनारायंजी मंत्री, श्याम छगनलाल चंडोक और नीरज प्रदीप धोटे को नियुक्त किया गया है। केरल हाई कोर्ट के लिए जॉनसन जॉन, गोपीनाथ यू गिरीश और सी प्रदीप कुमार की नियुक्ति की गई है।

दिल्ली हाईकोर्ट के लिए जिन जजों की नियुक्ति की गई है उनमें शलिंदर कौर और रविंद्र जुडेजा शामिल हैं। रविंद्र कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। केवी अरविंद को कर्नाटक हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। त्रिपुरा हाईकोर्ट के लिए जिन दो जजों की नियुक्ति की गई है उनमें बिस्वजीत पालित और सब्यसाची दत्त पुरकायस्थ शामिल हैं।


राष्ट्रपति ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस एसपी केसरवानी को कलकत्ता हाईकोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज जस्टिस राज मोहन सिंह को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, कर्नाटक हाईकोर्ट के जज जस्टिस नरेंद्र जी को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट के जज जस्टिस सुधीर सिंह को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट, मणिपुर हाईकोर्ट के जज जस्टिस एमवी मुरलीधरन को कलकत्ता हाईकोर्ट, पटना हाई कोर्ट के जज जस्टिस मधुरेश प्रसाद को कलकत्ता हाईकोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज जस्टिस अरविंद सिंह सांगवान को इलाहाबाद हाईकोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस अवनीश झींगन को राजस्थान हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज जस्टिस अरुण मोंगा को राजस्थान हाईकोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह गौहाटी हाईकोर्ट के जज जस्टिस नानी तागिया को पटना हाईकोर्ट, आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जज जस्टिस सी मानवेंद्रनाथ राय को गुजरात हाईकोर्ट, तेलंगाना हाईकोर्ट के जज जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण को राजस्थान हाईकोर्ट, तेलंगाना हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी अनुपमा चक्रवर्ती को पटना हाईकोर्ट, कलकत्ता हाईकोर्ट के जज जस्टिस लापिता बनर्जी को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जज जस्टिस दुपाला वेंकट रमना को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ट्रांसफर किया गया है।

### झारखंड कैबिनेट में अबुआ आवास योजना को मंजूरी

# बेघरों को मिलेगा आवास

### रोटी और कपड़ा के बाद अब आवास उपलब्ध होगा : मुख्यमंत्री

**केंद्र सरकार** द्वारा राज्य के गरीबों को दिए जाने वाले आठ लाख से अधिक आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत आवास विहीन गरीब लोगों के लिए आठ लाख पक्का आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण वित्तीय वर्ष 2023-24 में 02 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार एवं 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास का निर्माण किया जाएगा। 16 हजार 320 करोड़ रुपए की लागत से तीन चरणों में आवास का निर्माण होगा।



**अबुआ आवास**

अबुआ आवास योजना के अंतर्गत तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर बनाया जाएगा, जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगा। योजना अंतर्गत तीन कमरों सहित स्वच्छ रसोई घर का प्रावधान किया गया है। योग्य लाभुकों के लिए योजना के तहत आवास निर्माण के लिए सहयोग राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का प्रावधान हुआ है। साथ ही, लाभार्थी को मनरेगा अंतर्गत अपने आवास के निर्माण के लिए वर्तमान मजदूरी(समय समय पर संशोधित) दर पर अधिकतम 95 अकुशल मानव दिवस के समतुल्य आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण हेतु प्राप्त होगा।

**इनको मिलेगा लाभ**

योजना का लाभ कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवासविहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार कानूनी तौर पर रिहा किये गये बंधुआ मजदूर एवं वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण/बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना/बिरसा आवास योजना/इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो उन्हें मिलेगा। उपर्युक्त पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा में तैयार की जाएगी।



### जल सहियाओं को मिलेगा लंबित मानदेय, ग्राम गाड़ी योजना को स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार को हुई। प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना शुरू करने की स्वीकृति दी गयी। इस योजना से वैसे बेघरों को घर मिलेगा, जिन्हें पीएम आवास, भीमराव अंबेडकर आवास सहित अन्य आवास योजनाओं से आवास देने की स्वीकृति नहीं मिली या वे वंचित रह गये। तीन कमरों का आवास दिया जाए। गरीबों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

आठ लाख लोगों को उसका लाभ मिलेगा। 31 वर्ग फीट का घर तीन कमरों का बनेगा। घर बनाने के लिए सहयोग राशि दो लाख रुपए दिए जाएंगे। 2023 24 में 2023 दिवस 2024 25 में 3:30 लाख वित्तीय वर्ष 25 26 में ढाई लाख लोगों को आवास दिया जाएगा। कच्चे घरों में रहने वाले परिवार आवासीय एवं निराश्रित परिवार विशेष रूप से कमजोर जनजाति है समूह कच्चे घर में रहने वाले।

प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार को एक अंक कानूनी तौर पर रिहा किए हुए बंधुआ मजदूर। आवास योजना से आवास में मिला उसके लिए। हमको रैंकिंग के आधार पर प्रतीक्षा सूची तैयार होगी अगर ग्राम सभा के अनुमोदन से आवास मिलेगा। दिव्यांग को भी आवास मिलेगा, जिन्हें आवास नहीं मिलेगा और भी क्राइटेरिया तय हुआ है।

झारखंड राज्य के कर्मियों के पेंशन नीति में अपबंधित राशि को वित्तीय संस्थानों में निवेश किया जाएगा। 700 करोड रुपये की राशि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास बने ओडिशा के राज्यपाल

### इंद्रसेन रेड्डी को त्रिपुरा राज्यपाल की जिम्मेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बुधवार को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है। वो गणेशी लाल की जगह लेंगे। वहीं, इंद्रसेन रेड्डी को त्रिपुरा के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गयी है। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार (18 अक्टूबर) को बयान जारी कर यह जानकारी दी। रघुवर दास का जन्म 03 मई 1955 को जमशेदपुर में हुआ था। दास अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तेली परिवार से हैं। रघुवर दास झारखंड के पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री थे और पांच साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलायी। हालांकि, उन्हें 2019 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, इंद्रसेन रेड्डी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं और तीन बार विधायक रह चुके हैं। आंध्र प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष की भी कमान संभाल चुके हैं।

## एसबीआई का जीएम बताकर ठगी करनेवाले दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने एक शातिर ठग के अलावा जेवरात के खरीदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठग खुद को एसबीआई बैंक का जीएम बताकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया करता था। गिरफ्तार धुर्वा टंकी साइड निवासी शातिर ठग कपिल कुमार गुप्ता उर्फ संतोष उर्फ यश उर्फ हर्ष और हरमू निवासी रिसिवर सूरज कुमार शामिल हैं। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने का मंगलसूत्र के अलावा एक कार भी बरामद किया है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने बताया कि अरगोड़ा चौक के समीप जेडी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान में शातिर ठग पहुंचा और 57 हजार रुपए मूल्य का मंगलसूत्र खरीदा। दुकानदार को फोन पे के माध्यम से राशि ट्रांसफर करने की बात कहकर फर्जी ट्रांजेक्शन दिया।

**कार से पहुंचता था ठगी की वारदात को अंजाम देने :** पुलिस के अनुसार शातिर ठग जेवर दुकानदारों के सामने रौब झाड़ने के लिए अपने पास एक कार भी रखा है। उसी कार से वह जेवर दुकान में पहुंचता था। खुद को एसबीआई का जीएम बताकर जेवरातों की खरीदारी किया करता था। मौका मिलते ही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने यह आदेश बुधवार को जारी किया है। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पर टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को ईडी ने 24 जून को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल पर तारा चंद के जरिए वीरेंद्र राम के कालेधन को सफेद बनाकर वीरेंद्र राम के परिवार के सदस्यों के खाते में जमा करवाने का आरोप है। इसके लिए वह चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के कर्मचारियों और रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था।

### लोहरदगा में हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लोहरदगा।** अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को कुडू पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थ। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ब्लाक मैदान में दो अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। इसमें कुडू थाना के सअनि सुकू सोरेन तथा लवकुश सिंह व पुलिस जवान शामिल थे। पुलिस टीम जैसे ही ब्लाक मैदान के समीप पहुंची अंधेरे में दो युवक नजर आए। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। पुलिस अधिकारियों तथा जवानों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपितों में कुडू थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा तथा लातेहार जिले के लातेहार थाना क्षेत्र के लेधपा गांव निवासी इस्लाम अंसारी को हिरासत में लिया गया ।जांच के क्रम में एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के पास एक एक लोडेड छह राउंड का रिवाल्वर तथा इस्लाम अंसारी के पास से दो जिवित कारतुस बरामद किया गया। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के उपर कुडू थाना में छह तथा लोहरदगा सदर थाना में एक मामला दर्ज हैं। इसके अलावा खूंटी जिले के मुरहू तथा लातेहार जिले के बालुमाथ में एक मामला दर्ज है। इसके अलावा इस्लाम अंसारी पर लोहरदगा जिले के जोबांग थाना में तीन मामला दर्ज है। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।



### गुमला में दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 90 किलो गांजा बरामद

**गुमला।** पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त महिन्द्रा कार से 90 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने गुमला थाना परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्सयूवी-500 टोटो के बैंक ऑफ इंडिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन मालिक व चालक वहां से गाड़ी छोड़ कर भाग निकले। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली गई। कार से प्लास्टिक के चार बोरा में एक-एक किलो का बंडल बरामद किया गया। बंडल में गांजा था। गुमला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल भी वहां पहुंचे और गांजा व वाहन को जब्त किया गया। कुल 90 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये होगी। इस संबंध में अज्ञात वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध गुमला थाना में एक मामला दर्ज किया गया है।

### 23 आईपीएस अधिकारियों की पोस्टिंग

## कुमार गौरव बने रांची ट्रैफिक एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें 13 पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत आईपीएस अधिकारी को नयी पोस्टिंग दी गयी है। जबकि दस नवनियुक्त आईपीएस को भी पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार देर शाम अधिसूचना जारी की है।

**कौन कहां गए**

- चंदन कुमार झा : एसपी, झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, पद्मा, हजारीबाग।
- अनुरंजन किस्पोट्टा : एसपी, सीआइडी, झारखंड।
- अंबर लकड़ा : समादेष्टा, जैप-3, गोविंदपुर धनबाद।
- अंजनी कुमार झा : एसपी, एसीबी, झारखंड।
- आनंद प्रकाश : एसपी, तकनीकी सेवाएं व संचार।
- प्रभात कुमार : समादेष्टा, जैप-6, जमशेदपुर।
- एहतेशाम वकारीब : एसपी, एसीबी, झारखंड।
- आर. रामकुमार : एसपी, एससीआरबी, झारखंड।
- अमित रेणु : एसपी अभियान, नक्सल, झारखंड।
- कुमार गौरव : एसपी, यातायात, रांची।
- मुकेश कुमार लुनायत : एसपी सिटी जमशेदपुर।
- मनोज स्वर्गियारी : एसपी रेल, धनबाद।
- शुभांशु जैन : एसपी, विशेष शाखा, झारखंड।
- सरोजनी लकड़ा : एएसपी संचार से समादेष्टा जैप-2 टाटीसिल्वे।
- एमेल्डा एक्का : एएसपी एसीबी से समादेष्टा एसआइआरबी-2 खूंटी।
- सादिक अनवर रिजवी : सीनियर डीएसपी एसीबी से एसपी एसीबी।
- अरविंद कुमार सिंह : सीनियर डीएसपी मुख्यालय धनबाद से समादेष्टा जैप-5 देवघर।
- विकास कुमार पांडेय : सीनियर डीएसपी जैप-1 से एसपी सह उपनिदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग।
- विजय आशीष कुजूर : सीनियर डीएसपी जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट से एसपी सीटीसी मुसाबनी।
- अजय कुमार सिन्हा : सीनियर डीएसपी विशेष शाखा से एसपी अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची।
- सहदेव साव : सीनियर डीएसपी एसीबी से एसपी एसीबी रांची।
- अमित कुमार सिंह : सीनियर डीएसपी बड़कागांव हजारीबाग से समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी सह अग्निशमन सेवा।

मुकेश कुमार : सीनियर डीएसपी मुख्यालय बोकारो से समादेष्टा एसआइएसएफ बोकारो।

### नाबालिग आदिवासी बालिका से छह दोस्तों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**रांची।** रांची के इटकी में 15 वर्षीय नाबालिग आदिवासी लड़की का उसके छह दोस्तों ने गैंगरेप किया। इनमें पांच लड़के नाबालिग हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पांच नाबालिगों को बाल सुधार गृह और एक वयस्क आरोपी को जेल भेजा गया है। पीड़िता रांची के नगड़ी क्षेत्र की रहने वाली है। दोस्त उसे घुमाने के नाम पर पहले ट्रेन से लोहरदगा ले गए। वहां से लौटने के बाद शाम में स्कूटी से इटकी के विंधानी पतरा जंगल ले गए और वहां उसके साथ पूरी रात हैवानियत की गई। लड़की बेहोश हो गई तो सभी दोस्त उसे जगल में ही छोड़कर भाग निकले। सुबह होश आने पर पीड़िता ने खुद को अर्धनग्न अवस्था में पाया। उसने किसी तरह थाना पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना बताई। उसके बयान पर पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने के बाद आज सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## दो वर्षों में 745 नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार : एवी होमकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बुधवार को रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में बताया कि वर्ष 2022 और 2023 में सुरक्षा बलों की ओर से कुल 745 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें तीन स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य, एक रीजनल कमेटी के सदस्य, 10 जोनल कमांडर, 16 सब जोनल कमांडर और 25 एरिया कमांडर शामिल थे जबकि पुलिस मुठभेड़ में 20 नक्सली मारे गए।

चतरा जिला पुलिस के जरिये सबसे अधिक भाकपा माओवादी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। इनमें भाकपा माओवादी के 25 लाख के इनामी नक्सली सैक सदस्य गौतम पासवान, अजीत उरांव और पांच लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमर गंझू और



सब जोनल कमांडर अजय यादव (कुल 60 लाख के इनामी माओवादी एक साथ पुलिस मुठभेड़ में मारे गये) शामिल थे। इसके अलावा गुमला जिले में नक्सली सब जोनल कमांडर लाजिम अंसारी (5 लाख का इनामी) पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

वर्ष 2022-23 में 38 नक्सलियों ने पुलिस के बढ़ते दबिश एवं राज्य सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। इनमें स्पेशल एरिया कमेटी के एक सदस्य विमल यादव, रीजनल कमेटी के तीन सदस्य अमन गंझू, दुर्योधन महतो व इंदल गंझू, चार जोनल कमांडर, नौ सब जोनल कमांडर और 10 एरिया कमांडर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस दौरान में सुरक्षा बलों के जरिये नक्सलियों से लेवी के रूप में वसूले गये। 1.10 करोड़ रुपये बरामद किये गये। साथ ही अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा इस अवधि में कुल 26 नये कैंप स्थापित किये गये, जिससे इस इलाकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

उन्होंने बताया कि राज्य में क्रियाशील अन्य उग्रवादी संगठनों पर भी प्रभावी कार्रवाई की गयी है और परिणामस्वरूप पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ कुलदीप की गिरफ्तारी भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विश्व के दो प्रतिशत टॉप साइंटिस्ट्स में झारखंड के 47 प्रोफेसर को मिली जगह

## आईआईटी-आईएसएम के प्रोफेसर हैं शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व के दो प्रतिशत टॉप साइंटिस्ट्स की ताजा लिस्ट में झारखंड के अलग-अलग संस्थानों के 47 प्रोफेसर ने जगह बनाई है। अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी हर साल यह लिस्ट जारी करती है, जिसमें विज्ञान और तकनीक में शोध और अध्यापन से जुड़े वैज्ञानिकों का चयन उनकी गतिविधियों- उपलब्धियों, इनोवेशन, खोज और इंटरनेशनल जर्नल्स में प्रकाशित उनके पेपर्स के आधार पर किया जाता है।

हाल में जारी इस लिस्ट में झारखंड से सबसे ज्यादा धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के 24 प्रोफेसर को जगह मिली है। इनमें प्रो. अजय मंडल, प्रो. हिमांशु गुप्ता, प्रो. सुबोध कुमार मैती, प्रो. सुमन दत्ता, प्रो. विनीत कुमार राय, प्रो. शरत कुमार दास, प्रो. सागर पाल, प्रो. सुख रंजन समादार, प्रो. महेन्द्र यादव, प्रो. गुरदीप सिंह, प्रो. गौरीशंकर सेठ, प्रो. वी मुखर्जी, प्रो. प्रशांत के जेना, प्रो. सुमांता कुमार साहू, प्रो. अमित राय दीक्षित, प्रो. वरुण कुमार नंदी, प्रो. अमरेश चट्टोपाध्याय, प्रो. ताराचंद अमगोथ, प्रो. राघवेंद्र कुमार चौधरी, प्रो. एसके घोष, प्रो. विप्लव भट्टाचार्य, प्रो. केके सिंह, प्रो. मोहम्मद अमीन, प्रो. संजीव रघुवंशी शामिल हैं।



इसी तरह रांची स्थित बीआईटी मेसरा के 14 प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर को इस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राजस्व कर्मचारी को एसीबी ने घूस लेते किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू एसीबी की टीम ने एक बार फिर प्रमंडलीय क्षेत्र में कार्रवाई की है। एसीबी ने रिश्वत लेने के आरोप में एक राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी से टीम पूछताछ कर रही है। राजस्व कर्मचारी सचिन गुप्ता पलामू के हुसैनाबाद में तैनात हैं। दरअसल हुसैनाबाद के रहने वाले राजेश तिवारी ने जमीन म्यूटेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया था। जमीन के म्यूटेशन के लिए राजस्व कर्मचारी राजेश तिवारी से रिश्वत मांग रहे थे। राजेश जमीन के म्यूटेशन को लेकर काफी परेशान थे। परेशान हो कर श्री तिवारी ने मामले की शिकायत एसीबी से की थी। एसीबी ने मामले में पहले सत्यापन किया। सत्यापन में मामला सही पाने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

न्यूजीलैंड - 288/6 (50 ओवर)

अफगानिस्तान - 139/10 (34.4 ओवर)

**आज का मैच**

भारत बनाम बांग्लादेश — पुणे (2 बजे से)

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री व कल्पना सोरेन से जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 2 नवंबर से 6 नवंबर 2023 तक मोरहाबादी स्थित आर्मी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला-2023 की तैयारियों से अवगत कराया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने जेसोवा दीवाली मेला-2023 के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बतौर मुख्य अतिथि एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह, उपाध्यक्ष नमिता सिंह एवं प्रीति कुमार, सचिव श्रीमती मनु झा, सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी, रंजना कुमार उपस्थित थीं।

### भाभा नगर में हुई मौत के मामले में हत्या की दर्ज हुई प्राथमिकी

**रांची।** कोकर भाभानगर स्थित किराए के मकान में रहने वाले अमित कुमार की पांच दिन पहले हुई मौत के मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरिडीह निवासी पिता मनोज कुमार ने सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पिता ने पुलिस को दिए गए बयान में दावा किया है कि उनका पुत्र अमित आत्महत्या नहीं कर सकता है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पुत्र की पीटकर मार डाला गया। इसके बाद उसका शव किराए के मकान के कमरे में फंदे से लटका दिया गया है। पिता ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र अमित और पुत्री पांच अक्तूबर से भाभा नगर में किराए के मकान में रह रहे थे। 13 अक्तूबर को उनकी पुत्री कोचिंग के लिए गयी हुई थी। इस दौरान उनके पुत का दोस्त अजित मंडल पहुंचा। दोनों ने कैरम भी खेला। इसके बाद अजित वापस अपने कमरे में चला गया। इसके बाद शाम में अमित कुछ सामान खरीदने के लिए बाजार गया था।

### एप डाउनलोड करते हुए खाते से निकल गए 1.10 लाख

**रांची।** कोकर अयोध्यापुरी निवासी दीपेश कुमार से साइबर ठगों ने एप डाउनलोड करा कर उनके खाते से 1.10 लाख की अवैध निकासी कर ली। इस संबंध में दीपेश ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दीपेश की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सोमवार को उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड के लिए एक व्यक्ति ने फोन किया। कहा कि क्रेडिट कार्ड से 2499 रुपए कट जाएगा। अगर राशि नहीं कटे तो आपको एक आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड एप को इंस्टॉल करने की सलाह दी और लिंक भी भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक को ओपेन किया, उनके खाते से कुछ ही देर में 1.10 लाख की अवैध निकासी हो गयी। इसके बाद वह सीधे सदर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### केस उठाने और तीन लाख रंगदारी मांगने का आरोप, तीन पर केस

**रांची।** खेलगांव थाना क्षेत्र के रहने वाले मधुरेश कुमार सिंह ने अजय कुमार सिंह, जय प्रकाश कुमार सिंह समेत एक अन्य पर तीन लाख रुपए रंगदारी मांगने और केस उठाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मधुरेश ने खेलगांव थाने में तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। मधुरेश की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 13 अक्तूबर की शाम अजय, जय प्रकाश व एक अन्य युवक उन्हें घर से बुलाया। धमकी दी कि व्यवहार न्यायालय में दर्ज किए गए केस उठा लें, अन्यथा उन्हें जान से मार दिया जाएगा। साथ ही मुहल्ले में रहने के एवज में तीन लाख रुपए की रंगदारी देनी होगी। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हे गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की। पूरी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### स्कूटी चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** कोतवाली थाने की पुलिस ने चोरी की स्कूटी बेचने पहुंचे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मो सायबान आलम है और वह पहाड़ीटोला का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि अरगोड़ा से अपर बाजार की ओर एक युवक चोरी की स्कूटी बेचने के लिए जा रहा है। थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम ने हरमू पुल के पास चेकिंग अभियान चलायी।

# दुर्गा पूजा को लेकर फायर बिग्रेड अलर्ट

**रांची।** दुर्गा पूजा सुरक्षित सपन्न हो शानदार बीते ,आमलोगों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो इसे लेकर सभी विभागों ने अपनी अपनी तैयारियां की है. खासकर अग्निशमन विभाग ने तो दुर्गा पूजा के लिए विशेष तैयारी की है ताकि आग जैसी किसी भी आपात स्थिति में लोगो की सुरक्षा की जा सके। पूरे झारखण्ड में दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। झारखंड के प्रमुख शहरों के साथ-साथ दूसरे शहरों में भी दमकल के वाहनों की तैनाती की गई है। खासकर जिन शहरों में काफी भव्य पंडालों का निर्माण हुआ है। वहां दमकल वाहनों के अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी तैयार रखा गया है।राजधानी के चार फायर स्टेशनों के अलावा छह प्रमुख जगहों दमकल वाहन भेजे गए हैं, जो हर समय पूरी तरह तैयारी की स्थिति में खड़ी होगी। आग बुझाने के लिए फोम और अन्य संसाधनों का भी इंतजाम विभाग की ओर से किया गया है।

जय पुर से मंगवाए गए छोटे दमकल

इस बार के दुर्गा पूजा में सबसे विशेष बात यह है कि अग्निशमन विभाग की ओर से 50 से अधिक छोटे दमकल जयपुर से बनवाकर मंगवाए गए है। इन वाहनों की खासियत है कि यह संकरी गलियों में भी आसानी के साथ प्रवेश कर जाएंगे। दमकल के बड़े वाहन आग लगने की स्थिति में संकरी गलियों में प्रवेश नहीं कर पाते हैं वैसी स्थिति में यह छोटे दमकल वाहन बड़े काम के साबित होंगे।

**दमकल कर्मियों की छुट्टियां रद्द :** दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन मुख्यालय की ओर से सभी फायर स्टेशनों को 24 घंटे तैयार रहने का निर्देश दिया गया है।डीजी अग्निशमन अनिल पालटा ने बताया कि विभाग हर इमरजेंसी की स्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन विभाग में कार्यरत सभी कर्मियों और अफसर की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। अग्निशमन विभाग के कर्मी 24 घंटे अलर्ट पर रहेंगे।अग्निमशन विभाग के पास रांची में एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म दमकल, एक झाग वाला दमकल वाहन, 30 छोटा फायर ब्रिगेड वाहन समेत कुल 20 दमकल हैं , जिनका उपयोग आपातकालीन स्थिति में किया जाएगा।

पूजा समितियों को जारी किया गया निर्देश

डीजी अग्निशमन अनिल पालटा ने बताया कि 134 से ज्यादा अग्निशमन वाहन राज्यभर में तैनात किए गए।

# नवरात्रि के अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन करेगा श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमड्डआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। संस्था के सदस्यों की एक बैठक आज मंगलवार 18 अक्टूबर 2023 को संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड मे हुई और सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ की शारदीय नवरात्रि एव दुर्गा पूजा के अवसर पर संस्था के पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे 22 अक्टूबर 2023 शारदीय नवरात्रि अष्टमी के सुअवसर पर 251 कुंवारी कन्याओं का पूजन संस्था के द्वारा सामुहिक रूप से समाज के सहयोग से किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने संस्था के सदस्यों के सुझाव को सहर्ष ही स्वीकार कर कन्या पूजन के इस महान कार्य को करने की अपनी अनुमति प्रदान की। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम संस्था के द्वारा प्रत्येक वर्ष हो रहा है।सभी 251 कन्याओ को पूजन एव भोजन के पश्चात संस्था के सदस्यों द्वारा उपहार स्वरूप नये वस्त्र, पढाई करने के समान स्कूल बैग,कापी पेन्सिल, पेन्सिल बाक्स, टिफिन बाक्स, वाटर बोतल, कलर पेन्सिल,स्टोमन बाक्स और भी पढाई के समान, एक फल, भेट स्वरूप कुछ राशी दी जायेगी।

# लायंस क्लब ऑफ रांची ने छात्र-छात्राओं के बीच पीस पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लायंस क्लब ऑफ रांची के द्वारा वन मल्टीपल वन एक्टिविटी के अंतर्गत डीपीएस. स्कूल परिसर एवं लायंस हाल रांची क्लब काम्प्लेक्स में कैराली स्कूल धुर्वा के लगभग 100 छात्र, छात्राओं के बीच पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को एक विषय दिया जाता हैं। उसी विषय पर बच्चे पेंटिंग कर अपने अपने अनुभव, विचार प्रस्तुत करते हैं। पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन इस प्रतियोगिता के चेयरमैन लायन मनीष गाडोदिया के मार्गदर्शन में बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व जिलापाल लायन वीके. गढ़यान, क्लब सचिव लायन पूनम निगम सहाय, लायन अमित सेन, डॉ प्रो हरविंदर सिंह, अरुण सिंह, तरुण अग्रवाल, दिलिप बंका, अजय कुमार,डॉ प्रदीप कुमार, लायन लेडी सावेन्दू कुमारी एवं चेयरमैन लायन मनीष गाडोदिया सहित बड़ी संख्या में लायन मेंबर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लायंस क्लब ऑफ रांची के द्वारा डी. पी. एस. एवं कैराली स्कूल के प्रिंसिपल, अध्यापको एवं छात्र, छात्राओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग करने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

# भव्य पंडालों तक सुगमता से पहुंचना है तो जान लें राजधानी का ट्रैफिक प्लान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा का उत्साह चरम पर है। भव्य पंडालों में विराजी मां दुर्गा के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग घरों से बाहर निकलेंगे ,ऐसे में रांची ट्रैफिक पुलिस के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया गया है। 20 अक्टूबर के सुबह 8:00 बजे से लेकर 24 अक्टूबर की सुबह 8:00 बजे तक राजधानी में शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।

**अलर्ट पर ट्रैफिक पुलिस**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर बेहद उत्साह है, दो दर्जन से ज्यादा भव्य पंडालों का निर्माण इस बार रांची में किया गया है ,जिनमें माता दुर्गा विराजमान की गई है ।ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और भव्य पंडालों को देखने के लिए घरों से निकलेंगे।रांची पुलिस भी आम लोगों को पंडाल भ्रमण में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए विशेष इंतजाम कर रही है। खासकर ट्रैफिक को लेकर बेहतरीन उपाय रांची में किए जा रहे हैं। ऐसे में अगर आपको राजधानी के प्रमुख पूजा पंडालों तक आसानी से पहुंचना है तो आपके लिए पुलिस में जो रूट मैप तैयार किया है अगर आप उसका पालन करते हैं तो बेहद सुविधाजनक रूप से आप सभी पंडालों का भ्रमण कर सकते हैं।

**षष्ठी से ही बदल जायेगा ट्रैफिक रुट**

दुर्गा पूजा और शहर में जाम की स्थिति से निपटने के लिए शहर में वाहनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। 20 अक्टूबर से विजया दशमी तक भारी वाहन परिवर्तित मार्ग से चलेंगे। 20 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर तक सुबह आठ बजे से दूसरे दिन प्रातः चार बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। भारी वाहनों पर नियंत्रण रखने के लिए शहर के बाहर चेक पोस्ट बनाए गए हैं।वही पूजा के दौरान निजी एवं यात्री वाहनों के लिए भी निर्देश जारी किया गया है। प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता के अनुसार 20 अक्टूबर से शाम चार बजे से दूसरे दिन सुबह चार बजे तक निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन पर रोक रहेगी।दिन में वाहन चल सकती है।इसके साथ ही ऑटो रिक्सा, ई-रिक्शा के मार्ग भी निर्धारित किये गये हैं। पूजा के दौरान शहर में पांच स्थानों सैनिक मार्केट, न्यू मार्केट, जाकिर हुसैन पार्क, रामगढ़ ट्रेकर स्टैंड, जिला स्कूल परिसर में अस्थायी पार्किंग की सुविधा होगी। वहीं, शहर के प्रमुख स्थानों पर ड्रॉप गेट भी बनाये गये है।

**निजी एवं यात्री वाहनों के परिचालन की इस प्रकार होगी व्यवस्था :** सभी प्रकार के निजी वाहनों, ऑटो, ई रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, सुजाता चौक तक वर्जित रहेगा। ओभरब्रिज की ओर से मेन रोड आने वाले वाहन सैनिक मार्केट जीईएल चर्च कम्प्लेक्स तक ही आ सकेगी।

-सभी प्रकार के वाहन मिनीडोर, व्यवसायिक एवं यात्री वाहन, धुर्वा, बिरसा चौक, डोरंडा, सुजाता चौक, मुंडा चौक, बहुबाजार, कांटाटोली चौक, लालपुर, होते हुये कचहरी चौक तक परिचालन कर करेगा। वापसी में ऐसे वाहन लालपुर चौक, कांटाटोली चौक, बहुबाजार, सुजाता चौक तथा राजेंद्र चौक होते हुये धुर्वा तक जायेगी। पिस्का मोड़ से रातू रोड चौराहा की ओर जाने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुये किशोरगंज चौक तक तथा वहां हरमू चौक की ओर परिचालन होगी। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहन किशोरगंज चौक से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जायेगी। हरमू वाईपास रोड से पिस्का मोड़ की ओर जाने वाली छोटी चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय से पीपर टोली होते हुये पिस्का मोड़ की तरफ जायेगी। कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियां जाकिर हुसैन पार्क , रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक , लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियां जेपीएससी कार्यालय, लालपुर चौक से आने वाली छोटी गाड़ियां जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातू से अलबर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियां लाइन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पडाव तक, लालपुर थाना की ओर से अलबर्ट एक्का चौक की ओर आने वाली गाड़ियां मिशन चौक तक ही आ सकती है।

### सिंगपुर नर्सिंग होम में कैथलैब का हुआ उद्घाटन

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर नर्सिंग होम में कैथलैब का उद्घाटन स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो एवं गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक ने कहा कि कैथलैब का नर्सिंग होम में स्थापित होने से स्थानीय तथा आसपास क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी एवं यह कैथलैब इस क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। रोगियों को स्वास्थ्य के लिए अब क्षेत्र से बाहर इलाज के लिए दौड़ना नहीं पड़ेगा। गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि इस कैथलैब से दूरवर्ती लोगों को काफी मदद मिलेगी।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

57वीं औपबंधिक सूची

जिला :– राँची

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–518/23<br>2. आवेदक–विपिन खलखो<br>3. पिता–स्व0 मंगरा उराँव<br>4. ग्राम–तिलता पोस्ट–कमड़े<br>5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू<br>6. लिंग–पुरूष आयु– 60वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में टीके का निशान। | अनु0 दण्डा0 राँची सदर वाद सं0 एम0–327/93 | नहीं | कारणः–दिनांक–13.03.1993 को सर्वदलीय झारखण्ड राज्य संघर्ष समिति के आह्वान पर झारखण्ड बंदी के अवसर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107 द0प्र0स0<br>पार्टी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–30 दिन। | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0– 36/23<br>2. आवेदक–सुधीर मुण्डू<br>3. पिता–स्व0 जयमंगल मुण्डू<br>4. ग्राम–चुनवा टोली, खादगढ़ा, पोस्ट–जी0पी0ओ0<br>5. थाना–लोअर बाजार प्रखण्ड–सदर, राँची<br>6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–चेहरे में तिल का निशान। | मुफस्सिल थाना काण्ड सं0 60/91<br>जी0आर सं0–304/91 | नहीं | कारणः–दिनांक–08.05.1991 को आजसू पार्टी के सदस्यों द्वारा सरकारी कार्यो में बाधा डालकर चंदा मांगने का आरोप।<br>धारा–384/353 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–आजसू<br>जेल की अवधि–01 माह 14 दिन। | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–85/23<br>2. आवेदक–कमलेष महतो उर्फ कामेष्वर सिंह<br>3. पिता–स्व0 राघु महतो उर्फ राधानाथ सिंह<br>4. ग्राम–ब्राहमणडीह, पोस्ट–सिल्ली<br>5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | झालदा थाना काण्ड सं0 08/88<br>जी0आर सं0–661/88 | नहीं | कारणः–दिनांक–20.05.1988 को झारखण्ड अलग राज्य हेतु झामुमो0 समर्थकों द्वारा विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>धारा–147, 148, 149 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–झामुमो<br>जेल की अवधि–01 दिन। | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–530/23<br>2. आवेदक–अनिल कुमार श्रीवास्तव<br>3. पिता–स्व0 राम गोविन्द लाल<br>4. ग्राम–आदर्श नगर पोस्ट–धुर्वा<br>5. थाना–धुर्वा प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | डोरण्डा थाना काण्ड सं0–27/2000<br>जी0आर0 सं0–240/2000 | नहीं | कारणः– दिनांक–03.02.2000 को राँची हवाई अड्डे पर केन्द्र सरकार के मंत्रियों के समक्ष झारखण्ड अलग राज्य वादा खिलाफी में विरोध प्रदर्शन करने का आरोप<br>धारा–147/148/341 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–कांग्रेस<br>जेल की अवधि–02 दिन। | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–521/23<br>2. आवेदक–ललित कुमार महतो पिता–उपेन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–रायडीह पोस्ट–तमाड़<br>4. थाना–तमाड प्रखण्ड–तमाड़<br>5. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>6. पहचान चिन्ह–बॉये ऑख के बगल में कटे का निशान। | तमाड़ थाना काण्ड सं0–89/90<br>जी0आर0 सं0–596/90<br>तमाड़ थाना काण्ड सं0–66/98<br>जी0आर0 सं0–398/90 | नहीं | कारणः–दिनांक 16.11.1990 को अभियुक्त द्वारा आजसू के स्थानीय नेता बताते हुए, आजसू की रैली में जप्त गाड़ी को थाने से छुडाने के लिए दवाब डालने का आरोप ।<br>धारा–353/323 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम–आजसू<br>जेल की अवधि–12 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–85/23<br>2. आवेदक–षषिभूषण राय<br>3. पिता–स्व0 प्रहलाद राय<br>4. ग्राम–अमरावती कॉलोनी पोस्ट–चुटिया<br>5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर<br>पार्टी का नाम–कांग्रेस | 2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–31/23<br>2. आवेदक–परवेज आलम<br>3. पिता–मो0 कलाम अंसारी<br>4. ग्राम–पुन्दाग पोस्ट–पुन्दाग<br>5. थाना–जगन्नाथपुर प्रखण्ड–राँची सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः– दिनांक–04.02.2000 को प्रभात खबर में प्रकाषित झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर<br>पार्टी का नाम–कांग्रेस | 2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–523/23<br>2. आवेदक–मित्रदेव सिंह<br>3. पिता–स्व0 हीरा सिंह<br>4. ग्राम–सांगा पोस्ट–मालश्रिंग<br>5. थाना–पिठोरिया प्रखण्ड–कांके<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1992 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–525/23<br>2. आवेदक–ष्याम सुन्दर पाहन<br>3. पिता–स्व0 बलकु पाहन<br>4. ग्राम–परहेपाट पोस्ट–पुरियो<br>5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारणः–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1994 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–1810<br>2. आवेदक–रहीमा खातून पति–मो0 वसीर<br>3. ग्राम–खलारी बाजार टांड पोस्ट–खलारी<br>4. थाना–मैकलुस्कीगंज प्रखण्ड–खलारी<br>5. लिंग–महिला आयु–59 वर्ष<br>6. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में दो टीका का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1989, 1990, 1991 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–524/23<br>2. आवेदक–मो0 बसीर पिता–स्व0 अब्दुल शकुर<br>3. ग्राम–खलारी, बाजार टांड पोस्ट–खलारी<br>4. थाना–मैकलुस्कीगंज प्रखण्ड–खलारी<br>5. लिंग–पुरूष आयु–69 वर्ष<br>6. पहचान चिन्ह–दाहिने अंगूली में कटा का निशान। | नहीं | नहीं | कारणः–राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित वर्ष 1989, 1990, 1991 का आजसू पार्टी से संबंधित बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 309488 Home (23-24)_D

## फिलिस्तीन हो रही लड़ाई को लेकर मुफ्ती अजहर कासमी ने कहा-

# भारत के राष्ट्रपति को दोनों देशों के बीच जंगबन्दी के लिए मध्यस्थता की पहल करनी चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुस्लिम मजलिस उलेमा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि मौजूदा हालात से दुनिया चिंतित है। शासक वर्ग दर्शक बन गया है, और फिलिस्तीनी लोगों को मरने पर असहाय छोड़ दिया है। दुनिया के सामने तीसरे युद्ध के हालात पैदा करने के लिए सिहूनी शक्तियों ने अपने हथियार का रुख निर्दोष फि लिस्तीनी लोगों की ओर बढ़ा दिए हैं। गाजा पट्टी में दिन-रात इजरायली मिसाइलों ने हजारों लोगों की जान ले ली है। इजराइली सेना युद्ध के नैतिक नियमों की परवाह न करते हुए दिन-रात अस्पतालों, स्कूलों और आम आवाम के घरों पर रॉकेट और मिसाइलें बरसा रही है। क्रूरता और दण्डमुक्ति जारी है। संयुक्त राष्ट्र शुतुरमुर्ग की तरह रेत में अपना सिर छुपा रहा है, यह सोचकर कि हम दुनिया के लोगों की रक्षा करने की सबसे अच्छी ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं, ये उनका भ्रम है। इजराइल ने गाजा में रहने वाले लाखों लोगों की दवा, पानी, बिजली और दैनिक जरूरतों पर प्रतिबंध लगा दिया है। दूसरे शब्दों में कहें तो गाजा पट्टी निवासी को भूखे-प्यासे और जानवरों से भी बदतर समझकर उन्हें मारने पर उतर आये हैं। यदि दुनिया के शासक इसी तरह तमाशबीन बने रहेंगे और दोनों के बीच युद्धविराम और सुलह की भूमिका नहीं निभाएंगे तो दुनिया तीसरे युद्ध की ओर धकेल दी जाएगी। और लाखों लोगों को मौत की सजा दी जाएगी। दुनिया ने पहला और दूसरा विश्व युद्ध देखा है। इतिहासकार इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि यदि मनुष्यों के बीच न्याय न हो तो यह सारा संसार नर्क बन जायेगा। जहां जानवरों के लिए भी सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। दुनिया की वैश्विक शक्तियां अपने हथियारों की खरीद-फरोख्त के लिए ऐसे युद्ध का कारण बनाती हैं। फिर वे दरवाजे के पीछे बैठकर अपनी दुकान चमकाने लगते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो हर देश महाशक्ति बनने का सपना देखने लगता है और अनगिनत खतरनाक हथियारों की आपूर्ति कर मोटा पैसा कमाने के लिए उत्साहित हो जाता है। ऐसे में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और भारत ने हमेशा दबे-कुचले, कमजोर, बेसहारा और असहाय लोगों का साथ दिया है।

### महाधिवक्ता का परिचय देकर 50 हजार रुपए की अस्पताल से धोखाधड़ी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के महाधिवक्ता राजीव रंजन का परिचय देकर एडीएलएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर से 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली है। इस संबंध में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने उदित मिश्रा के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अशोक नगर के रहने वाले महाधिवक्ता की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि आरोपी उदित मिश्रा ने उनकी बिना सहमति के उनका परिचय देकर एडीएलएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान आरोपी ने सेंटर से 50 हजार रुपए भी ले लिया। जिसकी जानकारी उन्हें मंगलवार को हुई है। उदित ने कार्य शुरू करने से पहले बायोडाटा में उनके घर का पता और ई मेल एड्रेस भी सेंटर में जमा किया है। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गागर में सागर

### रांची में रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर रोक



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत आदेश पारित किया गया है। इसके अनुसार रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर पूर्णतः रोक रहेगी। आपातकालीन स्थिति को छोड़कर किसी अन्य स्थिति में रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर पर मनाही रहेगी। साथ ही अस्पतालों के 100 मीटर के दायरे में अवस्थित क्षेत्र मौन क्षेत्र होंगे। इस संबंध में मंगलवार रात जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर दी।

### दुर्गा पूजा पर ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया नंबर

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट की ओर से ध्वनि प्रदूषण को रोकने के संबंध में जरूरी आदेश का पालन कराने में रांची जिला प्रशासन सुनिश्चित कराने में जुट गया है। इस संबंध में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसमें लोगों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के फोन नम्बर सार्वजनिक रूप से निर्गत करने का आदेश पारित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत पदाधिकारियों को उनके विभागीय दूरभाष पर या लिखित शिकायत दर्ज करा सकता है। जिला प्रशासन के स्तर से रांची जिला क्षेत्र 47 पुलिस थाने का नंबर जारी किया गया है। साथ रांची और बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी का भी नंबर दिया गया है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में लोकनाद कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बीके बिरला ऑडिटोरियम में लोकनाद-पीपुल्स वॉयस द्वारा प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति से उपस्थित छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। लोकनाद के दो कलाकारों चारुल भारवाडा और विनय महाजन ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कई गीत प्रस्तुत किए। यह प्रस्तुति अत्यंत मार्मिक व प्रभावशाली थी, जिससे दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। उनके गीत बाल श्रम उन्मूलन, विविधता का उत्सव और अन्य प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों पर आधारित थे। जिंदगी के गीत, धरती का नमक, हमलोग, जैसे गीतों ने दर्शकों के दिल को छू लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय में आने और अपने प्रेरणादायक गीतों से बच्चों को प्रेरित करने के लिए लोकनाद के कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने भी कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके गीतों के माध्यम से दिए गए मजबूत संदेशों को समझने और उन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को खाना बर्बाद न करने और कृतज्ञता का भाव रखने का सुझाव दिया।

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पंडाल सजकर तैयार, आज खुलेगा पंडाल का पट

**रांची।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि सनातन धर्म और देशभक्त थीम पर बने चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल सजधज कर पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पूजा पंडाल में भक्तों देवलोक का दर्शन करेंगे। वे बुधवार शाम अल्बर्ट एक्का चौक के समीप संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने रांची शहर वासियों को पूजा पंडाल के दर्शन करने के लिए आग्रह के साथ आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का पट का अनावरण नवरात्र के पंचमी तिथि को 19 अक्टूबर दिन गुरुवार संध्या 6:00 किया जाना है। पूजा पंडाल के पट अनावरण के बाद दिल्ली से आए कलाकारों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का नाट्य मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व मेयर आशा लकड़ा सहित अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में संरक्षक विनय सिंह, मिंटू चौबे, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, सह सचिव ओम वर्मा, विक्की वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति का पंडाल है प्रेरणादायी

# मातृशक्ति को समर्पित है पंडाल, मां है तो सृष्टि है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति ने इस वर्ष पंडाल का थीम बहुत ही अलग और प्रेरणादायी रखा है। पूरे पंडाल को मातृशक्ति को समर्पित किया गया है। मां ही जननी है, सृष्टि का आधार है, इसे बहुत ही कलात्मक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय ने बताया कि मां को यहां सृष्टि के प्रतीक के तौर पर दर्शाने की कोशिश की गयी है। पंडाल में सबसे आगे मां का पैर है, उसके ऊपर गर्भ है उसमें एक शिशु को दर्शाया गया है। नीचे तुलसी का पेड़ है, इसके माध्यम से यह बताया गया है कि मां हमारे लिए पूजनीय है। इसके आगे रक्तबीच राक्षस है जिसके हाथों में डीएनएन की लड़ियां हैं साथ ही पंडाल के दोनों ओर भी डीएनए की लड़ियां और गर्भनाल प्रदर्शित की गई हैं। इसके माध्यम से यह बताने की कोशिश की गई है कि संसार की रक्षा के लिए रक्तबीज का बध जरूरी है और रक्तबीज का बध भी मां ने ही किया था। मुनचुन राय ने बताया कि आज के परिवेश में जिस प्रकार से हमारी बेटियों के साथ भेदभाव हो रहा है, उनके साथ अपराध की घटनाएं हो रही हैं, इसको देखते हुए पंडाल के थीम की परिकल्पना की गई है। समाज के निर्माण में बेटियों का अहम रोल है, एक मां के रूप में वह बच्चे को जन्म देकर न सिर्फ उसका लालन-पालन करती है, बल्कि एक अच्छा नागरिक बने इसका प्रयास भी करती है। रक्तबीज राक्षस के पीछे चक्र दिखाया गया है जो समय है, अगर मातृशक्ति नहीं बची तो पूरा संसार हड्डी और विरान में तब्दील हो जाएगा। सृष्टि का अंत तय है। इसलिए बेटियां बचेंगी तो ही संसार का चक्र आगे चलेगा। अन्यथा संसार हड्डी का ढेर बन कर रह जाएगा। पंडाल के अंत में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है जो मां भारती की प्रतीक के तौर पर प्रदर्शित की गई हैं। मुनचुन राय ने बताया कि शाम में पूरे दृश्य को लाइट के स्पेशल इफेक्ट के जरिए दिखाया जाएगा। हमारा प्रयास है कि समाज में यह संदेश जाय कि बेटियां हैं तो संसार है, सृष्टि है वर्ना पूरी दुनिया विरान हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 35 फीट है और लंबाई 40 फीट है जबकि मूर्ति 14 फीट की है, वहीं पंडाल के निर्माण में लगभग 35-37 लाख का खर्च आया है। बताया कि 25 अधिक कारीगर पिछले दो महीने से लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। समिति के स्वयंसेवक पूरी मुस्तैदी से आने-जाने वालों पर नजर रखेंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए निकास द्वार महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग-अलग बनाया जा रहा है।

**विशेष आकर्षण-** लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है, पूरे परिसर के साथ ही आगे सभी गेट पर बड़े-बड़े लाइटस लगाए जाएंगे, वहीं पंडाल के पीछे भी लाइट की व्यवस्था की जा रही है, जहां बच्चों के लिए झूला और मेला लगाया जाएगा।

## बेहतर पंडाल बनाने वाले पूजा समिति होंगे सम्मानित



**रांची।** नवरात्रि को लेकर मां का दरबार पूरी तरह से सज चुका है। राजधानी रांची में बुधवार से पूजा पंडाल आम श्रद्धालुओं के लिए खुलने शुरू हो गये हैं। इन सब के बीच इस बार सबसे खास बात यह है कि इन पूजा पंडालों के बीच नगर निगम स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता करा रही है, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पहली बार नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 25000 रुपया, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15000 रुपया और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10000 रुपया विजेता पूजा पंडाल को प्रदान किया जाएगा। स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2023 में जीतने के लिए पूजा समितियों को 200 अंकों की परीक्षा देनी होगी। जिसके आधार पर उनका चयन किया जाएगा। परीक्षा का तात्पर्य यह है कि पूजा पंडाल परिसर में नगर निगम द्वारा निर्धारित 14 अलग-अलग बिंदुओं पर अंक प्राप्त करने के लिए उन्हें व्यवस्थाएं करनी होगी। नगर निगम ने इसके लिए नगर प्रशासक रजनीश कुमार के नेतृत्व में एक चयन समिति बनाई है, जो रांची नगर निगम क्षेत्र के 157 पूजा पंडालों का निरीक्षण कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की घोषणा करेगी। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन के अनुसार पहली बार नकद राशि के साथ पूजा पंडालों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने की कोशिश होगी।

## दुर्गोत्सव पर मौसम मेहरबान, सर्दी का होने लगा अनुभव





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इस साल दुर्गोत्सव पर मौसम भी मेहरबान है। शाम ढलते ही सर्दी का एहसास होने लगा है। पंचमी यानी 19 अक्टूबर से ही ज्यादातर पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। लिहाजा, रात के वक्त बच्चों के साथ पंडाल परिक्रमा और मेला देखने की तैयारी कर रहे लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस बार विजयादशमी तक न्यूनतम पारा 16 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। ऐसे में पूरी तैयारी के साथ ही घर से बाहर निकलना बेहतर होगा। मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक पंचमी से ही कई शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। सबसे पहले उन चार प्रमुख शहरों की बात कर लेते हैं, जहां भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन होता है।पंचमी यानी 19 अक्टूबर के दिन रांची में न्यूनतम पारा 18 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 21 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 19 डिग्री सेल्सियस और धनबाद में 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। हालांकि, 19 अक्टूबर को रामगढ़ में न्यूनतम पारा 16 डिग्री सेल्सियस और गुमला में 17 डिग्री तक जा सकता है। षष्ठी यानी 20 अक्टूबर को राजधानी रांची का न्यूनतम पारा 17 डिग्री, जमशेदपुर का 20 डिग्री, बोकारो का 18 डिग्री और धनबाद का 18 डिग्री रिकॉर्ड होने का अनुमान है। इस दिन भी रामगढ़ में न्यूनतम 16 डिग्री, गुमला में 17 डिग्री और सिमडेगा में 17 डिग्री तापमान हो सकता है। सप्तमी यानी 21 अक्टूबर को राजधानी का न्यूनतम पारा 17 डिग्री तक बना रहेगा। वहीं जमशेदपुर में 20 डिग्री, बोकारो में 18 डिग्री और धनबाद में भी 18 डिग्री तक रहने का अनुमान है। इस दिन देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, गढ़वा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़ और गुमला में रांची वाली स्थिति यानी 17 डिग्री तक पारा जा सकता है। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि कैसे ठंड का असर अलग-अलग जिलों तक फैल रहा है। ठंड से बचाव का कर लें इंतजामः अष्टमी यानी 22 अक्टूबर को रांची में 16 डिग्री तक न्यूनतम तापमान जाने की उम्मीद है। इस दिन रांची के पूजा पंडालों में देवी के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। लिहाजा, ठंड से बचाव का उपाय करना बेहतर रहेगा। जबकि जमशेदपुर में न्यूनतम पारा 21 डिग्री तक जा सकता है। वहीं बोकारो में पिछले दिन की तरह 18 डिग्री और धनबाद में भी 18 डिग्री तक ही न्यूनतम पारा रह सकता है। इस दिन रांची की तरह लोहरदगा, पलामू और गुमला का न्यूनतम पारा 16 डिग्री तक जा सकता है।

### पंचमी को अधिकतर पूजा पंडालों के खुलेंगे पट लगेगी श्रद्धा की कतार

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा पंडाल समिति पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। पंचमी को अधिकतर पूजा पंडाल के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इनमें राजस्थान मित्र मंडल अपर बाजार, रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति,आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड और चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति शामिल है। सभी पंडालों के पट पंचमी (19 अक्टूबर ) को खोल दिये जायेंगे। श्रद्धालु पंडाल का और माता का दर्शन कर सकेंगे। छोटानागपुर का ऐतिहासिक रातू किला दुगार्पूजा को लेकर पूरी तरह से सज धज कर तैयार है। आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ-साथ भव्य किला का अवलोकन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। रातू किला में मां दुर्गा का दर्शन महासप्तमी से लेकर विजयादशमी के विसर्जन तक किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु रातू किला का भी भ्रमण करते हैं। महाअष्टमी के दिन संधि पूजा को लेकर दिन के एक बजे से शाम के 6.30 बजे तक किला का दरवाजा बंद रहेगा।

## वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्राफी - 2023 के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक

# हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्राफी - 2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव, वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ आलोक एवं प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर गठित कोर टीम के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कोर टीम के नोडल पदधिकारियों के साथ उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उपायुक्त ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की एवं उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक, आईटी, सिक्यूरिटी/लॉ एंड ऑर्डर मेनटेनेंस, ट्रैफिक सिक्यूरिटी, मेडिकल टीम, मीडिया एंड पीआर टीम, प्रोटोकॉल, एयरपोर्ट, होटल टीम, फायर सेफ्टी, साउंड एंड इलेक्ट्रिसिटी, ड्रिंकिंग वाटर एंड सैनिटेशन टीम, फूड एंड स्नैक्स अरेंजमेंट टीम के नोडल पदाधिकारियों को हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि इस मामले में हम सौभाग्यशाली हैं कि लगातार इंटरनैशनल इवेंट का आयोजन करने का मौका मिल रहा है। 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक वीमेंस एशियन हॉकी चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 6 देश की टीम में आ रही हैं। उन्होंने बताया कि टूनार्मेंट की तैयारी काफी दिनों से चल रही है, माननीय मुख्यमंत्री महोदय के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उप समितियां बनाई गई हैं। अलग-अलग समितियां को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। उपायुक्त ने कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों को स्टेडियम का दौरा करने का निदेश दिया और आयोजन स्थल पर की जाने वाली तैयारी के बारे में विस्तार से बताया। बैठक के दौरान क्राउड कंट्रोल, पार्किंग की व्यवस्था, आनेवाले लोगों की सुरक्षा, उनकी सिक्योरिटी जांच, होटल एकोमोडेशन, लॉजिस्टिक अरेंजमेंट आदि से संबंधित सभी व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निदेशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सारी व्यवस्था सही तरीके से संपन्न कर ली जाएगी। उन्होंने पूजा पंडाल समितियां से 24 और 25 अक्टूबर तक सड़कों से पंडाल निर्माण हटाने का अनुरोध किया है ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

## श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का किया गया विशेष तिलक श्रृंगार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटू नरेश का तिलक श्रृंगार किया गया। खाटू धाम की परंपरा के अनुसार आज राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में भी तिलक श्रृंगार किया गया। रांची स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया । मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा का भव्य तिलक श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा गुलाब तुलसी मॉर्गन की मोटी-मोटी फूल मालाओं से बाबा को सजाया गया। तिलक श्रृंगार करके विशेष गुलाब रूह से मसाज करके भक्तों के लिए संध्याकालीन 4:30 बजे दर्शन के लिए पट खोले गए। बाबा श्याम को नवीन बागा पहनाया गया एवम पंचमेवा का भोग चढ़ाया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया स्नेहा पोद्दार अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार आदि उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत दिलाया गया शपथ



**रांची।** बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सुखदेवनगर थाना में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत बुधवार को शपथ दिलाया गया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों,समाजसेवियों ने अपने अपने क्षेत्र में बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करने और क्षेत्र के बाल विवाह रोकथाम करने में सहयोग करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के तत्वधान में किया गया।इस कार्यक्रम में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ कुमार, चंदन कुमार,संगीत कुमारी,अंशू कुमारी,अभिषेक कुमार,दीपक कुमार ठाकुर,अनुज कुमार शर्मा, प्रकाश कुमार और सुखदेवनगर थाना के पुलिस कर्मी शामिल थे।

# झारखंड में आसमान छू रही सब्जियों की कीमत, धनिया पत्ती 300 के पार



**शशि भूषण शर्मा, रांची**

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमत के बीच हरी सब्जियों के तेवर में भी गर्मी आ गई है। रांची मंडी में फल और सब्जियों के दाम ने लोगों के पसीने निकाल दिए हैं। टमाटर की लाली लगातार बढ़ रही है तो मिर्च तीखी हो रही है। वहीं नींबू ने तो आमजनों के दांत खट्टे कर दिए हैं। सब्जियों के दामों में भारी उल्ट-फेर होने से रसोई का बजट एक बार फिर से गड़बड़ाया हुआ नजर आ रहा है लेकिन इस बार कुछेक सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई है जबकि इसके विपरीत आसमान छू रहे टमाटर के दाम कंट्रोल में आ चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव व निर्यात कम होने के कारण कई सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं। इससे गृहणियों की चिताएं बढ़ गई। उनका रसोई का बजट बिगड़ गया है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों को सब्जी खरीदने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही। सब्जियों के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी से लोगों की चिंता बढ़ गई है। सबसे ज्यादा दाम मटर, बींस, गोभी, धनिया पत्ता, पत्ता और फूल गोभी, लौकी, बैगन, करेला के बढ़े हैं। दाम बढ़ने से लोगों द्वारा कम खरीदारी करने से व्यापारियों के माथे पर भी चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। व्यापारियों के मुताबिक आवक महंगी होने के कारण वह भी ग्राहक को ऊंचे दाम पर सब्जियां बेचने को मजबूर हैं।

**क्या कहना है लोगों का**

**रीना शर्मा, रांची**

सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। कभी भी सब्जियों के दाम बढ़ा दिए जाते है। इससे सबसे ज्यादा गरीब और मिडिल क्लास के लोग परेशान होते है। पूरा देश महंगाई की मार झेल रहा है।

**अप्सरा शर्मा, रांची**

सब्जियों के दाम में अचानक उछाल आने से सबसे ज्यादा परेशानी आम आदमी को हो रही है। महंगाई से सबसे ज्यादा आम आदमी प्रभावित है। बिना सब्जियों के काम नहीं चल सकता।

**पंकज महतो, सब्जी विक्रेता**

सब्जियों के दाम में अचानक बढ़ोतरी हुई है। महंगा माल आने के कारण हम भी महंगी सब्जियां बेचने के लिए मजबूर हैं। बिक्री भी काफी कम हो गई है, जिससे आमदनी नहीं हो रही है। आवक कम होने के कारण दाम बढ़े है।

**प्रकाश महतो, किसान**

खाद्य से लेकर खेती से जुड़ी हर चीजें महंगी हो गई है। इस कारण काफी कम लोग ही खेती कर पा रहे है। इस बार गरीब किसानों ने काफी कम सब्जी की खेती की है, जिस कारण आवक भी कम हो गया है।

**रांची बाजार में सब्जियों के दाम**

| | | |
|---|---|---|
| सब्जी | ----- | प्रति किलो रेट |
| टमाटर | ----- | 40 |
| लौकी | ----- | 35-40 |
| करेला | ----- | 70 |
| बैंगन | ----- | 60-70 |
| खीरा | ----- | 40-50 |
| गोभी | ----- | 80 |
| बींस | ----- | 140-150 |
| भिंडी | ----- | 50-60 |
| परवल | ----- | 45-50 |
| हरा धनिया पत्ता | ---- | 300-350 |
| मुली | ----- | 40-50 |
| नेनुआ | ----- | 50-60 |
| शिमला मिर्च | ----- | 120 |
| हरी मिर्च- | ----- | 120 है। |

### रांची और गिरिडीह जेल का एक करोड़ से होगा विकास कार्य

**रांची।** रांची और गिरिडीह जेल में विकास का कार्य एक करोड़ की लागत से कराया जायेगा। इसको लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के हॉस्पिटल बिल्डिंग की मरम्मति का कार्य 72.45 लाख से किया जायेगा। गिरिडीह सेंट्रल जेल में 17.32 लाख की लागत से चार बोरबेल लगाये जायेंगे। गृह विभाग ने राशि का भी आवंटन कर दिया है। गृह विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेवारी संयुक्त रूप से संबंधित काराधीक्षक और एजेंसी की होगी। संबंधित एजेंसी उच्च गुणवत्ता युक्त मानक स्तर का कार्य सुनिश्चित करायेंगे। यह उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही होगी। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर या कार्य मानक स्तर का नहीं पाये जाने पर संबंधित एजेंसी सीधे तौर पर इसके लिए उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## गागर में सागर

### जमीन विवाद में महिला को जिंदा जलाया, सदर अस्पताल में भर्ती

**बोकारो ।** मराफरी थाना क्षेत्र के डुमरो गांव में भूमि विवाद में अपराधियों ने महिला को जिंदा जलाने का प्रयास किया है. महिला जली अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हैं. बताया जा रहा कि महिला 80 प्रतिशत जल चुकी है, जिसे ग्रामीणों द्वारा लाकर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. महिला की पहचान अनीशा अली के रूप में की गई हैं. पीड़ित महिला का पुत्र इम्तियाज अली ने बताया कि 20-25 की संख्या में आए लोगों ने मेरी मां के शरीर पर तेल छिड़कर उसे जला दिया है, विरोध करने पर सभी को भी जलाने की धमकी दी जाने लगी. उसने बताया अपराधी घर खाली करने के लिए कह रहे थे.

### राशन दुकानों में एसडीओ ने की छापामारी, भारी अनियमिता मिली



**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत के बाजार क्षेत्र के राशन दुकानों में घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सत्यवीर रजक ने बुधवार को औचक छापामारी अभियान शुरू किया है. उन्होंने नया बाजार में कल्याण कुंडू, मदन लाल अग्रवाल, मदन मोहन महतो और विजय कुमार शर्मा की जन वितरण प्रणाली की दुकान में छापामारी की. इस दौरान दुकानों में भारी अनियमितताएं पाये जाने की सूचना है. कई दुकानों में वजन में काम अनाज देने का खुलासा भी हुआ है. तीन दुकानदारों को शोकॉज जारी किया जाएगा. अनुमंडल पदाधिकारी का छापामारी अभियान जारी है. जानकारी के मुताबिक अनुमंडल पदाधिकारी नगर पंचायत क्षेत्र में छापामारी करने के बाद ग्रामीण इलाकों की दुकानों में छापामारी करने गए हैं. इस अभियान में अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गौरी शंकर दास, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानंद घटवारी, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक मोनीस सलाम, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य कई पदाधिकारी शामिल हैं.

### सदर अस्पताल में खुला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पैथोलॉजी लैब

**गिरिडीह।** सदर अस्पताल, गिरिडीह में अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब का शुभारंभ हो गया है. विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने लैब का उद्घाटन किया. हाइटेक मशीनों से लैस इस लैब में अब डेंगू, मेनिनजाइटिस, थायराइड सहित अन्य तरह की बीमारियों की जांच की सुविधा मिलेगी. सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा की मानें, तो यहां बाजार दर से काफी कम शुल्क पर सैंपल की जांच की जाएगी. उन्होंने बताया कि सरकार से एमओयू के बाद अस्पताल में जो पैथोलॉजी लैब स्थापित किया गया है, उससे भी बेहतर सुविधा अब कम कीमत पर दी जाएगी. आयुष्मान कार्डधारी मरीजों की सभी तरह की जांच निःशुल्क की जाएगी. ज्ञात हो कि डेंगू की जांच के लिए सैंपल पहले रांची भेजा जाता था. रिपोर्ट आने में 2 से 3 दिन लग जाते थे. अब सदर अस्पताल में अत्याधुनिक लैब खुल जाने से मरीजों का ऐसी समस्याओं से निजात मिलेगी. सिविल सर्जन ने बताया कि जांच की जो सुविधा राजधानी सहित पूरे झारखंड में उपलब्ध है, वह मरीजों को अब गिरिडीह में ही मिलेगी. उद्घाटन समारोह में विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि गिरिडीह बड़ी आबादी वाला जिला है, लेकिन यहां के लोगों को वैसी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही थीं. राज्य सरकार की मदद के बाद यह सब संभव हो पाया है. मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एपीएन देव, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद नसीम आदि मौजूद थे.

### बेरमो : तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के स्वांग स्थित नेहरू ग्राउंड में वीसी पावर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बुधवार को किया गया. गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो एवं फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक बबलू तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इसका उद्घाटन किया. इस टूनामेंट का उद्घाटन मैच तूफान इलेवन पड़रिया एवं चिराग यूनाइटेड सियारी के बीच खेला गया. जिसमें पेनाल्टी शूटआउट के द्वारा तूफान इलेवन पड़रिया की टीम एक गोल से विजयी रही. इस अवसर पर विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है और इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है. गोमिया विधानसभा क्षेत्र में भी कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं और क्षेत्र का नाम रौशन किया है. क्षेत्र में कई खेल मैदानों को दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को खेल के दौरान कोई परेशानी न हो. खिलाड़ियों को हरसंभव मदद की जाएगी.

## शिकारीपाड़ा हाई स्कूल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आदि विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए वरदान : सांसद







**नवीन मेल संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा(दुमका)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो , दुमका द्वारा आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वच्छता ही सेवा व मेरी माटी मेरा देश इत्यादि विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम, रैली व शपथ प्लस टू हाई स्कूल, शिकारीपाड़ा , दुमका मैं आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद दुमका सुनील सोरेन जी शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद सुनील सोरेन जी ने कहा कि सामूहिक प्रयास से हम भारत को एक स्वच्छ व सुंदर राष्ट्र बना सकते हैं। सांसद सुनील सोरेन सोरेन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए वरदान है। हुनर सीखना अच्छी बात है और सभी छात्रों का यह लक्ष्य होना चाहिए कि वह पढ़ाई के साथ-साथ हुनर भी सीखें यह उन्हें जीवन में जरूर लाभ देगा। सांसद ने उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब के इंजीनियर, डॉक्टर, ऑफिसर्स अपने काम के साथ-साथ खेती-किसानी और विभिन्न तरह के पारिवारिक ट्रेड के साथ भी जुड़े रहते हैं जिससे पंजाब को एक विकसित राज्य बनने में बहुत मदद मिली। इस अवसर पर शिकारीपाड़ा के विभिन्न ट्रेड से जुड़े कारीगरों को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया व उन्हें अंगवस्त्र व विभाग का टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। सांसद के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ लिया गया तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना व एक भारत श्रेष्ठ भारत आदि पर जागरूकता रैली निकाली गई. इस अवसर पर बोलते हुए नमिता बास्की मुखिया शिकारीपाड़ा, दुमका ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान देश को एक कड़ी में जोड़ने में सफल हो रहा है और जनता के बीच देश भक्ति की भावना संचारित कर रहा है। पूर्वी देवी, वार्ड मेंबर शिकारीपाड़ा, दुमका ने कहा कि स्वच्छ भारत से ही हम एक स्वस्थ एवं सफल भारत की ओर आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम स्थल पर झारखंड एड्स समिति की ओर से स्टॉल भी लगाया गया तथा एड्स से संबंधित जानकारी वाली किताबें वितरित की गई और लोगों का निशुल्क एड्स टेस्ट किया गया। एड्स समिति के राकेश कौशिक ने कहा की एड्स से बचाव का अच्छा उपाय एड्स के बारे में समस्त जानकारी रखना है और बचाव के नियमों के अनुसार अपना जीवन व्यतीत करना है। देवघर के किशोर बबुआ नाट्य मंडली ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़ी जानकारी से परिपूर्ण एक सुंदर व रोचक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को स्कूल के छात्र-छात्राओं आम जनता व शिक्षकों आदि ने बहुत सराहा।

# धनबाद : जोड़ापोखर के पग्गी हत्याकांड में 2 आरोपियों को उम्रकैद की सजा

## अदालत ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में किया बरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जोड़ापोखर के रंजीत सिंह ऊर्फ पग्गी हत्याकांड में अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी भौंरा निवासी सनन प्रसाद वर्मा व जोड़ापोखर के स्वर्ण कमल सिंह ऊर्फ स्वर्ण कमल सेन को उम्रकैद व 22 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है. अदालत ने 16 अक्वटूबर को मामले की सुनवाई करते हुए दोनों को दोषी करार दिया था, जबक अन्य 3 आरोपियों अभिषेक सिंह उर्फ बग्गा, अनिकेत कुमार व सूरज कुमार माली उर्फ नंदन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था. घटना के बाद मृतक पग्गी सिंह के भाई अमित कुमार उर्फ हनी सिंह के बयान पर जोड़ापोखर थाने में 7 जनवरी 2021 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक एक दिन पहले यानी 6 जनवरी 2021 की रात करीब 8:00 बजे रणजीत सिंह सामान खरीदने फुसबंगला चौक गया था. तभी बाइक से आए तीन बदमाशों ने रणजीत सिंह को गोली मार दी थी.सूचना मिलने पर रंजीत का भाई अमित फुसबांग्ला चौक पहुंचा, तो देखा कि रंजीत सिंह खून से लथपथ जमीन पर गिरा पड़ा है. आसपास के लोगों के सहयोग से उसे एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया था. पुलिस के अनुसंधान में पता चला कि गोली मारने के बाद आरोपी सनन वर्मा व स्वर्ण कमल सिंह हथियार लहराते हुए भाग रहे थे. इसी दौरान झरिया के समीप एक मोटरसाइकिल से टकराकर दोनों गिर गए थे.स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस सौंप दिया था. मामले की सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने 11 गवाहों का परीक्षण कराया.

### बाइक और ऑटो की टक्कर में पुत्र की मौत, पिता घायल

**बोकारो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको स्थित तेनु -बोकारो मुख्य नहर वाली सड़क पर सब्जी लदे ऑटो और बाइक में टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में बाइक सवार पुत्र की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पेटरवार पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पिता पुत्र को सीसीएल के ढोरी केंद्रीय अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया. अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद सुनील विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथ पिता गंभीर रूप से घायल हैं. घायल व्यक्ति को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार नावाडीह थाना क्षेत्र के आरगामो पंचायत के जुनोडीह निवासी रामदास विश्वकर्मा और उनके पुत्र सुनील विश्वकर्मा 42 वर्ष बाइक से तेनुघाट कोर्ट जा रहे थे.

## इंटर डीपीएस डांस फेस्टिवल में डीपीएस रांची बना नेशनल चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'नृत्यांजलि' 2023- इंटर डीपीएस डांस फेस्टिवल में डीपीएस राँची की डांस टीम (तिस्या रॉय, यशी भानु, प्रकृति सरगम, आकृति मयंक, अर्पिता सिंह और अरुणिमा झा) अपने अद्भुत नृत्य कौशल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल चैंपियन बनकर उभरी। इस प्रतियोगिता का आयोजन डीपीएस, एल्डिको, लखनऊ में किया गया था। इस कार्यक्रम में देश के अलग अलग राज्यों से 141 दिल्ली पब्लिक स्कूलों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा की। 141 स्कूलों में से 20 विद्यालयों का चयन फाइनल राउंड में हुआ था। पंचतत्व की थीम पर केंद्रित, डीपीएस राँची की टीम ने एक शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धियों से अभिभूत थे। उन्होंने कहा, ₹हमारे छात्रों ने नृत्य के क्षेत्र में असाधारण समर्पण और प्रतिभा दिखाई है। यह जीत न केवल उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाती है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास करने में स्कूल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

### स्कूली बच्चों का जल सत्याग्रह रंग लाया सड़क निर्माण शुरू

**बोकारो।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती रघुनाथपुर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बच्चों का जल सत्याग्रह आखिर रंग लाया. समाचार प्रकाशित होते ही जिला प्रशासन से लेकर प्रखंड प्रशासन हरकत में आया और रघुनाथपुर में हाई स्कूल के लिए रास्ता निर्माण की शुरूआत बुधवार को हो गयी. कसमार बीडीओ अनिल कुमार, सीओ सुरेश कुमार सिन्हा एवं बीईईओ घनश्याम साहू रघुनाथपुर पहुंचे और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रास्ता निर्माण के लिए ग्रामीणों से जमीन दान करने की सहमति ली. फिलहाल स्कूल के उत्तरी छोर से लगभग 700 फीट सड़क निर्माण कार्य में लगभग 60 से ज्यादा मजदूर दिनभर जुटे रहे. इस दौरान बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने के लिए तीन तरफ से रास्ते के निर्माण की पहल शुरू की गई है. इसकी शुरूआत हो गयी है. जल्द ही सरकारी तालाब की मेढ़ से होकर विद्यालय तक चौड़ी सड़क निर्माण के लिए भी तैयारी चल रही है.

# चापापुर कोलियरी में केबल लूटकांड का खुलासा, 3 गिरफ्तार, 4 सुतली बम बरामद

## 35 किलो केबल, 260 मीटर वायर, 3 मोबाइल फोन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** निरसा थाना पुलिस ने ईसीएल की चापापुर कोलियरी के गोदाम में विगत 13-14 अक्टूबर की रात केबल लूट की घटना का खुलासा कर लिया है. पुलिस ने घटना में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 4 जिंदा सुलती बम, तीन मोबाइल व लूटे गए 35 किलो तांबा का केबल व 260 मीटर वायर भी बरामद किया है. पकड़े गए आरोपियों में श्याम लाल मुर्मू , राजू कुमार स्वर्णकार व देवराज प्रसाद वर्णवाल शामिल हैं. यह जानकारी ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बुधवार की शाम अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता में दी.बताया कि अपराधियों ने गोदाम में तैनात सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट की थी. विरोध करने पर ईसीएल मजदूर के पुत्र संजीव कुमार पर बम से हमला भी किया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक को भी जब्त किया है. ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने अपना जुर्म कुबूल किया है. प्रेसवार्ता में डीएपी वन अमर कुमार पांडेय भी मौजूद थे.

### बोकारोः पर्यटन सचिव ने तेनुघाट एवं लुगुबुरू घंटाबाड़ी का किया भ्रमण

**बोकारो।** राज्य के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने 18 अक्टूबर को बेरमो अनुमंडल अंतर्गत तेनुघाट डैम, लुगुबुरू ललपनिया एवं तेनुघाट गेस्ट हाउस का भ्रमण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे. सभी संभावनाओं को देखते हुए जिले के तेनुघाट डैम एवं लुगुबुरू घंटाबाड़ी को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से सौंदर्यीकरण, नई संरचना का निर्माण कराया जाना है. इसको लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है. मौके पर बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, निदेशक पर्यटन अंजली यादव, एसपी प्रियदर्शी आलोक एवं संयुक्त सचिव मोइउद्दीन खां, उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री जी, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे. भ्रमण के बाद इस संबंध में पर्यटन सचिव श्री कुमार ने बताया कि तेनुघाट डैम, सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस, डैम स्थित घाट का निरीक्षण किया. इससे पूर्व, जेटीडीसी के तेनुघाट स्थित टूरिज्म कॉम्प्लेक्स सभागार में जिले के पदाधिकारियों, बांध प्रबंधन आदि के साथ पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने को लेकर विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की.

## अमृत कलश

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

# बीएसएफ के जवानों ने बांधा देशभक्ति का समां



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय, बड़कागांव के सभागार भवन में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रमुख वचनदेव कुमार व संचालन उमेश दांगी ने किया. कार्यक्रम की शुरूआत सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमाराङ्ग धुन के साथ पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में हजारीबाग मेरू कैंप से आए बीएसएफ के जवानों ने भाग लेकर देशभक्ति गीत-संगीत प्रस्तुत किया. इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज, पूर्व सैनिकों एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल व पौधा देकर सम्मानित किया गया. प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव एवं जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति की. कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाल विवाह पर रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक दिखाया गया. कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व प्रखंड के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर व वीरांगनाओं के घर के मिट्टी लाकर अमृत कलश में रखा गया. मौके पर सीओ बालेश्वर राम, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बीईओ जवाहर प्रसाद, जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंसस रितेश कुमार ठाकुर, प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया, जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, रिटायर्ड डीएसपी मटुकधारी महतो, पूर्व सैनिक अरविंद ओझा, उपेंद्र कुमार प्रसाद, प्रभु राम, राखी कुमारी, कोशिला देवी, सुनीता देवी, कृष्णा राम, प्रभु महतो, बेबी देवी, गिन्नी वर्मा, , मो. इब्राहिम के अलावा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे.

# धनबाद : राशन दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, दुकान गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कतरास के लकड़का स्थित राशन दुकान में पुलिस ने मंगलवार की देर शाम छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की. कतरास थाना के सहायक निरीक्षक मुनेश तिवारी ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई में दुकानदार रौनक गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उन्होंने बताया कि राशन दुकान में अंग्रेजी शराब की बोतलें छुपा कर रखी गई थीं, जिन्हें दुर्गा पूजा में खपाया जाना था. पुलिस टीम ने दुकान में पहुंचकर दुकानदार से शराब से संबंधित कागजात की मांग की, लेकिन वह नहीं दिखा सका. इसके बाद शराब सहित दुकानदार को पकड़कर थाने लाया गया. कागजी प्रक्रिया के बाद उसे जेल भेज दिया गया. जब्त शराब की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जाती है. सहायक निरीक्षक ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है. पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के धंधेबाजों में हड़कंप है.

## गागर में सागर

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में नवरात्र की धूम, बच्चों में उत्साह



**रामगढ़ ।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 18 अक्टूबर को नवरात्र की धूम दिखी। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों में कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल में बच्चों के लिए डांडिया व गरबा का भी आयोजन रखा गया। छात्र और छात्राओं को नवरात्रि के महत्व और अच्छाई की बुराई पर जीत के बारे में बताया गया। मौके पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने इन छोटे छोटे आयोजनों वह बहुत ही महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह आयोजन बच्चों को उनकी संस्कृति से जोड़ते हैं। उन्होने अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया जो अपने बच्चों को इन कार्यक्रम के लिए तैयार करने में विद्यालय का सहयोग करते हैं। मौके पर स्कूल विद्यालय प्रबंधक कमिटी मेंबर सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल ,सरदार कुलजीत सिंह कालरा ,सरदार मनमोहन सिंह लांबा ,सरदार परमजीत सिंह चमन ,सरदार हरदीप सिंह ,सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबरा ,सरदार कुलजीत सिंह छाबरा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार सरदार विवेक विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद का पात्र बताया ।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक का समापन



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के संगठन की मजबूती एवं विस्तार को लेकर 18 अक्टूबर को सिरका के परसाबेड़ा में गोपी प्रजापति की अध्यक्षता एवं नेमी महतो के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य नेमी महतो ने कहा कि सिरका अरगड़ा के टोला, मोहल्ला, कस्बा, परसा टोला, महतो टोला, बड़का टांड़, बेदिया टोला, कुम्हार टोला, तेलिया टांड आदि स्थाना पर संगठन को मजबूत कर सभी समुदायों को जोड़कर वार्ड नं 13,14,15,16,17 में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कहा की इस क्षेत्र की वर्तमान समस्या पीने के पानी की है। कहा की आज भी क्षेत्र के लोग चुआं से पानी पीने को विवश हैं। कहा की जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नही एक विचार है। वे शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब, दबे कुचले,मध्यम वर्ग के लोगों की आवाज हैं। हम सबों को उनकी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से रवि महतो, पनेशवर महतो, देवानंद महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, नेमी महतो, गोपी प्रजापति, हरेंद्र महतो, भीम राज, दिनेश महतो, शक्ति महतो, बिनोद महतो,बाल किशुन महतो , लीलावती महतो, रूपा महतो, प्रीति कुमारी, शीला देवी, सुनीता कुमारी, रेखा कुमारी, निलुवा देवी, संजू देवी, कोकिला देवी, टेपो देवी, सीता देवी, देवंती देवी, चरकी देवी, शुभासो देवी, मुस्कान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बालको देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### ए वन क्लासेस की दूसरी शाखा ने मनाया तीसरा वार्षिकोत्सव

**बरही ।** कोचिंग संस्थान ए वन क्लासेस ने अपने डीवीसी स्थित दूसरे शाखा का तीसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाया. कार्यक्रम की शुरूआत निर्देशक अर्जुन गुप्ता ने केक काटकर किया. उन्होंने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि अपनी गुणवता और बेहतर परिणाम ही इस संस्थान की मुख्य पहचान रही है. यही कारण है कि आज या संस्थान अपनी दूसरी शाखा का तीसरा वार्षिकोत्सव मना रहा है. इसके लिए उन्होंने अपने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है. विद्यार्थियों ने भी संस्था के 3 वर्ष पूर्ण होने पर एक दूसरे को बधाई दिया. मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक पप्पू, पवन, जय, शिक्षिका वीणा, सरस्वती आदि सहित संस्थान के विद्यार्थी रितिक, राहुल, पूजा, गुनगुन, रीता , मुस्कान, खुशी , विध्या, सुजल, सुप्रिया, काजल, वर्षा, तृषा, प्रिया, सोनम, निशा, श्रेया, भारती, भोलू, प्रिंस, मयंक, अंश, गोलू, अंकित, रंजन इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# गला दबाकर ट्रक वाले ने किया युवक की हत्या

## दुकान के सामने से खड़े वाहन हटाने को लेकर हुई थी झड़प



दोनों आरोपी गिरफ्तार।

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** बीते रात्रि रसोईयाधमना टॉल प्लाजा के समीप चाय दुकानदार महेश साव के पुत्र सागर कुमार (१७) का मेरठ के एक ट्रक चालक व उपचालक ने गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है. घटना मंगलवार रात्रि दस बजे की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार युवक की गलती सिर्फ इतना ही था कि वह अपने पिता तथा चालक व उपचालक के बीच हो रहे झड़प को शांत करने का प्रयास किया था. मृतक के पिता ने बताया कि वह अपनी चाय दुकान के आगे खड़े ट्रक संख्या यूपी 15डीटी 6711 को उसी ट्रक के चालक सह मालिक अतुल भाटी पिता सुभाषचंद्र भाटी (न्यू किसून पूरा, बागपत मेरठ, उप्र)तथा उपचालक धर्मेंद्र कुमार पिता हरिश्चंद्र (कैली, रामपुरा, परिक्क्छ गढ़, मेरठ, उप्र) को हटाने बोला था. बस इतनी सी बात पर तू-तू मैं-मैं बढ़ गई. देखते ही चालक और उपचालक उस पर हावी हों गए. इसी बीच शोर शराबे सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे उसके पुत्र को उपचालक ने गला दबा दिया. जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा. तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके वारदात पर पहुंचकर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया. ट्रक जब्त कर थाना लाया गया.



### बेलवागढ़ा में झाड़ियों से युवक का शव बरामद, हत्या कर फेंकने की आशंका

रामगढ़। जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बेलवागढ़ा में अवैध बालू स्टॉक के पास झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद बरामद हुआ है. युवक के शरीर और सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं. ऐसे में युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जतायी जा रही है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुट गयी है. मृतक की पहचान बेलवागढ़ा निवासी सूरज मुंडा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह नदी जाने के दौरान स्थानीय लोगों ने देखा कि अवैध रूप से इकट्ठा बालू स्टॉक के किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है. पास में एक बाइक भी पड़ी है. इसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है. वारदात की सूचना मिलने के बाद आस-पास के लोगों की भीड़ वहां जुट गयी. स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक मजदूरी का काम करता था.

### रौशन लाल चौधरी रामगढ़ कैंट दशहरा समिति से पदमुक्त

**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट दशहरा समिति की गत 2 अक्तूबर को आयोजित बैठक में मुख्य संरक्षक के रूप में शामिल किये गए आजसू नेता रौशन चौधरी को कमिटी के निर्णय पर पदमुक्त किया गया है। यह बातें छावनी फुटबॉल ग्राउंड में कमिटी की तरफ से 18 अक्टूबर को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रामगढ़ कैंट दशहरा कमिटी के अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने कही। उन्होंने कहा की पिछले दिनों दोनो कमिटी का एकीकरण एवं सूरज हॉल में रामगढ़ कैंट दशहरा कमिटी की तरफ से रामलीला का मंचन होना तय हुआ था। जिसको लेकर रामगढ़ कैंट दशहरा कमिटी को सूरज हॉल सौंपने की बात को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद हीं आजसू नेता रौशन लाल को समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में सम्मिलित किया गया था। किंतु उनकी तरफ से सूरज हॉल को सौंपने को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया और उनकी तरफ से बिना हम सभी को विश्वास में लिए सिद्धू कान्हू मैदान में रावण दहन की घोषणा कर दी गई। कहा की कोई भी व्यक्ति दो कमिटी के सदस्य नहीं हो सकता ये कमिटी के प्रोटोकाल के तहत असंवैधानिक होता है। इस कारण हम सभी ने एकमत होकर रौशनलाल चौधरी को पदमुक्त करने का निर्णय लिया हैं । साथ हीं सरदार अनमोल सिंह ने कहा की इस बार छावनी मैदान में अस्सी फीट का रावण, साठ फीट का मेघनाथ और साठ फीट के कुंभकरण के पुतले का दहन किया जाएगा।

### रामगढ़ : राधा गोविंद विश्वविद्यालय

## शिक्षा विभाग में गरबा नृत्य सह रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के शिक्षा विभाग 18 अक्टूबर को नवरात्रि के शुभ अवसर पर गरबा नृत्य एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में एक भव्य उत्सव के रूप मे मनाया गया जिसमें शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता दिखाई, साथ ही विभिन्न विभाग के व्याख्याता गण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी .एन साह ने कहा विश्वविद्यालय सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो छात्रों को उनकी विरासत और परंपराओं के बारे में जानने में मदद करते हैं। गरबा नृत्य और रंगोली प्रतियोगिता छात्रों के लिए अपनी रचनात्मक और कलात्मक कौशल दिखाने का एक उत्कृष्ट अवसर है। कुलपति महोदया प्रो. (डॉ) शुक्ला महंती ने कहा हमें उम्मीद है कि इस आयोजन से हमारे छात्रों के बीच समुदाय और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित गरबा नृत्य और रंगोली प्रतियोगिता के अवसर पर,छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई। कुलसचिव महोदय डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कहा, हमें विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम की मेजबानी करने पर गर्व है। हमारा मानना है कि इस तरह के आयोजन परिसर में सांस्कृतिक विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। शिक्षा विभाग प्रमुख डॉ अंजू तिवारी ने कहा, हम अपने छात्रों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन करके रोमांचित हैं । हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम ने हमारे छात्रों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया है। कार्यक्रम का नेतृत्व मिस अर्चना राणा ने किया। मौके पर वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ रश्मि, समिति के सदस्य अजय कुमार, शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ कारलुस टोप्पो, डॉ आशा प्रकाश, डॉ राकेश रंजन, डॉ अमरेश कुमार, डॉ उमेश चंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत सह अनावरण कार्यक्रम

**रामगढ़।** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक रांची में निर्धारित है। झारखंड में हॉकी के खेल एवं उक्त महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को लोकप्रिय बनाने व बढ़ावा देने के लिए हॉकी झारखंड द्वारा झारखंड के सभी जिलों में 14 से 25 अक्टूबर 2023 तक एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को रामगढ़ जिला अंतर्गत छत्तरमांडू स्थित इंडोर स्टेडियम, रामगढ़ में पूर्वाह्न 9:00 बजे से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्रॉफी का स्वागत सह अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान बेअसर धनबाद रोड दिन भर पूरी तरह रहा जाम



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाना स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है. व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रशासन का उठाया गया हर एक कदम असफल दिख रखा है. मंगलवार को सीओ ने स्थल भ्रमण कर सड़क के दोनो ओर से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था. अपनी उपस्थिति में कई दुकान हटाए भी थे. परंतु उनके जाते ही फिर से बाजार पूर्ववत हो गया. बुधवार को एक बार फिर पूरे दिन ट्रैफिक समस्या बनी रही. बरही चौक से मात्र पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित अस्पताल पहुंचने में मरीज को आधा घंटा से भी अधिक समय लग जा रहा है. ऐसा ही एक नजारा बुधवार को देखने को मिला. रवि कुमार को पोस्टऑफिस के अभिकर्ता है, कलेक्शन बरहीडीह से पोस्टऑफिस जा रहे थे. इसी क्रम में युवराज होटल के करीब एक अज्ञात ओमिनी से टक्कर होने से वह घायल हो गया. सूचना मिलते ही डाकघर के कर्मी और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर अस्पताल ले जाने का प्रयास करने लगे. परंतु ट्रैफिक जाम सबसे बड़ी बाधक बनी. जाम के कारण उसे अस्पताल लाने में पांच मिनट के स्थान पर करीब आधा घंटा समय लग गया.

### कलहाबाद शाखा अदालत में कई एनपीए खाताधारकों ने किया समझौता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कलहाबाद पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा के द्वारा आयोजित शाखा अदालत में कई एनपीए खाताधारकों ने समझौता किया। ऋण वसूली शिविर में एनपीए ऋण धारियों ने अपना ऋण समझौता के तहत खाता बंद करवा कर लाभ उठाया। मौके पर बीओआई के एरिया मैनेजर बिमल कांत झा , मुख्य शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार,अधिकारी आनंद कुमार और बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा क्रेडिट मैनेजर कन्हाई कुमार उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस कैंप में कुल एक मुस्त देय राशि 28 लाख 28 हजार, अग्रिम राशि 8 लाख 68 हजार एवं समझौता राशि 11 लाख 96 हजार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश रजक (लालू) बैंक मित्र बचनदेव कुमार, मोती कुमार ,रेखा देवी, बेबी देवी ,जुगल राम, संदीप ,अशोक, दलेश्वर, विजय, शंकर यादव, प्रभात, अनिल कुमार, दिलीप कुमार नायक समेत अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

### बेलकपी मुखिया ने नाली निर्माण का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम सिमराटांड़ में नाली निर्माण का उद्घाटन स्थानीय मुखिया ललिता देवी ने किया। 15 वीं वित्त मद से कुल 499900/- की लागत से 700 फीट का नाली निर्माण उद्घाटन के मौके पर मुखिया ने कहा कि नाली नहीं रहने से आम जनता को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही थी। नाली निर्माण होने पर आमजनता में खुशी का माहौल देखने को मिला एवं ग्रामवासियों ने मुखिया को माला पहनाकर धन्यवाद दिया। उद्घाटन के दौरान झारखंड आंदोलनकारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, संजय भुइँया, नन्दू राणा, ज्ञानदीप पांडेय, सोहन राम, रमन भुइँया, रंजीत पांडेय, बब्लू पांडेय, भोला भुइँया, छोटी भुइँया, उर्मिला देवी, गुड़िया देवी, चंदा देवी, रीना देवी, कालो देवी, सुनीता देवी, आशा देवी समेत आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# गैंडा में 85 वर्षों से हो रही है दुर्गापूजा



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैंडा गांव में आजादी से पूर्व दुर्गा पूजा हो रही है।वर्ष 1942 में गांव में महामारी आया था जिसके चपेट में आने से कई लोगो की मौत हुई थी।उसके बाद ग्रामीणों ने गांव में दुर्गा मंदिर बनाने और पूजा करने का निर्णय लिया।वर्ष 1943 में कच्चे मंडप में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा शुरू हुई।कालांतर अवधि के बाद वर्ष 1986 में पक्का मंदिर बनाया गया।लगभग 85 सालों से लगातार गांव में हर्षोल्लास के साथ दुर्गोत्सव मनाया जाता है।यह जानकारी उपमुखिया चन्द्रदीप पांडेय ने दी।उन्होंने कहा कि शुरूआत में मंदिर के पुजारी पोखराज पांडेय,मित्रजीत पांडेय और छोटी पांडेय थे।इसके बाद अर्जुन पांडेय,महावीर पांडेय और पंचानंद पांडेय पुजारी रहे।वर्तमान में संजय पांडेय, अरुण पांडेय और संजीत पांडेय पुजारी है।शुरूवाती दौर से दुर्गा पूजा के अवसर पर रात में नाटक का आयोजन होते आया है।पूजा के अवसर पर मनोरंजन के लिए आयोजित नाटक बहुत ही प्रसिद्ध था।धीरे-धीरे समय के साथ नाटक का रूप सांस्कृतिक कार्यक्रम में तब्दील हो गया।दुर्गा पूजा के अवसर पर अष्टमी को भक्ति जागरण और बिजय दशमी के दिन मेला का आयोजन किया जाता है।यहां दुर्गा मंदिर में बलि प्रथा है।दुर्गा पूजा की तैयारी पूरी हो गई है।मंदिर परिसर को पंडाल और रंग बिरंगे रौशनी से सजाया गया है।इधर ग्रामीण पूजा को लेकर उत्साहित है।

### आंदोलनकारियों को मिला खतियान संघर्ष समिति का समर्थन

**हजारीबाग।** बड़कागांव गोंदलपुरा कोयला खनन परियोजना रद्द करने के लिए स्थानीय कई किसान 12 अप्रैल 189 दिनों से धरने पर बैठे हैं. इस धरने को समर्थन देने के लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय सदस्य राकेश मेहता पहुंचे. उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद-विधायक के साथ-साथ राज्य सरकार निकम्मी है. आज केंद्र सरकार मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम चला रही है, वहीं दूसरी ओर बड़कागांव-केरेडारी के तमाम गांवों को उजाड़ने के लिए विभिन्न निजी कंपनियों को कोल ब्लॉक आवंटित कर दिया गया है. बड़कागांव प्रखंड बहु फसलीय जमीन होने के बावजूद सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. धरना स्थल पर गोंदलपुरा, गाली, बलोदार, हाहे और फूलांग पांचों मौजा के लोग बैठे हुए थे.

## आस्था का केंद्र

## बरकाकाना में लाखों की लागत से बनाया जा रहा पूजा पंडाल, 100 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

# भव्य रूप से होगी माता रानी की पूजा, 65 फीट का रावण का बनेगा पुतला



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नयानगर बरकाकाना में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन की तैयारियां अब अंतिम चरण में है. पूजा कमेटी मां दुर्गा की पूजा और श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए तत्परता से जुटी हुई है. सीसीएल द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा को हर वर्ष भव्य तरीके से मनाया जाता है. इस बार वर्धमान मायापुर का इस्कॉन मंदिर का प्रारूप पूजा पंडाल के रूप में बन रहा है. जबकि रावण के पुतले की ऊंचाई 65 फीट होगी. इसकी लागत 55 हजार रुपए होगा. वहीं मूर्ति 1 लाख 91 हजार रुपए खर्च कर बनाई जा रही है. पूजा स्थल और मेले की निगरानी के लिए लगभग 1 लाख 55 हजार रुपए में 40 सीसीटीवी कैमरा और 2 ड्रोन कैमरा मेला क्षेत्र में लगाये जा रहे है.

### झूला-सर्कस मेले में आकर्षण का केंद्र होगा

2 लाख 95 हजार रुपए की लागत से मेले की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए दुधिया लाइट से विद्युत सज्जा की जा रही है. साउंड सिस्टम के लिए 1 लाख 91 हजार रुपया खर्च किये जायेंगे. रावण दहन के दौरान 62 हजार की आतिशबाजी की जाएगी. मेला में दो ब्रेक डांस झूला, दो बड़ा झूला, मौत का कुआं, सर्कस सहित विभिन्न तरह की झूला लगाए जा रहे हैं जो इस मेले में आकर्षण का केंद्र होगा. इसके साथ ही छोटे बच्चों के लिए विभिन्न तरह के झूले की व्यवस्था भी की जा रही है. पूजा समिति द्वारा बताया गया कि बच्चों के झूला का शुल्क 20 रुपया निर्धारित की गई है. जबकि बड़े लोगों की झूला का शुल्क 40 व 50 निर्धारित है.

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम : ओपी प्रभारी

इसके साथ ही मेला के दौरान विभिन्न तरह के व्यंजनों की भी दुकानें लगाए जाने की व्यवस्था की गई है. षष्ठी के दिन माता रानी के कपाट को खोला जाएगा. उद्घाटन के अवसर पर रामगढ़ जिला उपयुक्त चंदन कुमार और रांची मुख्यालय सीसीएल के हर्षनाथ मिश्रा मुख्य अतिथि होंगे. वहीं बरकाकाना ओपी प्रभारी अमर शुक्ला ने बताया कि बरकाकाना क्षेत्र में पूजा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे. इसके लिए विभिन्न पूजा पंडालों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे. पूजा के मद्देनजर 60 पुलिस जवान, 20 महिला पुलिसकर्मी, 6 एसआई व एएसआई,02 गस्ती पैंथर मोबाइल की मांग की गई है.. इसके अलावे सीसीएल के सुरक्षाकर्मी व बरकाकाना पुलिस पूरी मुस्तैदी से मेले में पैनी नजर बनाए रखेंगे .श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो किसके लिए पुलिस बल हर जगह तैनात रहेंगे.



## गागर में सागर

### 10 दिवसीय रामलीला का आयोजन

**सिमडेगा।** प्रखंड के बीरूगढ़ में नवरात्र के शुभ अवसर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ मां दुर्गा का पूजा किया जा रहा है। दुर्गा पूजा समिति बीरू के संरक्षक सह भाजपा नेता तुलसी कुमार साहू ने बताया की यजमान के रूप में बीरूगढ़ के राजा साहब दुर्ग विजय सिंह ,देव पुरोहित के रूप में प्रदीप मिश्रा और पुजारी के रूप में शंकर दास हैं। बीरू में 10 दिनों तक रामलीला का मंचन किया जा रहा है ,एवं नवमी के दिन बीरू ग्राम के स्थानीय युवाओं, युवतियों द्वारा 4 घंटे का राजा मांधाता नाटक का मंचन किया जाएगा।

### अग्निशमन विभाग ने किया पूजा पंडालों में मॉक ड्रिल



**सिमडेगा।** डीसी के निर्देश के बाद अग्निशमन विभाग के द्वारा पूजा पंडाल के पदधारियों को अग्निशमन उपकरण के उपयोग के संबंध में मॉक ड्रिल कराया गया। मौके पर अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने आग लगने की स्थिति पर बरते जाने वाली सावधानियां के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा बिजली वायरिंग, पंडाल निर्माण आदि में भी सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई जानकारियां दी गई। मौका पर उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का माहौल है ऐसे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन पूजा पंडाल में होगी ऐसे में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है ताकि किसी प्रकार की कोई भी खतरा हो तो उसे आसानी से निपटा जा सके उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडाल विशेष रूप से निकास द्वार का व्यवस्था अच्छे तरीके से रखें ताकि आपात की स्थिति में लोगों को दिक्कत न हो।

### अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक, जल्द होगा पुनर्गठन

**कोडरमा।** अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, झारखंड के प्रभारी चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में कोडरमा जिला समिति का जल्द पुनर्गठन का निर्णय लिया गया. इसके लिए चुनवी प्रभारी सुरेन्द्र प्रसाद चंद्रवंशी, महेश राम चंद्रवंशी, बिरेन्द्र राम चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी को बनाया गया. कार्य समिति का चुनाव तीन दिसंबर को कोडरमा में होगा. इस बैठक में चंद्रवंशी दीपक नवीन, पवन चंद्रवंशी, सुरेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, जयदीप कुमार राम, महेश राम चन्द्रवंशी व बीरेंद्र चंद्रवंशी आदि मौजूद थे.

### 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम में शामिल हुईं मंत्री अन्नपूर्णा देवी

कोडरमा। डोमचांच में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें कोडरमा के सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहीं. अन्नपूर्णा देवी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किया और फिर कलश लेकर डोमचांच का भ्रमण किया. साथ ही पवित्र मिट्टी का संग्रहण कर सामूहिक तौर पर पंच प्रण की शपथ ली. इसमें गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में जिप सदस्य शांति प्रिया, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील मेहता, विनय मोदी, अनिल पांडेय, भागवत खटीक, शिव मेहता आदि ने प्रमुख भूमिक निभाई.

खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रतिभावान बच्चों को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है : प्रवीण चंद्रा

**कोडरमा।** कोडरमा और झुमरी तिलैया में चल रहे एकल विद्यालय के खिलाड़ी पांडेडीह पंचायत भवन परिसर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया. आचार्य अपने गांव स्तर के विजेता खिलाड़ी को लेकर आए जिसने संच स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई. कार्यक्रम में संरक्षक प्रवीण चंद्रा और मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल रउफ आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कुश्ती और कब्बड्डी का आयोजन किया गया था. इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. वहीं सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

### कोडरमा: शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या पूजा का आयोजन

**कोडरमा।** 18 अक्टूबर को विद्यालय शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर, यदुटांड़ झुमरी तिलैया में कन्या पूजन का कार्यक्रम हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौरी शंकर सिंह सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य, संकुल केंद्र के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू व विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. विद्यालय के आचार्य सिद्धि प्रसाद ने कन्या पूजन के बारे में कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए समाज में सुख समृद्धि और आरोग्य समाज को मिले, ये जरूरी है.

# सिमडेगा में दुर्गापूजा का उत्साह, माहौल भक्तिमय

## भव्य पंडालों का किया जा रहा है निर्माण





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही चारों ओर माता के भजनों से पूरे माहौल भक्ति में हो गया है। वहीं दूसरी ओर घर-घर में मां दुर्गा की कलश स्थापना करते हुए 9 दिनों के दुर्गा पाठ हो रही है। इधर सप्तमी से मां दुर्गा के पंडालों का पट खुल जाएगा ।जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा शहर में विभिन्न पूजा पंडालों के द्वारा आकर्षक तरीके से पंडाल का निर्माण का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है ताकि पूरे भव्य तरीके से दुर्गा पूजा आयोजन किया जा सकें एवं सिमडेगा में सबसे अलग पंडाल हो इसकी भी होड़ देखने को मिल रही है।

### प्रिंस चौक सिमडेगा पूजा समिति बना रही है थाईलैंड के तर्ज पर पंडाल

इधर सिमडेगा शहरी क्षेत्र के नव ज्योति नवयुवक संघ प्रिंस चौक सिमडेगा पूजा समिति द्वारा आकर्षक तरीके से उड़ीसा के कारीगरों द्वारा भव्य मंदिर के रूप में पंडाल का निर्माण कराया गया है जो कि इस बार सबसे आकर्षक और भव्य दिख रहा है ।उड़ीसा से आए हुए कारीगरों के द्वारा बताया गया कि थाईलैंड के मंदिर के रूप में इसे विकसित करने का काम किया गया है । जिसकी 300000 लागत है इसकी ऊंचाई 60 फीट बनाई गई है ,जहां पर मां दुर्गा विराजमान होगी। उन्होंने बताया कि लगातार एक महीना से यहां पर काम चल रहा है और सप्तमी तक काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद पंडाल का पट खुलेगी और इसमें लोग दर्शन कर सकेंगे। इधर समिति के अध्यक्ष रामकिशन केसरी संरक्षक राजकुमार ठाकुर ने बताया कि भव्य पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सजावट का कार्य युद्धस्तर पर जारी है ताकि पंडाल की भव्यता और बढ़ सके। इसके अलावा उन्होंने बताया की जगह-जगह पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी एवं फायर सेफ्टी के लिए सिलेंडर एवं पुरुष तथा महिला का निकास द्वार बनाया गया है ताकि किसी भी परिस्थिति में लोगों को असुविधा ना हो ।

### सिमडेगा शहर के कई पूजा पंडाल फूलों से कर रही है सजावट

सिमडेगा राम जानकी मंदिर ,ओमकार पूजा समिति झूलन चौक,यूथ कम्बीनेशन गुलजार गली, नव युवक संघ कुंज नगर पूजा पंडाल में इस बार विशेष फूलों की सजावट की जा रही है ।जिसके लिए उड़ीसा के कारीगर यहां पर पहुंचकर पंडाल को भव्य रूप देने का काम कर रहे हैं ।सिमडेगा नगर भवन में राजगमपुर से आए हुए कारीगरों के द्वारा भव्य बफीर्ली वादी एवं पहाड़ी का दृश्य बनाया जा रहा है, जहां पर मां दुर्गा विराजमान होगी। समिति के अध्यक्ष सोनी वर्मा ने बताया कि ओमकार समिति दुर्गा पूजा समिति अपने विशेष विद्युत सजावट के लिए जाना जाता है । और इस बार भी उसको ख्याल रखते हुए आकर्षक तरीके से विद्युत सजावट का कार्य करवाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि यहां पर आने वाले भक्तों को पंडाल अपनी ओर आकर्षित कर सके। इधर यूथ कांबिनेशन गुलजार गली के अध्यक्ष मिथिलेश केसरी ने बताया की गुलजार गली में इस बार फूलों की सजावट की जा रही है जिसमें मां दुर्गा विराजमान होगी इसके अलावा आकर्षक विद्युत सजावट की जाएगी जो की विशेष आकर्षण केंद्र रहेगा।

### उड़ीसा के शिव मंदिर का रूप पावर हाउस रामनगर पंडाल

सिमडेगा रामनगर पावर हाउस स्थित पूजा पंडाल समिति द्वारा इस बार उड़ीसा के शिव मंदिर के तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया है। जहां पर मां दुर्गा विराजमान होगी। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मनोज झा ने बताया कि यहां पर उड़ीसा से आए हुए कार्यक्रम के द्वारा 40 फीट ऊंचा भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है, जो कि उड़ीसा के शिव मंदिर के तर्ज पर है। जहां पर लोग आकर इस पंडाल का दर्शन करेंगे ।उन्होंने बताया इसके अलावा मुख्य पथ पर चारों ओर विद्युत आकर्षक सजावट की जा रही है, जो कि इस पंडाल की मुख्य आकर्षण केंद्र रहेगी । उन्होंने कहा इसके अलावा जगह-जगह पर सीसीटीवी एवं साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा जा रहा है ताकि पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की सुविधा ना हो। इसके अलावा शाम टोली पूजा पंडाल में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम के द्वारा पंडाल का निर्माण करते हुए दुर्गा पूजा की जा रही।

### सरकारी मापदंडों को पालन करने वाले पंडाल होंगे सम्मानित

सिमडेगा जिला प्रशासन प्रत्येक वर्ष पंडालो का भ्रमण करने का पस्चात उत्कृष्ट पूजा पंडाल के रूप में सरकारी मापदंडों का पालन करने वाले पंडाल को सम्मानित करती है। इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा फायर सेफ्टी, सीसीटीवी ,महिला ,पुरुष निकास स्वच्छता एवं विशेष थीम एवं लोगों को विशेष संदेश देने वाले पंडाल को चयन करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगी । अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार ने कहा है की पूजा समिति के पदाधिकारी सभी चीजों को विशेष ख्याल रखते हुए पंडाल का निर्माण करें ताकि किसी प्रकार की कोई भी परिस्थिति में लोगों को असुविधा न हो।

## बानो : दुर्गा पहाड़ी मंदिर में 58 वर्षों से हो रही है दुर्गापूजा

**शिवनंदन बड़ाईक**



**बानो।** बानो प्रखण्ड के अंतर्गत बानो की दुर्गा पूजा का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण है।बानो के पहाड़ी मंदिर समडेगा में दुर्गा पूजा लगभग छः दशक पूर्व से से चलता आ रहा है।बानो के दुर्गा पहाड़ी के संबंध में समडेगा के मगन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार कि यहाँ सप्तमी को दर्शनार्थियों के लिये पट खोल दिया जाता है मुख्य पंडाल। यहाँ पर संधि पूजा अष्टमी -नवमी में कई भक्तों द्वारा बकरे तथा कोंहड़ा की बलि देकर किया जाता है।कई श्रद्धालु मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु भी बकरे की बलि चढ़ाते हैं।कहा जाता है कि आज से 58 वर्ष बानो सिमडेगा के कर्मा सिंह और गुरुचरण सिंह दोनों भाई मां दुर्गा के भक्त थे। रातु के तत्कालीन राजा से इन लोगो की जमीन को लेकर अक्सर लड़ाई होती थी।मान्यता है कि माता दुर्गा के प्रभाव के कारण राजा के सिपाही इन दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करने में असमर्थ हो जाते थे। गुरू सिंह के वंशज मगन सिंह ने बताया कि अगर कहीं खेतो में धान कटा होता तो राजा के सिपाहियों को नजर नही आता। कोई खेत में घुसता तो रात भर खड़ा ही रह जाता।कुछ दिनों बाद परिवार में अशान्ति होने लगी ।इसी क्रम में एक दिन1965 दोनों भाईयों ने मां दुर्गा ककोंगसोर, जोलड़ा उड़ीसा से आव्हान करके बानो लाए थे।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

# ग्रामीणों के बीच हाथी से बचाव के लिए टॉच डीजल आदि सामग्री कराएं उपलब्ध : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ।उपायुक्त ने समन्वय समिति कि बैठक में वन विभाग, आई.टी.डी.ए, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास , राजस्व, जिला आपूर्ति विभाग, पंचायती राज, जिला परिवहन, विशेष प्रमंडल, गग्रामीण कार्य, लघु सिंचाई, पथ निर्माण, एनआरईपी, बिजली विभाग, जलपथ प्रमंडल, नगर परिषद, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा, सहकारिता, मत्स्य विभाग, उद्यान, समाज कल्याण, जिला निर्वाचन सहित अन्य विभाग कि विस्तृत समीक्षा कर संचालित कार्य योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित कराने कि दिशा में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।वन विभाग की समीक्षा के क्रम कहा कि फसल तैयार होते ही जिला के कई क्षेत्रों में हाथी का उत्पाद काफी होता है इसके बचाव हेतु अभी से ही हाथी प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच हाथी से बचाव हेतु टॉर्च लाइट, डीजल आदि सामग्री उपलब्ध करने का निर्देश दिया। साथ ही हाथी के प्रभाव से किसी का मृत्यु हो जाता है, घर एवं फसल की क्षति की जाती है तो पीड़ित व्यक्ति को ससमय मुआवजा का लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही क्षतिपूर्ति हेतु प्राप्त आवेदनों का रिजेक्शन किस आधार पर किया गया है, इसका मूल्यांकन कर जानकारी देने का निर्देश दिया गया कुरडेग एवं केरसई प्रखंड में निवास करने वाले बिरहोर समुदायों के लिए ग्राम सभा समिति गठित करते हुए सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने का निर्देश दिया। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जिले के सभी प्रखंडों में ग्राम सभा आयोजन कर वन ग्राम समिति गठित की स्थिति का जानकारी लिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को वन विभाग से सामन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र वन ग्राम समिति का गठन कर अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही डीएफओ को निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तरीय कमिटी के गठन हेतु प्रखंडवार सदस्यों को नामित करे। आई.टी.डी.ए. एवं कल्याण विभाग के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जिले के प्रत्येक विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। मनरेगा अन्तर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा कन्वर्जेंस के माध्यम से किया जा रहे कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

### मजदूरों का बकाया भुगतान को लेकर थाना में आवेदन

**सिमडेगा।** जिला में काम कर रहे मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं मिलने पर सिमडेगा जिला के मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा को मजदूरों ने समस्या को सुनाया। जिला अध्यक्ष ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए चल रहे साइड में मजदूरों को लेकर पहुंचा। दीपक लकड़ा ने बताया मजदूरों का मजदूरी भुगतान को ठिकेदार ने मुंशी बिलसन डुंगडुंग को दे दिया था लेकिन भुगतान नहीं करके मुंशी बिलसन डुंगडुंग ने आपने निजी काम में लगा दिया है और मजदूरों ने पैसा के लिए बोलता था तो 3 महीनों से टल मटोल कर देता था इधर सिमडेगा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया कहा कि गरीब मजदूर का बकाया मजदूरी जल्द से जल्द दिलाया जाए।

### निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर 21 अक्टूबर को

**सिमडेगा।** सदर हॉस्पिटल सिमडेगा में सामाजिक चेतना मंच के द्वारा आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में रांची के नेत्र सर्जन मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। और उनके के द्वारा ऑपरेशन शह लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुबह दस बजे से ऑपरेशन कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए मरीजो को अपने साथ आयुष्मान कार्ड , आधर कार्ड व अन्य पहचान पत्र लाना जरूरी है। जिसमे दावा , चस्मा बिलकुल मुफ्त में दिया जाएगा।

## सिमडेगा में कॉलेज डिपार्टमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में कॉलेज डिपार्टमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में कॉलेज कमेटी ने फैकल्टी डिपार्टमेंट को 2-1 से एवं बालिका वर्ग में हिन्दी विभाग ने इतिहास विभाग को 1-0 से हराकर चैंपियन बना। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थी जीवन का अहम हिस्सा है।खेलकूद प्रतियोगिता बढ़ते दिमाग को आकार देने का सही तरीका है। उन्होंने कहा कि खेलकूद मानसिक कल्याण और शारीरिक फिटनेस के विकास में सहायता करते हैं। विधायक ने कहा कि खेल मनोवैज्ञानिक और वास्तविक कल्याण को प्रभावित किए बिना इसे प्रबंधित करने की दवा है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने से जहां शारीरिक विकास होता है, वहीं मानसिक वृद्धि भी होती है। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, परिश्रम की भावना भी उत्पन्न होती है, जो बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में सार्थक सिद्ध होती है। उन्होंने छात्रों को जीवन मे इमानदार और मेहनती बनने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने विजेता व खिलाडि?ं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,फादर इमानुएल बरला,फादर ब्रूनो टोप्पो,फादर राजेश शांडिल्य, फा फेडरिक कुजूर, सुनील केरकेट्टा,बिपिन मिंज, सनी संतोष टोप्पो,अमित कुमार गुप्ता,जस्टिन सोरेंग,आलोक कुजूर, ईसान तिरु,प्रदीप एडवर्ड एक्का,अनिरुद्ध प्रसाद,अनिमेष रॉय,विल्सन बिलुंग,संदीप केरकेट्टा,संदीप रोशन कुल्लू,सुनी बसंत किंडो,दीपक एक्का आदि उपस्थित थे।

**आग्रह** — हड़ताली सफाई कर्मियों से मिले विधायक भूषण बाड़ा, बोले

# सफाई कर्मियों की सभी मांगें होगी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** न्यूनतम मजदूरी दर देने की मांग को लेकर पिछले दो दिनों से हड़ताल पर रहे सफाई कर्मी। पूजा के समय सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल में जाने से परेशानी काफी बढ़ गई है। इधर दुर्गा पूजा के समय सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल में जाने की सूचना पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा बुधवार की सुबह नगर परिषद कार्यालय पहुंच सफाई कर्मियों से मिले। मौके पर विधायक ने सफाई कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान दो दिनों के अंदर करने का नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही सफाई कर्मियों की सभी मांगो को पूरा कराने का अस्वाशन देते हुए विधायक ने सभी सफाई कर्मियों को काम मे वापस लौटने का किया आग्रह। विधायक ने कहा कि सफाई कर्मियों की सभी मांगे पूरी की जाएगी। दुर्गा पूजा का समय है। ऐसे में शहर एवं दुर्गा पूजा पंडालों में साफ सफाई की काफी अधिक जरूरत है। सफाई कर्मियों के हड़ताल में चले जाने से पूजा पंडाल आयोजन समिति के अलावे श्रद्धालुओं की भी परेशानी बढ़ जाएगी। विधायक ने कहा कि वे सफाई कर्मियों के साथ है। उनकी सभी मांगो को वे हर हाल में पूरा कराएंगे। उन्होंने पूजा पंडालों एवं शहर में साफ सफाई का कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला सचिव बिरंजन बड़ा, पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, डा. अहमद हुसैन, जयंत बरला,मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सहित नगर परिषद के पदाधिकारी व सफाई कर्मी मौजूद थे।

# कोडरमा : धनबाद को हराकर रामगढ़ महिला वॉलीबॉल की टीम बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड के डीएन उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को महिला बॉलीबाल का फाइनल मैच खेला गया. रामगढ़ और धनबाद के बीच खेले गये फाइनल मैच में रामगढ़ की टीम भारी पड़ी. रामगढ़ की टीम ने सीधे सेटों मे धनबाद को 25-18, 25-12 से हराकर कर खिताब पर कब्जा जमाया. मौके पर उपस्थित अतिथियों ने विनर व रनर टीम को कप देकर सम्मानित किया गया. इससे पहले इसका उद्घाटन प्रमुख विजय कुमार सिँह, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव, मुखिया नीता कुमारी और पूर्व मुखिया चन्द्रिका साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर प्रमुख विजय कुमार सिंह ने इस तरह के आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के लिए जरूरी है. इस तरह के आयोजन से यहाँ के बच्चियों मे खेलकूद प्रति रूचि बढ़ेगी और अन्य क्षेत्रों की तरह खेलकूद मे भी अपना नाम रौशन करेंगी. उन्होंने दोनों टीम को बेहतर खेल के लिए बधाई दी.

### नेहा कुमारी मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नेहा कुमारी को आंका गया जबकि सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सलोनी कुमारी बनीं. अम्पायर की भूमिका शुभम कुमार, नागेश्वर प्रसाद, प्रदीप सिन्हा, नित्यानंद कुमार ने निभाई. मौके पर विद्यालय के निदेशक नागेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार, विजय दास, मुकुलचंद्र सिन्हा,युसूफ खान, मुन्ना कुमार, पप्पू सिँह, रंजन कुमार दीपक कुमार, दिनेश कुमार, प्रताप सिँह, लक्ष्मी कुमारी, नंदनी कुमारी परी कुमारी तन्नू कुमारी, फायका प्रवीण समेत सैकड़ो छात्र छात्राएं व दर्शक मौजूद थे.

# वृद्ध दंपती पेंशन की आस में भीख मांगने को हो रहे विवश



**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

प्रखंड के परसवार पंचायत अंतर्गत मुटकी गांव निवासी वृद्ध दंपती को पेंशन नहीं मिल रही है। इसके कारण भीख मांग कर गुजारा करने को विवश हैं। वृद्ध दंपती 70 वर्षीय भूखल भुईहर तथा उसकी पत्नी 65 वर्षीय कवलपति देवी, जो आंख से पूरी तरह अंधी है, जीविकोपार्जन की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार में भीख मांग कर अपनी जरूरत पूरा कर रहे हैं। बड़गड़ बाजार में भीख मांगने के दौरान पूछे जाने पर दंपती ने बताया कि उन्हें सरकार से मात्र महीने में 9 किलो राशन मिलता है, जो हम दोनों के लिए पर्याप्त नहीं है। राशन के अतिरिक्त इन्हें किसी तरह की सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है। दंपती ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि उन्होंने पेंशन दिलाने के लिए कई बार पंचायत के मुखिया एवं अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि से संपर्क किया है। लेकिन किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। पेंशन की आस में आज भी वे दर-दर कि ठोकर खाते हुए भीख मांग कर अपना पेट पाल रहे हैं। दृष्टि विहीन वृद्ध कवलपति देवी ने प्रेस के माध्यम से उपायुक्त से पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग मांग की है ताकि उनके जीवन का आखिरी दौर भीख मांगने में न गुजरे, सरकार की मदद से जीवन बसर सही तरीके से कर सके।

# एनएच-75 : अतिक्रमणों पर चली जेसीबी



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

उपायुक्त शेखर जमुआर के आदेश के आलोक में बुधवार को एनएच-75 के दोनों तरफ दुकान एवं मकान के आगे के फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान चलाया गया। रमना मुख्य पथ पर दो-चार पहिया वाहनों की घंटों पार्किंग, दुकान के सामने बोर्ड-बैनर, छज्जा तथा चौक-चौराहों के अगल-बगल ठेला, खोमचा से हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है।

जाम से निजात पाने के लिए और आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर उक्त अभियान शुरू किया गया है। अंचलाधिकारी सह बासुदेव राय एवं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाह ने बताया कि जिला के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर अंचल प्रशासन की ओर से यह अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू किया गया है। अभियान में अंचलाधिकारी राजकुमार सिंह, हल्का कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन ठाकुर, पुलिस पाधिकारी और जवान मौजूद थे। लगातार दो दिनों से मुख्य पथ के दोनों ओर सरकारी अमीन से मापी कराने तथा चेतावनी के बाद भी मुख्य पथ के दोनों तरफ लोगों द्वारा अतिक्रमण मुक्त नहीं करने के कारण जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि दोबारा अतिक्रमण किए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। जब तक अतिक्रमण मुक्त नहीं हों जाता तब तक यह अभीयान चलाया जाएगा।

## गागर में सागर

### पंचायत सचिव व मुखिया प्रतिनिधि ने की लंबित प्रधानमंत्री आवास की जांच

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल के चपकली गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच पंचायत सचिव कमलेश कोरवा व मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुनी साह ने की। इस दौरान लाभुकों के घर पहुंच कर आवास की जांच की गई। जिन लाभुकों का आवास कार्य प्रगति पर है, उनको पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं जिन लाभुकों ने 40000 लेने के बाद भी अभी तक आवास निर्माण कार्य की नींव तक नहीं खोदी है उन्हें चार दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य को शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पैसे की रिकवरी भी की जाएगी। कोरवा ने बताया कि पंचायत के कई गांवों में प्रधानमंत्री आवास कार्य लंबित पड़े हैं। संबंधित लाभुकों के घर पहुंचकर कार्य को अविलंब पूरा का निर्देश दिया गया है। मौके पर वार्ड सदस्य रामबली सिंह, प्रधानमंत्री आवास के स्वयंसेवक अर्जुन सिंह, जैनूल यादव छोटू भूइयां आदि मौजूद थे।

### प्रधानाध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** संकुल संसाधन केंद्र उच्च विद्यालय चितविश्राम में संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्विफ्ट चैट बोट एप आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक संकुल साधन सेवी संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण में स्विफ्ट चैट एप आधारित शिक्षक सहायक और डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस चैट बोट सभी विद्यालयों में लागू किया जाना है। डिजिटल युग में स्विफ्ट चैट बोट के माध्यम से शिक्षक अपने वर्गकक्ष जाने से पूर्व शिक्षक सहायक चैट बोट के उपयोग से लेसन प्लान, वर्कशीट और वीडियो के माध्यम से अपने वर्गकक्ष में सीखने-सिखाने के विधि आसान कर पायेंगे। वहीं बच्चे प्रत्येक सप्ताह शनिवार से अगले सप्ताह शुक्रवार तक साप्ताहिक क्विज के माध्यम से सीखने का लर्निंग स्तर आसानी से समझ पायेंगे। प्रशिक्षण में शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, उदय कुमार, सुग्रीव राम, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार सिन्हा, नरेंद्र श्रीवास्तव, जगरनाथ राम, नरेश राम आदि उपस्थित थे।

### मुखिया और कर्मी किए गए प्रशिक्षित

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत विकास सूचकांक संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित मुखिया व कर्मियों को मुख्य प्रशिक्षक सह प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने पंचायत विकास सूचकांक की जानकारी देते हुये कहा कि पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वे कर ग्रेडिंग की जायेगी। ग्राम पंचायतों को प्राप्त स्कोर के आधार पर प्रत्येक जिले के एक ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जायेगा। उस पंचायत के विकास के लिये अलग से राशि उपलब्ध कराई जायेगी। यह सर्वे प्रत्येक वर्ष कराया जायेगा। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पंचायत लक्ष्य प्राप्तकर्ता, 75-90 अंक प्राप्त करने वाले पंचायत अग्रणी पंचायत, 60-75 अंक वाले पंचायत प्रदर्शन कर्ता, 40-60 अंक वाले पंचायत आकांक्षी, 40 से कम अंक वाले पंचायत को शुरुआती के रूप में ग्रेडिंग की जायेगी। सर्वे के बाद संबंधित लाइन विभाग के नोडल पदाधिकारी द्वारा जांच कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अग्रेतर प्रेषित करेंगे। प्रशिक्षण में मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, विवेक कुमार, उषा देवी, कुमारी रेखा, पंचायत सचिव बिरेंद्र सिंह, नंदकुमार मेहता, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

### कार्य सूची उपलब्ध कराने की अपील

**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों की बैठक बुलाई गई। इसमें कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सभी वार्ड पार्षदों को अपने -अपने वार्ड क्षेत्र से संबंधित अति आवश्यक कार्यों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की गई और कहा गया कि नगर पंचायत कार्यालय को जितनी जल्दी समस्याओं की सूची उपलब्ध कराई जाएगी उतनी ही जल्द उसका समाधान किया जा सकता है। साथ ही सभी वार्ड पार्षदों से अपने -अपने वार्ड क्षेत्र में राजस्व जमा करने हेतु आमजनों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचना देने के लिए नंबर जारी किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि बोर्ड भंग होने के बावजूद भी नियमित अंतराल पर बैठक का आयोजन किया जाएगा ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

### डीएवी में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**भवनाथपुर।** डीएवी भवनाथपुर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने आकर्षक फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। एलकेजी से गार्गी ने प्रथम स्थान, सांवी गुप्ता ने द्वितीय स्थान, एडविन एक्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी से अर्णव साहदेव ने प्रथम स्थान, इशिता प्रिया ने द्वितीय स्थान, आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम लिली से अविरल चौबे प्रथम स्थान, ओम नमामि द्विवेदी ने द्वितीय स्थान, अराध्या कुमारी एवं अथर्व चौबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम रोज से रचितदेव पांडे ने प्रथम स्थान, भास्करनाथ ने द्वितीय स्थान, चैतन्य यादव एवं शिप्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय लिली से विकी पांडे ने प्रथम स्थान, प्रत्युष ने द्वितीय स्थान, अनमोल चौबे एवं आर्या सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय रोज से वैष्णवी ने प्रथम स्थान, सिवन्या ने द्वितीय स्थान, आन्वी एवं ज्योति जेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, शिक्षिका रंजना वर्मा बबलू कुमार, सीसीए इंचार्ज बी बी शाहू, संजय राय भट्ट मौजूद रहे।

## मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के अलग-अलग पूजा पंडालों का भ्रमण

# हर घर में नल से प्रति व्यक्ति 55 लीटर मिलेगा जल : मिथिलेश



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों में पूजा पंडाल का भ्रमण किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर गढ़वा के सुख, शांति, समृद्धि एवं विकास की कामना की। सभी पूजा पंडालां में सहयोग राशि भी प्रदान किया। मौके पर मंत्री ने अटौला स्थित शिव मंदिर मंडप एवं छपरवार स्थित देवी मंडप का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। पूजा समिति के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। मंत्री ने समिति के लोगों को सम्मानित भी किया।

मौके पर मंत्री ने उपस्थित लोगां को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी का आशीर्वाद एवं गढ़वा के जनता के सहयोग से आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से बेहतर विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में पेयजल की काफी समस्या बनी रहती है। बहुत जल्द यह समस्या दूर होगी। आगामी दो साल के अंदर हर घर में नल से जल मिलेगा। पानी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर के हिसाब से पानी मिलेगा। यदि कभी 55 लीटर से कम प्रति व्यक्ति पानी मिले तो आप ठेकेदार को बांधकर घर में रख लें। यदि आपको पूरा पानी नहीं मिलता है, तो ठेकेदार का भी खाना पानी बंद कर दें। उन्होंने कहा कि अपना हक एवं अधिकार लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना पड़ेगा। अपना अधिकार लड़कर लेना होगा। यदि ग्रामीण जागरूक नहीं होंगे तो ठेकेदार खर्च बचाने के लिए कम मोटर चलाकर कम पानी भी आपूर्ति कर सकता है। इसके लिए ग्रामीणों की जागरूकता जरूरी है। मंत्री ने कहा कि जब तक हर घर में नल से जल नहीं पहुंचता है तब तक के लिए उन्हांने मुख्यमंत्री से लड़कर प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगवाने की व्यवस्था किया है। इसका टेंडर भी हो चुका है। यथाशीघ्र चापाकल लगाने का कार्य पूर्ण होगा। मंत्री ने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा चयनित स्थान पर ही चापाकल लगेगा। ऐसा नहीं होगा कि झामुमो के नेता, कार्यकर्ता हैं, विधायक के आदमी हैं तो उनके आंगन में चापाकल लगे। ऐसा कभी नहीं होगा। जहां जरूरत हो वहीं लगेगा। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के गद्दी पर जो लोग बैठे हैं वे झारखंड की जनता को कितना परेशान कर रहे हैं यहां के गरीबों को आवास तक नहीं दिया गया। यह सब माता रानी देख रही हैं। ऐसे लोगां को सबक सिखायेंगी। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट है फिर भी मैं शामिल नहीं हुआ। अपने क्षेत्र के जनता के बीच उनकी समस्या दूर करने के लिए साथ में हूं। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, सुड्डू, मिथिलेश देव, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज भारती, दयानंद तिवारी, उदय तिवारी, नंदू तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, गंगा चंद्रवंशी, रमेश पाल, जयनंदन सिंह, बबीता देवी, सुजाता सिंह, लव कुमार, ललन चंद्रवंशी, प्रदीप साव, अनिल साह, लालबिहारी प्रजापति, अवधेश पासवान, ब्रजेश चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### विभिन्न राजनीतिक दलों के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के छपरवार खुर्द, चेचरिया, खोरीडीह, विकताम, अरंगी, पढ़ुआ, लोवादाग, संगबरिया, तेनार, बस स्टैंड मेराल (मेराल पश्चिमी), मेराल पूर्वी, गांदा, अरंगी, करकोमा, हासनदाग, गेरूआ, बाना आदि पंचायतों के विभिन्न गावों में स्थित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रखंड के छपरवार खुर्द दुर्गा पूजा पंडाल भ्रमण के दौरान विभिन्न पार्टियों के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। लोगों ने मंत्री ठाकुर के विकास के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से खोलरा ग्राम निवासी हरिलाल चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, रूकम चौधरी, हरिशंकर चौधरी, पिंटू चौधरी, बिकेश चौधरी, राधा चौधरी, चेचरिया निवासी सकुंती देवी, सुचिता देवी, संजू देवी, सरिता देवी, सुमन देवी, सोनी देवी, लखमनिया देवी, मीरा देवी, रीता देवी, शांति देवी आदि शामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, सुड्डू, मिथिलेश देव, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज भारती, दयानंद तिवारी, उदय तिवारी, नंदू तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, गंगा चंद्रवंशी, रमेश पाल, जयनंदन सिंह, बबीता देवी, सुजाता सिंह, लव कुमार, ललन चंद्रवंशी, प्रदीप साव, अनिल साह, लालबिहारी प्रजापति, अवधेश पासवान, ब्रजेश चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

# 2 बाइकों की टक्कर में 3 युवक गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार पंडा नदी पुल के समीप बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकुंदपुर गांव निवासी जयराम पासवान के दो पंकज पासवान (18 वर्ष ) एवं छोटू कुमार (12 वर्ष)अपने गांव मुकुंदपुर से बाइक पर सवार होकर केतार बाजार जा रहा था। वहीं नवाडीह गांव निवासी शाकिर अली का पुत्र शाहिद अंसारी (16वर्ष) केतार बाजार से बाइक से अपने घर नवाडीह जा रहा था। इसी क्रम में पंडा नदी पुल के समीप अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें पंकज पासवान का दाहिना हाथ एवं पैर टूट गया है। वहीं छोटू कुमार एवं शाहिद अंसारी को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें लगी हैं। राहगीरों के सहयोग तीनों घायलों को केतार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर रेफर कर दिया।

# केतार में फास्ट फूड दुकान में नकदी व सामान की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

कपूरी गेट के समीप पटेल फास्ट फूड दुकान से मंगलवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने नकद राशि एवं सामान चोरी कर ली। भुक्तभोगी दुकानदार संतोष चौधरी के भगीना पार्थिक पटेल बुधवार की सुबह 11 बजे दुकान पहुंचा तो पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान में रखे 6000 रुपये गायब हैं। वहीं दुकान में रखी गई पानी की बोतल, पेप्सी, मिकचर, कुरकुरा के पैकेट सहित अन्य खाद्य सामग्री भी चोरी कर ली गई है। इसकी सूचना दुकानदार संतोष चौधरी के भगीना पार्थिक पटेल ने केतार थाना को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच जुट गई है। बताते चलें कि उक्त दुकान पिछले एक सप्ताह से बंद थी। इससे पूर्व आमवाडीह गांव की एक दुकान में भी चोरी हुई थी। चोरी की घटनाओं से केतार बाजार में दहशत का माहौल है।

# कार्यशाला में शामिल नहीं हुए मुखिया व कई पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

आकांक्षी प्रखंड में चयनित जिले के मयूरहंड प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त के आदेशानुसार एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व संचालन पंद्रहवीं वित्त के प्रखंड समन्वयक प्रमोद कुमार ने की।

ज्ञात हो कि कार्यशाला में सभी विभाग के पदाधिकारी व मुखिया को अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना था। पर फुलांग, करमा, मंझगावा, बेलखोरी एवं सोकी पंचायत के मुखिया कार्यशाला में उपस्थित नहीं हुए। इसके अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, वन विभाग एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी भी कार्यशाला से दूरी बनाये रहे। कार्यशाला में उपस्थित अन्य विभाग के पदाधिकारी व मुखिया को पंचायत में अन्य विभाग द्वारा की गई कार्यों को पेमाइस करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। साथ ही सभी पंचायत स्वयं सेवकों को पंचायतवार कार्यो की उपयोगीता सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कार्यशाला में उपस्थित नहीं होने वाले विभाग के पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचीत करने की बात कही। करमा मुखिया रामनाथ यादव ने बताया कि कार्यशाला की जानकारी मुझे नहीं थी। कार्यशाला में कदगावांकला मुखिया अशोक कुमार भुईयां, पंदनी मुखिया अजय कुमार भुईयां, मयूरहंड मुखिया मृदुला देवी, हुसिया की उर्मिला देवी, पेटादेरी की कलावती कुमारी, पंसस माया देवी, पंचायत सचिव बीटीएम राजेश कुमार पीएसएस के संचालक उपस्थित थे।

# बिपिन दुबे ने महुआडांड़ के एसडीएम का प्रभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

बिपिन कुमार दुबे ने बुधवार को महुआडांड़ एसडीएम का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर दुबे ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता सरकार की जो गाइडलाइन है उसका अक्षरशः पालन कराना है। पत्रकारों एवं आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास आपलोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। एसडीएम ने कहा कि प्रखंड का चहुमुंखी विकास करना ही मेरा मकसद है। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। वहीं निवर्तमान एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने सहयोग के लिए स्थानीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## धर्म-कर्म

### श्रीराम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मन की दौड़ नहीं मिटती

# सब कामनाओं को छोड़ श्रीराम को भजो : जीयर



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सब कामनाओं को छोड़कर श्रीराम को भजो। जो दिन आज है, वह कल नहीं रहेगा, चेतना है तो जल्दी चेत जा, देख मौत तेरी घातमें घूम रही है। श्रीराम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मनकी दौड़ नहीं मिटती, लोग केवल भेष बनाकर दर-दर अलख जगाते हैं, परंतु भगवान के चरणों में प्रेम नहीं करते, उनका जन्म वृथा है। जो शांत, दांत, उपरत, तितिक्षु और समाहित होता है, वही आत्मा को देखता है और वही सबका आत्मरूप होता है। जिन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर- इन छः शत्रुओं को जीत लिया है, वे पुरुष ईश्वर की ऐसी भक्ति करते हैं जिसके द्वारा भगवान में परम प्रेम उत्पन्न हो जाता है। जैसे प्रवाह के वेग में एक स्थान की बालू अलग-अलग - बह जाती है और दूर-दूर से आकर एक जगह एकत्र हो जाती है, ऐसे ही काल के द्वारा सब प्राणियों का कभी वियोग और कभी संयोग होता है। सरलता, कर्तव्यपरायणता, प्रसन्नता और जितेन्द्रियता - तथा वृद्ध पुरुषोंकी सेवा – इनसे मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है, जिससे सब जीव निडर रहते हैं और जो सब प्राणियों से निडर रहता है, वह मोह से छूटा हुआ सदा निर्भय रहता है। स्वामी जी ने कहा कि जो मनुष्य समस्त भोगों को पा जाता है और जो सब भोगों को त्याग देता है, इनमें सब भोगों को पाने वाले की अपेक्षा सबका त्याग करने वाला श्रेष्ठ है। जो संग्रह का त्याग करके अपरिग्रह में रत है, ऐसे चित्त के मलसे रहित हुए ज्ञानवान पुरुष ही निर्वाण को प्राप्त होते हैं। जैसे अग्नि के समीप रहने वाले पुरुष का अंधकार और शीत अग्नि की स्वाभाविक शक्ति से ही दूर हो जाता है, वैसे ही पापी पुण्यात्मा जो कोई भी भगवान को भजता है, वहीं उनकी महिमा को जानता है और वहीं शांति प्राप्त करता है। जब दृश्य नहीं है, तब दृष्टि भी कुछ नहीं है, दृश्य के बिना देखना कहां, दृश्य के कारण ही द्रष्टा और दर्शन हैं। काम, क्रोध, मद, लोभकी खान जब तक मन में है, तबतक ज्ञानी और मूर्खमें क्या भेद है? दोनों एक समान ही हैं।

# विशुनपुरा में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली गई अमृत कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**

नेहरू युवा केंद्र गढ़वा विशुनपुरा के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश चरण 2 के तहत अमृत कलश यात्रा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया। थाना प्रभारी संजय कुशवाहा व सदर पंचायत, अमहर पंचायत के मुखिया ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों से वीर शहीदों के सम्मान में लाई गई मिट्टी बड़ी कलश में संग्रहित की गई। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा को नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पूजा सिंह, दिव्या सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन पिरामल फाऊंडेशन के प्रतिनिधि सत्यम प्रकाश ने किया। महिलाओं के बीच नेहरू युवा केंद्र द्वारा पौधों का वितरण भी किया गया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष उर्मिला देवी मुखिया ललित नारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह जेएसएलपीस बलॉक एडमिन नागेंद्र पाल महिला समूह के स्नेह लता, आरती देवी, रीना देवी अनिता देवी, ममता देवी, रूपम देवी, संगीता देवी, रीमा देवी, रुक्मिणी देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित थे।

# बीजेपी की रणनीति

**झारखंड** विधानसभा को आखिरकार लंबी प्रतीक्षा के बाद नेता प्रतिपक्ष मिल गया। राज्य विधानसभा सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बीजेपी ने अमर कुमार बाउरी को पार्टी विधायक दल का नया नेता चुन लिया। इसके पहले 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना था, लेकिन स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता नहीं दी थी। चुनाव नतीजों के कुछ ही दिनों बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ स्पीकर की ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई गई थी। दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने 2019 का चुनाव बीजेपी के बजाय अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा से लड़ा था और जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। चुनाव नतीजों के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने अपनी पार्टी का विलय बीजेपी में करा दिया था। इसे लेकर उनके खिलाफ स्पीकर ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। स्पीकर ट्रिब्यूनल ने इन शिकायतों पर सुनवाई भी पूरी कर ली, लेकिन अब तक इस पर फैसला नहीं दिया। नतीजतन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनकी मान्यता का मसला करीब साढ़े तीन साल से लंबित चला आ रहा था। अब जबकि भाजपा ने विधायक दल का नया नेता चुन लिया है। बीजेपी विधायक दल के नए नेता के चुनाव के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने तीन महीने पहले पर्यवेक्षकों की एक टीम भेजकर पार्टी विधायकों के बीच गुप्त रूप से रायशुमारी कराई थी। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व ने बाउरी के नाम पर मुहर लगाई है। इसके साथ ही इस पद के दावेदार माने जा रहे जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी ने सचेतक नियुक्त किया है। एक प्रकार से बीजेपी ने आगामी चुनाव के लिए सियासी महासमर में जाने का मन बना लिया है। अमर बाउरी अमर कुमार बाउरी फिलहाल बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में बीजेपी जातीय समीकरण को देखते हुए दलित नेता को यह जवाबदेही दी है। कुल मिलाकर बीजेपी हर एक दांव अपने पक्ष मे करने के लिए उतावली है। तत्कालीन रघुवर दास के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में बाउरी खेल और युवा मामलों के मंत्री बनाए गए थे। साल 2019 में अमर बाउरी दूसरी बार विधायक चुने गए। राज्य में पिछले साढ़े तीन साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली रहा। इसके चलते सूचना आयोग, महिला आयोग सहित एक दर्जन से भी ज्यादा संवैधानिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां लंबित हैं। इन पदों पर नियुक्तियों का निर्णय विशेष चयन समितियों के जरिये किया जाता है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष का शामिल रहना आवश्यक रहता है। इन तमाम विषयों को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने बाउरी के माध्यम से एक बड़ा दांव खेला है। राज्य के ताकतवर आदिवासी नेता अर्जुन मुंडा को केन्द्र में भेजकर बाबूलाल मरांडी को आगे करना बीजेपी की एक सोची समझी रणनीति है। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष भी इसके काट का रास्ता चुन रही है। कुल मिलाकर अगले चुनाव की बाबत बीजेपी रणनीति बनाने में जुट गयी है। अब आगे देखना होगा कि उसकी अगली रणनीति क्या होती है। लेकिन यह तय है कि वह जातीय समीकरण का पूरा ख्याल रख रही है।

**चुनाव नतीजों के कुछ ही दिनों बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ स्पीकर की ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई गई थी। दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने 2019 का चुनाव बीजेपी के बजाय अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा से लड़ा था और जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।**

# अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत है





ललित गर्ग

**समलैंगिक** विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आदर्शों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आदर्शों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है। कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है। विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाये रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणायें रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और

**विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाये रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है।**

## इन दिनों

सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं। अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनायेगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जायेगा। भारत विविधता में एकता वाला देश है, लगभग सभी धर्म एवं सम्प्रदायों में समलैंगिक विवाहों को लेकर विरोध ही है। हाल ही में सिख समुदाय में ऐसे स्पष्ट स्वर सुनने को मिले हैं। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है। अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाये जाने से एक दिन पहले अमृतसर में 'पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी। भले ही समलैंगिक यौन सम्बन्ध बनाने को सर्वोच्च न्यायालय 2018 में ही गैर आपराधिक कृत्य करार दे चुका है। इसी से प्रेरित होकर समलैंगिक समर्थक कई संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय में उनके विवाह को भी वैध करार देने की याचिका दायर की थी जिसका विरोध केन्द्र सरकार ने किया था। भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता। भले ही भारत में ही प्राचीन काल में भी ऐसे उदाहरण मिले हो या धार्मिक ग्रन्थों में कई ऐसे उदाहरणों का उल्लेख हो, जो समलैंगिक सम्बन्धों की तरफ इशारा करते हैं परन्तु भारतीय समाज ने हमेशा ही ऐसे सम्बन्धों को प्रकृति के विरुद्ध यौन सम्बन्ध माना है और सामाजिक विकार की श्रेणी में रखा है। स्त्री और पुरुष का यौन सम्बन्ध ही प्रकृति को गतिशील रखते हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***यहां*** यह भी सिद्ध है कि धर्मराज (यम) ब्रह्माण्ड के दंडाधिकारी होते हुए भी उन भक्तों का लेखा-जोखा नहीं संभाल सकते जिन्होंने एक तत्वदर्शी संत से दीक्षा ली है और कबीर साहेब की पूजा करते है । यह भी सिद्ध होता है कि सर्वशक्तिमान कबीर साहेब भक्तों को नर्क के कष्ट से बचा सकते हैं और धर्मराज से भी बचा सकते हैं। पाठकों को सूचित किया जाता है कि वही परमपिता परमात्मा कविर देव पृथ्वी पर अवतरित हुए हैं और संत रामपाल जी महाराज के रूप में लीला कर रहे है। केवल संत रामपाल जी महाराज ही संसार के एक मात्र उद्धारकर्ता और मुक्तिदाता है। भक्तों को धर्मराज (यम) और अन्य देवताओं की पूजा करने जैसे सभी बेकार मनमानी प्रथाओं को त्याग देना चाहिए और पूर्ण संत की शरण लेनी चाहिए और अपना कल्याण करना चाहिए और सभी को सत भक्ति कर मोक्षप्राप्ति करना चाहिए।

*(समाप्त)*

### आइये सुने दुर्गा माता के नव रुपों की कहानी

माँ दुर्गा के 9 रूपों की आराधना का पर्व नवरात्रि आरंभ हो चुका है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक माँ भगवती की उपासना कर, व्रत कर, जागरण कर भक्तगण माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूरे भारत देश में विशेषकर उत्तर भारत में नवरात्रि की रौनक और पूजा पंडाल देखने लायक होते हैं। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के 9 रूपों की 9 दिनों तक पूजा की जाती है, इसके साथ ही अगर इन 9 दिनों तक नवग्रहों की भी पूजा की जाय तो अनिष्ट प्रभाव शांत रहते हैं एवं रोग और शोक से मुक्ति मिलती है। नवरात्रि शब्द 9 की संख्या से बना है जो कि एक रहस्यात्मक बोध कराता है।

**क्रमशः**

# एएमयू में गद्दार हजार कार्रवाई की दरकार


योगेश कुमार सोनी

**एक** बार फिर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) सुर्खियों में हैं। पहले तो देश में होने वाले विवादों पर ही यहां से बयान आते थे लेकिन अब विदेश में हो रही गतिविधियों को लेकर यहां छात्र प्रदर्शन करने लगे हैं। बीते कुछ दिनों से इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। 7 अक्टूबर को हमास ने चंद मिनट में इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे थे। उसके बाद एक्शन में आये इजरायल ने जवाब दिया। इस बीच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में कैंपस में प्रदर्शन किया और इस ही शुक्रवार को हमास के लिए नमाज भी पढ़ी और वी स्टैंड फिलिस्तीन के साथ धार्मिक नारेबाजी भी की। छात्रों ने धार्मिक नारेबाजी करते हुए अल्लाह हू अकबर के नारे भी लगाये। इस घटनाक्रम का यदि आकलन करें तो इसे मात्र किसी विश्वविद्यालय का किसी के प्रति समर्थन या विरोध नहीं माना जा सकता। प्रश्न यह है कि क्या इन छात्रों के पीछे कोई बड़ी राजनीतिक सत्ता है या किसी आतंकी संगठन? चूंकि देश में एकमात्र यही ऐसी यूनिवर्सिटी है जो देश-विदेश में हो रहे बड़े मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। पूरे देश में इस मामले को लेकर कहीं भी किसी भी यूनिवर्सिटी या छात्र समूह ने कोई भी बयान नहीं दिया। इससे पहले भी कई बार यहां से विवादित बयान आ चुके हैं। इस प्रकरण में यह बात समझ नहीं आती कि आखिर वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का माइंड वॉश करने के पीछे क्या व किस किसकी मंशा है। यदि आंतकी व अन्य किसी बड़ी पार्टी इस खेल के पीछे हैं, तो निश्चित तौर पर देश को एक बड़ा खतरा है। हम बाहरी लोगों से लड़ने में तो पूर्णतः सक्षम हैं लेकिन आस्तीन में पल रहे सांपों का इलाज मुश्किल है। बीते दिनों किसी अन्य मामले पर मेरे साथ एक टीवी चैनल डिबेट में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष सज्जाद राथर ने लाइव यह कहा कि कश्मीर हिंदुस्तान का भाग नही हैं। इसके अलावा भी कई देश विरोधी बातें कहते हुए उसने कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी पर कई आरोप लगाये। साथ में यह भी कहा इन सबके के लिए पार्टियां ही जिम्मेदार हैं जो यहां पढ़ रहे छात्रों में मतभेद समझती हैं लेकिन जब उससे पूछा गया कि क्या मतभेद हैं तो वह कोई उत्तर नहीं दे पाया। चूंकि वह सिर्फ तथ्यहीन बातों को लेकर ही आग उगल रहा था। उसके इन वाकयों से स्पष्ट हो चुका था कि जो इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर हमारे देश के लिए आग उगल सकता है तो उसके मन में और कितना जहर होगा। यह तो केवल एक ही छात्र की कहानी है। बाकी ऐसे लोगों की तो पूरी जमात ही है। सबसे ज्यादा मुसलमान हमारे देश में हैं। हम यह कहते हैं कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है। बावजूद इसके, ऐसी घटनाएं मन को कचोटती हैं। यदि एएमयू व जेएनयू जैसी संस्थाओं पर निगरानी नहीं रखी गई तो कहीं यह संस्थाएं आतंकियों का अड्डा व फैक्टरी न बन जाएं। यहां हमारे शासन-प्रशासन पर सवालिया निशान उठता है कि लगातार हो रही इस तरह कि घटनाओं पर हमारा सिस्टम गंभीरता क्यों नहीं दिखा रहा। क्या यह चुनौती है या फिर विफलता ? चुनौती है तो भी स्वीकार करनी पड़ेगी व विफलता है तो भी उसमें सुधार करना होगा। क्योंकि दोनों ही स्थिति में बड़ा नुकसान देश के वर्तमान व भविष्य को है। समय रहते इस जहर को फैलने से रोकना होगा, क्योंकि यह इन संस्थाओं मे पढ़ रहे बच्चों के माता-पिता के लिए एक चिंता का विषय हो सकता है। कोई भी अभिभावक नहीं चाहता कि उसके बच्चे इस तरह की राह पर चलें। अभिभावकों को भी बच्चों के व्यवहार व गतिविधि पर निगाह रखनी चाहिए। वैसे तो यहां पढ़ रहे अधिकतर बच्चों के अभिभावक उनसे दूर ही रहते हैं, फिर भी किसी भी रूप में सही, निगरनी जरूरी है।

**बीते कुछ दिनों से इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। 7 अक्टूबर को हमास ने चंद मिनट में इजरायल पर हजारों रॉकेट दागे थे। उसके बाद एक्शन में आये इजरायल ने जवाब दिया।**

## कार्रवाई

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# राजस्थान में बदलाव की बयार


रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** में पिछले तीस वर्ष से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाये रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टियां जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं। राजस्थान में पिछले 30 वर्ष से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे, जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था। बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री गहलोत के प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाइन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक करियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। इसके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आये थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गये थे। मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस फिर से सरकार बनाती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नये नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्ष में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की एजेंसी के फाउंडर से तकरार हो चुकी है। एजेंसी की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था।

**2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक करियर ही चौपट कर दिया था।**

## बदलाव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### 45.710 किलो गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जिले के नगरनार थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मंडी नाका धनपुंजी के पास तीन व्यक्ति अपने संयुक्त अधिपत्य के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने के लिए बस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर 45.710 किलो गांजा के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार सूचना पर पुलिस ने धनपूंजी मंडी नाका के पास से मुकेश गुप्ता पिता किशोर गुप्ता निवासी कोरापुट उड़ीसा, पप्पू प्रसाद गुप्ता पिता अशोक गुप्ता निवासी कोरापुट उड़ीसा एवं रोहित कुमार पिता रामस्वरूप साव निवासी पलामू झारखंड के संयुक्त कब्जे से 45.710 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं तीन मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपितों का कृत्य अपराध धारा 20 एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार कर थाना नगरनार में कार्रवाई उपरांत बुधवार को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश करने रवाना किया गया।

### अवैध असलहा फैक्टरी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस और एसटीएफ टीम ने अवैध शस्त्र फैक्टरी का भंडाफोड़ कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनके पास से भारी मात्रा में निर्मित एवं अर्धनिर्मित शस्त्र और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस और एसटीएफ टीम लखनऊ ने पुख्ता सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। गम्हरिया रोड के पास मंगलवार को बहादुरपुर से किराए की एक मकान से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसमें ऐनुल उर्फ रईस अंसारी, पवनीश उर्फ पवनेश कुमार पांडेय उर्फ इंस्पेक्टर, स्वालहीन अंसारी उर्फ बबलू और गयासुद्दीन को मोहल्ला नवाबगंज नई बस्ती बहादुरपुर रोड गभड़िया से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित प्रतापगढ़ निवासी ऐनुल उर्फ रईस अंसारी, पवनीश उर्फ पवनेश कुमार पांडेय निवासी प्रयागराज, स्वालहीन अंसारी उर्फ बबलू (प्रतापगढ़), गयासुद्दीन पुत्र इरफान (प्रतापगढ़) के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से नौ .315 बोर, 2-03 जिंदा कारतूस .315 बोर, तमन्चा, अर्द्ध निर्मित 46 तमन्चे 315 बोर और अन्य समान किए हैं।

### क्लासरूम में ही किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवादा ।** नवादा में इंटर की छात्रा ने बुधवार को क्लास रूम में सुसाइड कर लिया है। छात्रा के क्लास रूम में सुसाइड करने की सूचना के बाद स्कूल एवं आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया।पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गयी है।वहीं छात्रा ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है।मामला नवादा जिले के शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के लाल बीघा हाई स्कूल का है। मृतक छात्रा शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के संजय कुमार की बेटी साक्षी कुमारी है.साक्षी 11 वीं की छात्रा है।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इंटर की छात्रा ने क्लास रूम में पंखे से लटक कर खुदकुशी की है।उसके पास से मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने जब्त कर लिया है.इस सुसाइड नोट में मृतका ने धीरज नामक युवक की चर्चा की है।उसपर छेड़खानी का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उसने लिखा है कि पुलिस उसके खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज करे पर सुसाइड के लिए वह जिम्मेवार नहीं है।सुसाइड की वजह उसने नहीं लिखी है.सुसाइड नोट में साक्षी ने लिखा कि मेरे मरने के बाद मेरे घरवाले धीरज पे दोष लगाएंगे,लेकिन उस पर बस छेड़खानी का केस चलाना जायज है।मेरे मौत का कारण वो नहीं है।जब स्कूल खुलने के कुछ देर बाद क्लास रूम में छात्र-छात्राएं पहुंची तो देखा कि पंखे से लाश लटक रही है।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत,जांच शुरू

**राजगढ़।** भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुरिया में मोटर की फुटबॉल निकालने के दौरान 30 वर्षीय युवक तालाब में गिर गया और गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम किशनपुरिया निवासी रामचरण (30) पुत्र हिन्दूसिंह सौंधिया की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक खेत के नजदीक तालाब से कचरा फंसने के चलते मोटर की फुटबॉल निकाल रहा था तभी वह गिर गया और गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक को तैरना नहीं आता था। पुलिस ने मृतक के पिता हिन्दूसिंह की रिपोर्ट पर मामले में जांच शुरू कर दी है।

# डेंगू पीड़ित हर मरीज को समय पर मिले इलाज : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने डेंगू मरीजों के लिए अस्पतालों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराने को भी कहा है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन, निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेजों की स्थिति और डेंगू की रोकथाम के लिए किए ना रहे प्रयासों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई है। विगत कुछ दिनों में मुरादाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी हॉटस्पॉट की स्थिति न बनने पाए। अस्पतालों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराई जाए। गांव हो या कि शहर कहीं भी एक भी संक्रमित मरीज इलाज के अभाव में परेशान न हो। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रिपोर्टिंग जरूर हो। योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि नगर विकास, ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु फॉगिंग करायें। सुबह सैनीटाइजेशन व शाम को फॉगिंग का कार्य निरंतरता के साथ कराएं। जल भराव का निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन अयोग्य योजना के लिए पात्र हर परिवार का आयुष्मान कार्ड जरूर बनाया जाए। इस संबंध में वर्तमान में संचालित अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। अब तक 191.9 लाख परिवार इन योजनाओं से आच्छादित होकर 5 लाख वार्षिक के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के बारे में आमजन के बीच जागरूकता भी बढ़ाई जाए।असेवित जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए राज्य सरकार ने पीपीपी मोड की नीति अपनाई है। इसके तहत शामली, मऊ, महराजगंज और संभल में कार्य प्रारंभ हो चुका है। जबकि बागपत, मैनपुरी, कासगंज, महोबा, हमीरपुर और हाथरस के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग के तहत भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। सभी जगह शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किए जाएं।

### कुंतल मामले में हाई कोर्ट का आदेश

# केंद्रीय एजेंसी पर लगे आरोपों की हो सुनवाई

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कुंतल घोष की ओर से केंद्रीय खुफिया एजेंसी पर लगाये गये उत्पीड़न के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। इस संबंध में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है। कि एकल पीठ ने पहले कहा था, इस मामले में जांच कराने की कोई जरूरत नहीं है। कुंतल की शिकायत से जुड़े एक मामले की सुनवाई पहले न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने की थी। निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए केंद्रीय एजेंसी ईडी-सीबीआई ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। निचली अदालत ने कुंतल के आरोपों की जांच शुरू करने को कहा था लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसी की जवाबी याचिका पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट की एकल पीठ कहा कि फिलहाल जांच जरूरी नहीं है। उन्होंने निचली अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था। जस्टिस सिन्हा के आदेश को चुनौती देने के बाद कुंतल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में गए थे। इसी मामले की सुनवाई बुधवार को न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति उदय कुमार की खंडपीठ के समक्ष हुई। दो जजों की पीठ ने निर्देश दिया कि जांच एजेंसी के खिलाफ कुंतल के प्रताड़ना के आरोपों की सुनवाई एकल पीठ को करनी चाहिए। भर्ती मामले में कुंतल ने निचली अदालत को पत्र लिखकर केंद्रीय जांच एजेंसी पर दबाव बनाने के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

# बंगाल सरकार ने स्कूलों में यौन उत्पीड़न रोकने के लिए दिये निर्देश

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को यौन उत्पीड़न रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं के तहत लाने के प्रयास में राज्य शिक्षा विभाग ने कुछ कदम उठाए हैं। विभाग ने सभी जिला प्राथमिक शिक्षा परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी राज्य संचालित प्राथमिक विद्यालयों में आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी) बनाने के लिए कदम उठाने के लिए विशिष्ट निर्देश भेजे हैं। राज्य शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी राज्य संचालित प्राथमिक विद्यालय से जुड़े किसी भी व्यक्ति की संभावित शिकायत का आपातकालीन और तत्काल आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य संचालित प्राथमिक विद्यालयों के लिए विशाखा दिशानिर्देशों के अनुसार कदम उठाए जा रहे हैं, जो कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित प्रक्रियात्मक दिशानिर्देशों का एक संकलन है। जिला प्राथमिक शिक्षा परिषदों को भी सलाह दी गई है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न राज्य संचालित प्राथमिक विद्यालयों में इस संबंध में हुई प्रगति के बारे में राज्य शिक्षा विभाग को नियमित रूप से अपडेट करें। राज्य शिक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा, ₹जिला परिषदों के अधिकारियों को संबंधित प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों या प्रधानाध्यापिकाओं के साथ नियमित संपर्क में रहना चाहिए ताकि उन्हें स्पष्ट जानकारी मिल सके कि इस मामले में निर्दिष्ट मानदंडों का उनकी भावना के अनुरूप पालन किया जा रहा है या नहीं। मानदंडों के अनुसार, विशाखा दिशानिर्देश को 10 या अधिक कर्मचारियों वाले किसी भी संगठन में लागू किया जाना चाहिए।

# कमलनाथ सरकार की पावर ऑफ अटॉर्नी भी दिग्विजय के पास थी : सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी दे रखी है, जब कमलनाथ की सरकार थी तब भी पावर ऑफ अटॉर्नी दिग्विजय के पास ही थी। दरअसल, मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी दिग्विजय को दे रखी है, जो अब भी वैलिड है। इसके बाद दोनों के बीच मंच पर संवाद भी हुआ था, उसी के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को तंज कसा है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी दे रखी है। कांग्रेस में गालियां खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी दी गई हैं।मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि कमलनाथ ने खुद खुलासा किया है कि गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी उन्होंने दिग्विजय सिंह को दे रखी है जो अभी तक वैलिड है। कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हो कि गाली खानी पडे.। अगर गाली खानी पड़े तो खुद ना खाएं दूसरे को पावर ऑफ अटॉर्नी दे दें। ऐसे ही सरकार चलाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी दिग्विजय सिंह को ही दे रखी थी। पहले भी बंटाधार हुआ और आज भी बंटाधार ही हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब दिग्विजय जी ने सरकार चलाई तो उस समय जो मध्य प्रदेश की दुर्गति हुई, वह जनता को पता है। लेकिन, अद्भुत है कांग्रेस और धन्य हैं इसके नेता, जो गालियां खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब विजन नहीं है। पार्टी के नेता सिर्फ अपनी तिजोरी भरने के लिए जनता को भरमा रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को राज्य की जनता के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की बातों से स्पष्ट है कि कांग्रेस को अपने लिए सत्ता चाहिए वह भी सिर्फ भ्रष्टाचार करने के लिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने अब मन बना लिया है कि कांग्रेस को कभी भी सत्ता नहीं सौंपेंगे।

# जन समर्थन से तीसरी बार भी नरेन्द्र मोदी बनेंगे देश के प्रधानमंत्री :नन्दकिशोर यादव

**एजेंसी। नवादा**



पूर्व मंत्री पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा है कि जन समर्थन से तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। वह बुधवार की शाम नवादा जिले के रजौली में कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने किया।

मंडल अध्यक्ष ने बताया कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अमृत कलश का संग्रह सप्त ऋषियों की पावन भूमि रजौली पहुंचकर पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने किया।मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व मंत्री ने रजौली बाजार पैदल भ्रमण कर स्थानीय आम-आवाम से रूबरू होकर मोदी सरकार के कार्यकाल में किये गये गरीब कल्याण योजनाओं एवं देशहित में लिए गये ऐतिहासिक निर्णयों के संबंध में विस्तृत रूप से जनसंवाद किया। पूर्व मंत्री भाजपा महामंत्री संतोष वर्मा के घर के निकट पहुँचकर स्थानीय आम-आवाम एवं भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया। पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने अपने संबोधन में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के संबंध में संबोधित करते हुए बताया कि हमारी पार्टी एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोच इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों के प्रति समर्पित भाव से श्रृद्धांजलि अर्पित करने एवं उनके परिवार के लोगों को सम्मान देने का है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इसी क्रम में रजौली मंडल के विभिन्न शक्ति केन्द्रों, बूथों, घरो पर घर घर जाकर मिट्टी लेकर पूर्व मंत्री को कलश समर्पित किया। ये कलश का मिट्टी पूरे देश से जाकर दिल्ली में अमर शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। पूर्व मंत्री ने लोकसभा चुनाव में फिर से एक बार मोदी सरकार, फिर से एक बार भाजपा सरकार का संकल्प भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम-जनों को दिलवाया।

भाजपा कार्यकर्ताओं से निवेदन करते हुए पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब एक-एक भाजपा कार्यकर्ता संगठित होकर एक टोली बनाकर अपने मंडल, शक्ति केन्द्र, बूथों पर घर-घर जाकर मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम-आवाम को अवगत कराते हुए फिर से एक बार देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाने का मतदाताओं से निवेदन करे।मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव भाजपा महामंत्री संतोष कुमार वर्मा के आवास पर भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय आम-जनों के साथ भोजन कर पटना रवाना हुए।मंडल अध्यक्ष ने इस सफल कार्यक्रम कार्यक्रम के लिए अपने रजौली मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, अतिपिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार समस्त रजौली भाजपा कार्यकताओं ने अपनी महत्ती भूमिका इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निभाई। मैं अपने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

# सीएम भूपेश के नेतृत्व में तीन उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**एजेंसी। कांकेर**



छत्तीसगढ़ में पहले चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को कांकेर जिले की तीन विधानसभा सीट के उम्मीदवारों कांकेर से शंकर धुर्वा, अंतागढ़ से रूपसिंग पोटाई एवं भानुप्रतापपुर सावित्री मंड़ावी ने मुख्यमंत्री भूपेश के नेतृत्व में अपना नामांकन दाखिल किया, नामांकन दाखिल के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने एक सभा को संबोधित किया और कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों को विजयी बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में भी क्षेत्र की जनता ने जिले की तीनों विधानसभा सीट से कांग्रेस को जीत दिलाई थी, इस बार भी जनता का आशीर्वाद मिलेगा और जिले की तीनों विधानसभा में जीत दर्ज होगी। अंतागढ विधायक अनूप नाग के निर्दलीय चुनाव लड़ने नामांकन लेने पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें मना लिया जाएगा, पार्टी से बगावत नहीं करेंगे। वहीं चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के सवाल उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी उल्टा लटकाने के अलावा कोई बात नहीं कह रहे है, हमने जातिगत जनगणना सहित अन्य घोषणा की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी केवल आलोचना करने, जेल भेजने, उल्टा लटकाने की बात कह रही है।

## राजनीति

### मध्य प्रदेश में सिंधिया और उनके समर्थकों की घेरने की कोशिश में कांग्रेस

# ग्वालियर-चंबल इलाके पर कांग्रेस की नजर

**कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को पार्टी के नेता अब भी नहीं भूल पाए हैं।**

**संभावना इस बात की जताई जा रही है कि सिंधिया को पार्टी शिवपुरी से उम्मीदवार बना सकती है।**

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश में कांग्रेस की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थक उम्मीदवारों को घेरने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी है और यही कारण है कि पार्टी की ओर से ताकतवर उम्मीदवारों पर दांव लगाया जा रहा है। यह अलग बात है कि विधायक केपी सिंह को पिछोर की बजाय शिवपुरी से उम्मीदवार बनाकर पार्टी ही उलझन में फंस गई है। राज्य में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को पार्टी के नेता अब भी नहीं भूल पाए हैं और यही कारण है कि सिंधिया को घेरने के लिए राज्य के नेता सबसे ज्यादा मशक्कत कर रहे हैं।

भाजपा ने सात सांसदों सहित तमाम दिग्गजों को विधानसभा चुनाव में मैदान में उतार रखा है तो संभावना इस बात की भी जताई जा रही है कि सिंधिया को पार्टी शिवपुरी से उम्मीदवार बना सकती है, लिहाजा इस इलाके के कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेता और पिछोर से विधायक केपी सिंह को पार्टी ने शिवपुरी से पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया है ताकि सिंधिया के रास्ते को रोका जा सके। कांग्रेस ने सिंधिया को रोकने की रणनीति के तहत सिंह को उम्मीदवार बनाया तो सियासी हल्कों में हलचल मच गई और कहा तो यहां तक जा रहा है कि केपी सिंह खुद शिवपुरी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इसी मामले को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच भी दूरियां बढ़ने की खबर आ रही है। कमलनाथ का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के दावेदार वीरेंद्र रघुवंशी के समर्थकों से दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन के कपड़े तक फाड़ने की बात कह दी।

एक तरफ जहां कांग्रेस सिंधिया का रास्ता रोकने की कोशिश कर रही है तो वही पार्टी ने सिंधिया समर्थक सांवेर के उम्मीदवार तुलसीराम सिलावट, सुरखी से उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत की खिलाफ दमदार उम्मीदवार उतार दिए हैं, तो वहीं सिंधिया के अन्य समर्थकों के खिलाफ भी ताकतवर उम्मीदवार उतारे जाने की तैयारी चल रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस के निशाने पर सबसे पहले सिंधिया हैं और यही कारण है कि ग्वालियर-चंबल इलाके पर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं की पहली नजर है और वह इस इलाके में हर हाल में सिंधिया का प्रभाव कम करना चाहते हैं और इसके लिए वे सिंधिया और उनके समर्थकों के खिलाफ मजबूत जन आधार के नेता तलाश रहे हैं।

ग्वालियर-चंबल के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी जो सिंधिया समर्थक हैं उनकी राह कठिन बनाने की कोशिश में कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

### कानपुर में साठ लाख की चरस जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**कानपुर।** एसटीएफ एवं ग्वालटोली की पुलिस ने भैरव घाट चौराहे के पास से बुधवार को 60 लाख की अवैध चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरोह के सदस्य बिहार के चंपारण जिले से लाकर उत्तर प्रदेश के कई शहरों में इसकी सप्लाई करते हैं। पुलिस उपायुक्त मध्य प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के चंपारण जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी विक्रान्त पटेल और इसी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव निवासी अब्दुल्ला कलाम हवारी है। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वहां से लाकर कानपुर किसी व्यक्ति को देकर वापस लौट जाते हैं। इसके लिए उन्हें होटल में रुकने एवं आने-जाने तथा भोजन और लगभग तीस हजार रुपये प्रति व्यक्ति को मिलता था।




## गागर में सागर

### पीएम ने अल अहली अस्पताल पर हमले में हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। एक एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की दुखद क्षति से गहरा सदमा लगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना। जारी संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल पर मंगलवार रात हुए हमले से सारी दुनिया सकते में है। इस हमले में सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान गई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने इसकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि यह अस्वीकार्य है।

### रेप मामले में शाहनवाज हुसैन को जारी समन पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित बलात्कार और धमकी के एक मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके. नागपाल अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता के आदेश के खिलाफ हुसैन द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिन्होंने उन्हें बलात्कार (भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दंडनीय) और आपराधिक धमकी (धारा 506) के अपराधों का संज्ञान लेने के बाद 20 अक्टूबर को उनके सामने पेश होने का निर्देश दिया था। मेहता ने पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट के खिलाफ शिकायतकर्ता महिला की विरोध याचिका पर हुसैन के खिलाफ समन जारी किया था। शिकायतकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर भरोसा किया था, जिसने अदालत को दिखाया कि यदि अभियोजक की एकमात्र गवाही विश्वसनीय है, तो आरोपी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है।

### पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू जिले के अरनिया सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास विक्रम पोस्ट पर मंगलवार देररात पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तान की गोलीबारी में एक जवान के पेट तथा दूसरे के हाथ में गोली लगी है। विक्रम पोस्ट पर बीएसएफ की 120 बटालियन तैनात है। बीएसएफ तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। किसी को भी अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही।

### भारत-फ्रांस सैन्य उप-समिति की 21वीं बैठक में हुई सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत-फ्रांस सैन्य उप समिति (एमएससी) की 21वीं बैठक 16-17 अक्टूबर को नई दिल्ली के वायु सेना स्टेशन में आयोजित की गई। भारत की ओर से आईडीएस मुख्यालय में एकीकृत स्टाफ (सैन्य सहयोग) के सहायक प्रमुख एयर वाइस मार्शल आशीष वोहरा और फ्रांस की ओर से संयुक्त स्टाफ के अंतरराष्ट्रीय सैन्य संबंध के जनरल ऑफिसर मेजर जनरल एरिक पेल्टियर ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। भारत-फ्रांस एमएससी मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय और फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ मुख्यालय के बीच रणनीतिक और परिचालन स्तरों पर नियमित बातचीत और उसके जरिए दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के विकास के लिए स्थापित एक मंच है। यह बैठक मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशी से भरपूर और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र के दायरे में नई पहलों की तलाश और पहले से जारी रक्षा गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने बिहार कृषि रोड मैप का किया लोकार्पण, कहा-

# विकसित राज्य बनाने के लिए समेकित विकास जरूरी है

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में बिहार के चतुर्थ कृषि रोड मैप का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश में चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत हुई है। बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए समेकित विकास के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि बिहार को हर सेक्टर में विकास का रोड मैप बनाकर काम करना होगा। मानव निर्मित संकीर्णता से बाहर आकर समेकित विकास की जरूरत है। राज्य के नीति निर्धारक लोगों को विकास के रोड मैप के लिए पहल करनी होगी और उस पर चलना होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक समस्या बताते हुए कहा कि बिहार की पहचान नदियों और तालाबों के लिए होती है, लेकिन इस साल यहां भी कम बारिश हुई है। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि बिहार के किसानों ने आधुनिकता के साथ साथ पारंपरिक खेती को भी जिंदा रखा है। कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। मैं भी यहां की खेती के तरीके को एक बार देखना चाहती हूं, कैसे यहां पर लोग खेती करते हैं।

इससे पहले तीन दिवसीय दौरे पर पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर उनका स्वागत राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी समेत कई मंत्री एवं वरीय पदाधिकारियों ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति बापू सभागार पहुंची, जहां उन्होंने तय कार्यक्रम के अनुसार चतुर्थ कृषि रोडमैप 2023-28 का लोकार्पण किया। राष्ट्रपति शाम को पटना साहिब तख्त श्रीहरमंदिर में मत्था टेकने भी जाएंगी। राष्ट्रपति के आगमन पर राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। 19 अक्टूबर को राष्ट्रपति मोतिहारी जाएंगी, जहां महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। इसी दिन शाम को पटना एम्स के दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लेंगी। 20 अक्टूबर को वे पटना से गया जाएंगी।



### राष्ट्रपति से नीतीश ने हर 3 माह में बिहार आने का आग्रह किया

**आरएनएम। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू पहली बार बिहार यात्रा पर हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सरकार के चौथे कृषि रोडमैप की शुरूआत के अवसर पर कहा, मैं माननीय राष्ट्रपति को उन दिनों से जानता हूं जब मैं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री था। वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुझसे संपर्क करती थीं, जिन्हें मैं अपनी क्षमता से हल करने का पूरा प्रयास करता था। राष्ट्रपति मुर्मू ओडिशा में विधायक रह चुकी हैं जहां भाजपा का राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल (बीजद) के साथ गठबंधन था। दोनों दल 2009 में अलग हो गए थे। नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुर्मू की उम्मीदवारी को अपनी पार्टी के समर्थन की बात का जिक्र भी किया। बिहार में भाजपा के साथ जदयू के नाता तोड़ने से एक माह पहले ही मुर्मू राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित हुई थीं। नीतीश ने मुर्मू की ओर मुखातिब होते हुए कहा, आप यहां तीन दिन रहेंगी, जिस दौरान आप कई स्थानों का दौरा करेंगी। हालांकि मैं आपसे हर तीन से चार महीने में एक बार राज्य के दौरे का कार्यक्रम बनाने का आग्रह करूंगा। बिहार आपके गृह राज्य से बहुत दूर नहीं है, यह वह भूमि भी है जिसने देश को उसका पहला राष्ट्रपति (राजेंद्र प्रसाद) दिया। नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर से कहा कि आप केंद्र द्वारा नियुक्त व्यक्ति हो सकते हैं लेकिन मेरे मन में इसके खिलाफ कुछ भी नहीं है। नीतीश कुमार ने कहा, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप राज्य में दौरे करें और खुद देखें कि आज पेश किए गए कृषि रोडमैप को लागू किया जा रहा है या नहीं। बेझिझक मेरे साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा करें। उन्होंने स्थानीय लहजे में कहा, मेरा बतवा मानिएगा ना? इस पर आर्लेकर ने मुस्कुराते हुए सहमति में सिर हिलाया।

## कैबिनेट की बैठक

# अराजपत्रित रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिन का बोनस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने सभी पात्र अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़ा बोनस (पीएलबी) देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इसे मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकारों को बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 11,07,346 रेलवे कर्मचारियों को कुल 1968.87 करोड़ रुपये का पीएलबी भुगतान किया जाएगा। इन रेल कर्मचारियों में ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप 'सी' स्टाफ (आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) शामिल है। सरकार का कहना है कि साल 2022-2023 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। रेलवे ने 150.9 करोड़ टन की रिकॉर्ड माल ढुलाई की और लगभग 6.5 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

## मिजोरम विस चुनाव : भाजपा ने 9 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने मिजोरम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इससे पहले भाजपा ने बुधवार को ही मिजोरम के लिए अपने 12 उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी की थी।

दोनों सूचियों को मिलाकर भाजपा मिजोरम के लिए अपने 21 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अब तक कर चुकी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की मंजूरी के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को मिजोरम विधान सभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अलग-अलग पहली और दूसरी लिस्ट को जारी कर दिया।

भाजपा ने अपनी दूसरी लिस्ट में तुइरिअल विधान सभा सीट से एफ. वानहमिंगथांगा, कोलासिब से आर. लालथंगलियाना, तुइवावल से जूडी जोहमिंगलियानी सहित 9 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पहली लिस्ट में भाजपा ने हच्छेक विधान सभा सीट से माल्सावमत्लुआंगा, डम्पा से वनलालहमुअका, ममित से लालरिनलियाना सेलो, सेरलुई से रॉबिन्सन, चम्फाई उत्तर से पी.एस. जटलुआंगा, ह्रांगतुर्जो से लालमलसावमा, लुंगलेई पश्चिम से आर. लालबियाक्त्लुआंगी और थोरांग से शांति बिकास चकमा सहित 12 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। मिजोरम में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

# सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में पांच आरोपी दोषी करार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है। अब सजा के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। 13 अक्टूबर को न्यायाधीश ने अतिरिक्त दलीलों या स्पष्टीकरण के लिए समय दिया था क्योंकि बचाव और अभियोजन दोनों ने इस महीने की शुरूआत में अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। अदालत ने फैसला सुनाए जाने के समय सभी आरोपियों को अदालत में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया था। गौरतलब है कि 30 सितंबर 2008 को सौम्या विश्वनाथन देर रात अपनी कार से घर लौट रही थीं, उसी दौरान उनकी नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने उसकी हत्या का कारण डकैती बताया था और आरोपियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध रोकथाम अधिनियम (मकोका) लगाया था। बलजीत मलिक और दो अन्य आरोपी रवि कपूर तथा अमित शुक्ला को 2009 में आईटी पेशेवर जिगिशा घोष हत्या मामले में दोषी ठहराया जा चुका है।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिली एफसीआरए की अनुमति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के अंतर्गत स्वैच्छिक योगदान प्राप्त करने की अनुमति प्रदान कर दी है। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विश्व के विभिन्न देशों से लोगों के चंदे को स्वीकार करने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के तहत अनुमति के लिए आवेदन किया था। चम्पत राय ने बताया कि विदेशी स्रोतों से प्राप्त होने वाला कोई भी स्वैच्छिक योगदान केवल भारतीय स्टेट बैंक की 11 संसद मार्ग नई दिल्ली-110001 स्थित मुख्य शाखा के खाता संख्या-42162875158 में ही स्वीकार होगा।




### 'बिग बॉस 17' में जिग्ना वोरा को है पूरा विश्वास, शो के जरिए उन्हें जानेंगे लोग



**पूर्व क्राइम** रिपोर्टर जिग्ना वोरा वर्तमान में 'बिग बॉस 17' में कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सुपरस्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो के माध्यम से लोगों को उनका असली पक्ष पता चलेगा। आईएएनएस से बात करते हुए जिग्ना ने शो में शामिल होने की अपनी वजह का खुलासा किया। "बिग बॉस के घर में शामिल होने की वजह मेरा बेटा है। वह चाहता था कि मैं इसका हिस्सा बनूं।" क्या वह 'बिग बॉस 17' में अपने संघर्षों के और पहलुओं को सामने लाएंगी? उन्होंने कहा, "नहीं, मैं अतीत में जो कुछ भी हुआ है, उसे सामने नहीं लाना चाहती। हां, लेकिन लोगों को पता चल जाएगा कि असली जिग्ना वोरा कौन है और जिग्ना वोरा का कैसा स्वभाव है।" यह पूछे जाने पर कि क्या वह शो में सर्वाइवल गेम के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा, "जीवन में भी हर किसी को अस्तित्व से जुड़ी बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बात सिर्फ इतनी है कि असल जिंदगी में लोगों को इसके बारे में नहीं पता लेकिन शो में ये देखने को मिलेगा।

### मशहूर मलयालम फिल्म अभिनेता कुंद्रा जॉनी का दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन



**साउथ फिल्म** इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आई है। मशहूर मलयालम फिल्म अभिनेता कुंद्रा जॉनी का निधन हो गया है। उन्होंने 71 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। कहा जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह 10 बजे से कुंद्रा जॉनी का पार्थिव शरीर कोल्लम कडापक्कडा स्पोर्ट्स क्लब में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उनके पार्थिव शरीर को दोपहर 3.30 बजे उनके आवास ले जाया जाएगा और उनका अंतिम संस्कार 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कांजीराकोड के सेंट एंथोनी चर्च परिसर में किया जाएगा।

### मद्रास हाईकोर्ट ने सुपरस्टार विजय 'लियो' के पायरेटेड वर्जन की रिलीज पर लगाया प्रतिबंध

**मद्रास हाईकोर्ट** ने बुधवार को सुपरस्टार विजय की 'लियो' फिल्म के पायरेटेड वर्जन की ऑनलाइन इलीगल रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया। फिल्म के निमार्ता सेवन स्क्रीन स्टूडियो ने फिल्म के पायरेटेड वर्जन की स्क्रीनिंग को रोकने के लिए मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया और अदालत से इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसी रिलीज के खिलाफ कार्रवाई करने से रोकने का अनुरोध किया है। मद्रास हाईकोर्ट के जज अब्दुल कुद्दोस ने फिल्म के पायरेटेड वर्जन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि पायरेटेड वर्जन उनकी साइटों के माध्यम से प्रदर्शित न हो। सेवन स्क्रीन स्टूडियो की ओर से पेश वकील विजय सुब्रमण्यम ने पहले अदालत में उल्लेख किया था कि फिल्म का बजट ज्यादा था। अगर पायरेटेड वर्जन जारी किया गया तो इससे फिल्म के निमार्ताओं को भारी नुकसान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 1,200 वेबसाइटें थी और अगर पायरेटेड वर्जन जारी किया गया, तो फिल्म को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा और इलीगल रिलीज के कारण फिल्म को बहुत कम दर्शक मिलेंगे।



## कार्यक्रम — पीएम 3 नवंबर को वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का करेंगे उद्घाटन

# खाद्य प्रसंस्करण में हैं निवेश की अपार संभावनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का दूसरा संस्करण 03 से 05 नवंबर तक नई दिल्ली में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 03 नवंबर को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस की उपस्थिति में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 05 नवंबर को कार्यक्रम में समापन भाषण देंगी। वर्ल्ड फूड इंडिया के इस संस्करण में नीदरलैंड साझेदार देश होगा, जबकि जापान और वियतनाम फोकस देश हैं। प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्री पटेल ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 में दुनिया का सबसे लंबा मिलेट डोसा बनाने के लिए 60 से 80 शेफ मिलकर काम करेंगे। 100 फीट से अधिक लंबा डोसा बनाकर वे गिनीज रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार द्वारा संचालित अनुभवात्मक फूड स्ट्रीट, भोजन के प्रति उत्साही और उद्योग के पेशेवरों के लिए मुख्य आकर्षण होंगे।

अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023 का जश्न मनाने के लिए मोटे अनाज पेय पदार्थों के 50 हजार टेट्रा-पैक कंटेनरों की एक विशाल आकृति बनाई जाएगी और वंचित बच्चों को वितरित की जाएगी। तीन दिनों में आने वाले 75 हजार आगंतुकों को नृत्य और संगीत प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद मिलेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया वैश्विक हितधारकों के सामने इस क्षेत्र की क्षमता पेश करने का एक प्रयास है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, खासकर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के कई अवसर हैं।

मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम सरकार के विभिन्न विभागों के आपसी सहयोग का एक अनूठा उदाहरण है। 11 केंद्रीय मंत्रालय व विभाग और उनसे जुड़े स्वायत्त निकाय इसमें भाग ले रहे हैं। अब तक 23 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों और 16 देशों के प्रदर्शकों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है और कार्यक्रम के शेष दिनों में और अधिक हितधारकों के इसमें शामिल होने की संभावना है। मंत्री ने इस आयोजन में व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि कई देशों के लगभग 10 विदेशी मंत्रिस्तरीय और आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। इस आयोजन के हिस्से के रूप में वाणिज्य विभाग और उससे जुड़े कमोडिटी बोर्डों के सहयोग से एक रिवर्स बायर सेलर मीट का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें 75 से अधिक देशों के लगभग 1000 विदेशी खरीदारों के भाग लेने की संभावना है। कुल मिलाकर इस आयोजन में 900 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की संभावना है।

### पीएम कल देश की पहली रैपिडएक्स रेल की देंगे सौगात

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शुक्रवार (20 अक्टूबर) को देश की पहली क्षेत्रीय रेल रैपिडएक्स का उद्घाटन करेंगे। प्रथम चरण में यह सेवा 17 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें पांच स्टेशन होंगे। इन पांच स्टेशनों में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई-डिपो शामिल है। इसकी सेवाएं हर 15 मिनट पर उपलब्ध होंगी और यह 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की चाल से चलेगी। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक रेलगाड़ी में एक डिब्बा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। दोनों ओर से पहली रेलगाड़ी छह बजे और अंतिम सेवा रात 11 बजे उपलब्ध रहेगी। आम नागरिकों के लिए सेवाएं शनिवार से चालू की जाएंगी।

## गागर में सागर

### सरकार ने सात देशों को 10 लाख टन से अधिक गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी




**नई दिल्ली।** सरकार ने नेपाल, कैमरून और मलेशिया सहित सात देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. (एनसीईएल) के जरिए किया जा सकता है। हालांकि, भारत ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरत के मद्देनजर सरकार उनके लिए गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति देती है। सरकार ने नेपाल, कैमरून, कोटे डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशल्स को गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी है। अधिसूचना के अनुसार, नेपाल को 95,000 टन, कैमरून को 1,90,000 टन, कोटे डी आइवर को 1,42,000 टन, गिनी को 1,42,000 टन, मलेशिया को 1,70,000 टन, फिलिपीन को 2,95,000 टन और सेशेल्स को 800 टन गैर-बासमती चावल का निर्यात किया जाएगा।

### आरबीआई ने आईसीआईसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक पर ठोंका 16.14 करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक पर बड़ी कार्रवाई की है। रेगुलेटरी नियमों के उल्लंघन के लिए आरबीआई ने दोनों बैंकों पर जुमार्ना लगाया है। इसमें आईसीआईसीआई बैंक पर 12.19 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक पर 3.95 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को बताया कि नियामकीय नियमों का पालन नहीं करने के मामले में ये कार्रवाई की गई है। आईसीआईसीआई बैंक पर जुमार्ना जहां बैंकिग रेग्यूलेशन एक्ट के प्रावधानों का सही से पालन नहीं करने को लेकर लगाया है। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक पर ये जुमार्ना रिजर्व बैंक की कई गाइडलाइंस के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक ने आरबीआई की रिकवरी एलेंट, बैंक के अंदर कस्टमर सर्विस, फाइनेंशियल सर्विसेस की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता और लोन बांटने से जुड़े गाइडलाइंस का सही से पालन नहीं किया। इसलिए उस पर केंद्रीय बैंक ने जुमार्ना लगाया है। बैंक इन सभी गाइडलाइंस को लेकर सालाना समीक्षा करने में विफल रहा है। केंद्रीय बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक पर फ्रॉड का क्लासिफिकेशन करने और उसकी जानकारी देने में कोताही बरतने को लेकर जुर्माना लगाया है।

### शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत सेंसेक्स 66350 से नीचे



नई दिल्ली। शेयर बाजार में गुरुवार को सुस्त शुरूआत हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स सपाट खुले। इरए सेंसेक्स 150 अंक फिसलकर 66,300 के नीचे फिसल गया है। निफ्टी भी 30 अंक गिरकर 19,780 के पास ट्रेड कर रहा है। बाजार में सबसे ज्यादा बिकवाली फाइनेंशियल शेयरों में देखने को मिल रहा है। निफ्टी में बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व 1-1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ टॉप गेनर हैं। इससे पहले भारतीय बाजार मंगलवार को हरे निशान में बंद हुए थे। इरए सेंसेक्स 260 अंक ऊपर 66,428 पर बंद हुआ था। बाजार की सुस्त शुरूआत : सेंसेक्स 90 अंक नीचे 66,335 पर, निफ्टी 22 अंक गिरकर 19,788 पर, बैंक निफ्टी 90 अंक टूटकर 44,319 पर रही।

### त्योहारी सीजन में गेहूं की मांग बढ़ने से कीमतों में आई तेज उछाल

# 6 महीने में 22 फीसदी बढ़ी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

त्योहारों के पहले गेहूं की कीमतों में बड़ी उछाल देखने को मिल रही है। फेस्टिव सीजन के चलते भारी मांग के मद्देनजर घरेलू बाजार में गेहूं के दाम 8 महीने के हाई पर जा पहुंचा है। ऐसे में माना जा रहा है कि कीमतों में बढ़ोतरी पर लगाम लगाने के लिए सरकार अपने इंवेंटरी से और गेहूं खुले बाजार में जारी कर सकती है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर घरेलू बाजार में कीमतों पर नकेल कसने के लिए सरकार गेहूं के इंपोर्ट पर ड्यूटी को खत्म कर सकती है जिससे आयात को सस्ता किया जा सके। रॉयटर्स के रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में गेहूम मंगलवार 17 अक्टूबर को 1।6 फीसदी के उछाल के साथ 27,390 रुपये प्रति मेट्रिक टन पर जा पहुंचा है जो 10 फरवरी 2023 के बाद सबसे उच्च कीमत है। पिछले छह महीने में गेहूं के



दामों में 22 फीसदी का उछाल आ चुका है। गेहूं की कीमतों में तेजी जारी रही तो खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है तो खाद्य महंगाई में तेजी आ सकती है। सरकारी डेटा को देखें तो 17 अक्टूबर 2023 को गेहूं का औसत मुल्य 30।29 रुपये प्रति किलो पर जा पहुंचा है तो अधिकतम कीमत 58 रुपये प्रति किलो है। जो एक मई 2023 को गेहूं के नए फसल के बाजार में आने के बाद औसत मुल्य 28।74 रुपये प्रति किलो था तो अधिकतम कीमत 49 रुपये प्रति किलो था। जाहिर है गेहूं की कीमतों में उछाल जारी है। गेहूं की नई फसल 15 मार्च 2024 के बाद ही बाजार में आने की उम्मीद है ऐसे में कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार को अपने कोटे से खुले

**फिलहाल सरकार गेहूं पर 40 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगाती है जिससे आयात बेहद मंहगा है जिसके चलते ट्रेडर्स इंपोर्ट करने से कतराते हैं**

बाजार में गेहूं जारी करना होगा। गेहूं के इंपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए आयात शुल्क खत्म करने की भी मांग हो रही है। फिलहाल सरकार गेहूं पर 40 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगाती है जिससे आयात बेहद मंहगा है जिसके चलते ट्रेडर्स इंपोर्ट करने से कतराते हैं। एक अक्टूबर 2023 को सरकार के वेयरहाउस में 24 मिलियन मेट्रिक टन गेहूं का स्टॉक था जो पांच साल के औसत रहे 37।6 मिलियन मेट्रिक टन से बहुत कम है। वहीं जानकारों का मानना है कि अल नीनो के चलते रही रबी सीजन में गेहूं का उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

### 31 अक्तूबर के बाद भी जारी रहेगी चीनी निर्यात पर पाबंदी

## डीजीएफटी ने जारी किया नोटिफिकेशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को चीनी के एक्सपोर्ट को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। देश से चीनी के एक्सपोर्ट पर बैन 31 अक्तूबर 2023 के बाद भी जारी रहेगा। इसमें रॉ शुगर, रिफाइंड शुगर, व्हाइट शुगर और ऑर्गेनिक शुगर सभी शामिल हैं। त्योहारी सीजन के दौरान चीनी की कीमतों में तेजी के चलते सरकार ने चीनी के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने को लेकर आदेश जारी किया है। डीजीएफटी के नोटिफिकेशन के मुताबिक ये जानकारी मिली है। हालांकि डीजीएफटी के नोटिफिकेशन में इस बात का भी उल्लेख है कि यूरोपियन यूनियन और अमेरिका इस रोक के अंतर्गत नहीं आते और उन्हें एक्सपोर्ट जारी रहेगा। ऐसा उछ और टीआरक्यू कोटा के तहत किया जा रहा है। नोटिफिकेशन में ये भी बताया गया है कि अन्य सारी बातों और नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। केवल रॉ शुगर, रिफाइंड शुगर, व्हाइट शुगर और ऑर्गेनिक शुगर के एक्सपोर्ट के ऊपर बैन लगाया गया है। चीनी की कीमतों में हालिया उछाल के बाद सरकार ने चीनी कंपनियों को उत्पादन, डिस्पैच, डीलर, रिटेलर, बिक्री का पूरा डाटा 12 अक्तूबर तक देने का आदेश दिया था। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई करने की भी बात कही थी। सरकार ने शुगर मिल्स को 10 नवंबर तक ठरहर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी कराने को कहा है।

## सोना के भाव में आई तेजी, चांदी ने भी लगाई जबरदस्त छलांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोना और चांदी दोनों ही बुधवार को जोरदार उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। चांदी का वायदा भाव 72,000 रुपए के ऊपर और सोने का वायदा भाव 59,600 रुपए के करीब कारोबार कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में तेजी का रुख है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज तेजी के साथ 59,500 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 59,600 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,716 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,480 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया।

**चांदी भी चमकी :** एमसी पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 72,100 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह तेजी के साथ 72,155 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,200 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 72,000 रुपए प्रति किलो के



भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी तेज**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव तेजी के साथ खुले, जबकि चांदी के वायदा भाव शुरूआती गिरावट के बाद सुधर गए। उङ्की७ पर सोना 1936.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1935.70 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 14.90 डॉलर की तेजी के साथ 1950.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 22.97 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 23.02 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.20 डॉलर की तेजी के साथ 23.23 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### चीन की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 4.9% पर

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक मांग, रियल एस्टेट क्षेत्र में संकट और अवस्फीतिक दबाव के बीच चीन की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में चालू साल की तीसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में गिरावट आई है। तीसरी तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि दर तीसरी तिमाही में 4.9 प्रतिशत रही है, जो विश्लेषकों के 4.5 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। हालांकि, पिछली साल की समान तिमाही के आंकड़े से चीन की वृद्धि दर सुस्त पड़ी है। पिछले साल समान तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। तिमाही आधार पर तीसरी तिमाही में चीन की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही है, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में यह 0.8 प्रतिशत रही थी। चालू साल के पहले नौ माह में चीन की अर्थव्यवस्था 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

## स्टार हेल्थ ने रांची में दावों के निपटारा के लिए 26 करोड़ रुपये का किया भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की है कि उसने पिछले 15 महीनों में यानी 22 अप्रैल से 23 जून के बीच, रांची में 26 करोड़ रुपये से अधिक के दावों को मंजूरी दे दी है। क्षेत्र में इसके नेटवर्क अस्पताल से प्राप्त सभी दावों में से 23 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के दावे हैं। स्टार हेल्थ ने रांची में कैशलेस दावा निपटान में 22 करोड़ रुपये और प्रतिपूर्ति दावा निपटान में 4 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। अपने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए कंपनी ने सभी कैशलेस दावों का निपटारा 2 घंटे के भीतर कर दिया। ज्यादातर मामलों में, कैशलेस उपचार के लिए प्रारंभिक प्राधिकरण 2 घंटे के भीतर दिया गया था। कंपनी

**स्टार हेल्थ ने रांची में कैशलेस दावा निपटान में 22 करोड़ रुपये और प्रतिपूर्ति दावा निपटान में 4 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया**

ने दावा प्रस्तुत करने के 7 दिनों के भीतर प्रतिपूर्ति दावों का भुगतान करने का प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को प्रतिपूर्ति मार्ग के माध्यम से भी निपटान में परेशानी का सामना न करना पड़े। अप्रैल 2022 से जून 2023 तक 15 महीनों के दौरान, रांची में अधिकांश दावे सर्जिकल उपचार के लिए थे, जिसमें दावों का भुगतान 17 करोड़ रुपये का था। दावों के निपटान में चिकित्सा उपचार की राशि 9 करोड़ रुपये थी। भुगतान किए गए कुल दावों में से, रांची में महिलाओं द्वारा किए गए दावों के लिए 12 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया और पुरुषों द्वारा किए गए दावों के लिए 14 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ फ्रेम्स ऑफिसर सनथ कुमार ने कहा कि रांची में, स्टार हेल्थ ने दावों का निपटान करने और कैशलेस उपचार को मंजूरी देने में तेजी लाई है। हम क्षेत्र में अपने ग्राहकों के प्रति संकल्पित हैं और उन्हें सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है, चाहे वह हमारे ग्राहकों की सभी स्वास्थ्य कवर आवश्यकताओं को पूरा करने के

## विदेश

## भारत ने 'ऑपरेशन अजेय' के तहत इजराइल से 18 नेपाली नागरिकों को निकाला

**एजेंसी। काठमांडू**

इजराइल-हमास युद्ध के बीच इजराइल से भारत नागरिकों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन अजेय के तहत 18 नेपाली नागरिकों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया है। इसके लिए नेपाल के विदेश मंत्री ने भारत की सराहना करते हुए धन्यवाद कहा है। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है। सभी देश अपने नागरिकों को जंगी देशों से बाहर निकाल रहे हैं। भारत ने भी इजरायल में रहते अपने हजारों नागरिकों के स्वदेश वापसी के लिए 'ऑपरेशन अजेय' चलाया हुआ है। विदेश मंत्रालय की देखरेख में चल रहे इस ऑपरेशन के तहत भारतीयों को एयरलिफ्ट कर देश लाया जा रहा है। इस कड़ी में ह्यऑपरेशन अजेय' का एक विमान जो मंगलवार को इजरायल से 286 भारतीयों को लेकर आ रहा था उसमें उन्होंने 18 नेपाली नागरिकों को



भी जगह दी जिसे लेकर विमान भारत के लिए रवाना हुआ था। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने इजरायल से नेपाली नागरिकों को निकालने के लिए अपने भारतीय समकक्ष, विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने इस मदद की सराहना की है। विदेश मंत्री सऊद ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, डॉ.एस.जयशंकर, हम कठिन समय में इस मदद की सराहना करते हैं। नेपाल और नेपाली लोग आभारी हैं।

## पेज एक के शेष

### बेघरों को ...

ट्रेजरी बिल में एक साथ निवेश किया जाएगा तो भविष्य में पेंशन देने में काम आएगा। राजकीय विश्वविद्यालय, कॉलेज में डिप्लोमा डिग्री करने वाले छात्रों को एक वर्ष का अप्रेंटिस का ट्रेनिंग दिया जाएगा। वित्त विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के लिए तकनीकी विशेषज्ञ पता अधिकारी के पद सृजित हुआ है जिसमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडिशनल प्रोजेक्टर होंगे। झारखंड अभियंत्रण पद्धति की संवर्ग नियमावली 23 और झारखंड राज्य कर अस्पताल पर चिकित्सा संवर्ग नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।-हॉस्पिटल सहित अन्य संस्थाओं से जो राज्य सरकार से लिया उन्हें समय से पहले चुकाने की स्वीकृति दी गई।

बीआरपी और सीआरपी के मानदेय में जो 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी उसे अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा। इसका लाभ 745 प्रखंड साधन सेवी और 2000 संकुल साधन से भी को मिलेगा। बिजली हम स्वच्छता अभियान झारखंड द्वारा ग्राम स्तर पर चयनित ग्राम सहिया के बकाया और लंबित मानदेय प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए कल एक अरब 10 करोड़ 24 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई।

बकाया राशि मार्च 2022 तक का दिया जाएगा। ऑनलाइन गेमिंग में भारत सरकार के द्वारा जो जीएसटी का संशोधन है उसे राज्य सरकार ने लागू किया। जजों में सेलेक्शन ग्रेड जिला जज के पात्र 25 प्रतिशत बढ़कर 35 प्रतिशत और सुपर टाइम स्केल में 10 प्रतिशत की जगह 15 प्रतिशत किया गया।

संजय माली रूप कुजूर सुमंती कुमारी और सुर वाली टुडू के खिलाफ भारत बंद के दौरान 2018 में लालपुर थाना में केस दर्ज हुआ था इसे वापस लिया जाएगा। यह छात्र-छात्र रहे हैं और पूर्व में इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है लिया गया था। इस वजह से कैसे वापस लिया गया।

झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के सफलता के लिए निजी बस ऑपरेटर को रियायतें दी गई। नई वाहनों के लिए ही रियायत होगी। गाड़ी की बैठने की क्षमता भी बढ़ाई गई है। अधिकतम सीट की क्षमता 33 से 42 की गई है। द्वितीय सहायता 7 से 7:30 रुपये प्रति किलोमीटर। 25 से 32 सीट के लिए 14.5 प्रति किलोमीटर और 33 से 42 सीट तक के लिए 18 रुपये प्रति किलोमीटर अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। मार्ग की दूरी अधिकतम लंबाई 70 किलोमीटर पहले थी, जिसे बदलकर 125 किलोमीटर किया गया है। फिटनेस जांच सुख नए वाहन के निबंध में 100 प्रतिशत छूट। इसके अलावा जो छूट दी गई थी वे सारे छूट लागू रहेंगे। विधायक योजना की आवंटित राशि को अब राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी रखा जा सकता है। इसके लिए नियम शिथिल किए गए। झारखंड विधानसभा सचिवालय में नियुक्ति में हुई गड़बड़ी के लिए एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्य न्यायिक आयोग द्वारा रिपोर्ट को अब झारखंड सरकार को दिया जाएगा। पहले विधानसभा को प्रतिवेदन देना था। जेल अस्पतालों में चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए नियमावली बनायी गई।

### एसबीआई का ...

जेवरात लेकर रफू चक्कर हो जाया करता था। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जीएम अगर बाइक या फिर पैदल पहुंचता तो दुकानदार उस पर शक करते। इसी वजह से उसने कार खरीदी और उसी से ठगी की वारदात को अंजाम दिया करता था।

**करीब एक दर्जन इलाकों में कर चुका है ठगी :** सिटी एसपी ने बताया कि शातिर ठग कपिल ने अरगोड़ा, चुटिया, धुर्वा, सुखदेवनगर, जगन्नाथपुर और कोतवाली इलाके में दस ठगी के वारदात को अंजाम दे चुका है। इसके खिलाफ केस भी दर्ज है।

### दो वर्षों में ...

एनआईए के जरिये की जा चुकी है। नक्सली काण्डों में तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं यूएपीए के तहत नक्सलियों के खिलाफ समयबद्ध तरीके से अभियोजन चलाने सहित यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि आत्मसमर्पित नक्सली पुनः अपने संगठन में नहीं लौट सके।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के गृह सचिव ने वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन की दिशा में झारखंड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के जरिये किये गये कार्यों की सराहना की है। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध चौतरफा संयुक्त अभियान झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर के साथ चलाया जा रहा है।

### राजस्व कर्मचारी को...

बाद बुधवार को एसीबी ने कार्रवाई की। हुसैनाबाद में छापेमारी करते हुए राजस्व कर्मचारी सचिन गुप्ता को चार हजार रुपए घूस लेते हुए गिरफ्तार किया। सचिन गुप्ता को एसीबी ने उनके आवास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी ने सचिन गुप्ता के घर की भी तलाशी ली है। हालांकि कुछ मिला नहीं। एसीबी सचिन गुप्ता को गिरफ्तार कर कार्यालय ले गई है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। फिलहाल सचिन गुप्ता से पूछताछ की जा रही है। वह हाल के दिनों में ही हुसैनाबाद में तैनात हुए थे। पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम की एक महीने में यह लगातार दूसरी कार्रवाई है, एसीबी की टीम लगातार घूसखोर लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### आईआईटी-आईएसएम के....

प्रतिष्ठित सूची में जगह मिली है। इनमें केमिस्ट्री के प्रो. इंद्रनील मन्ना और प्रो. प्रीतम चट्टोराज, केमिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के डॉ. अनूप चौधरी, फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. प्राण किशोर देब, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डॉ. ओमप्रकाश और डॉ. लखबीर सिंह, ईसीई डिपार्टमेंट के डॉ. चिन्मय चक्रवर्ती, फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. बापी गोराई, मैथमेटिक्स के डॉ. रणधीर सिंह, बायो इंजीनियरिंग एंड बायोटेक की डॉ. शीला चंद्रा, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के डॉ. बप्पा चटर्जी, एमटेक के पूर्व हेड प्रो. अशोक मिश्रा और पीएचडी शोधार्थी सूरज ए माली शामिल हैं। इनके अलावा जमशेदपुर स्थित एनआईटी के 9 प्रोफेसर्स डॉ. सुनील कुमार, डॉ. स्नेहाशीष कुंडू, प्रो. संजय, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. विशेष रंजन कर, प्रो. उज्ज्वल लाहा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. नागेंद्र कुमार और बलराम अंबाडे भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।

### मलबे में तब्दील | गाजा में कहर बनकर टूटी इजराइली सेना

# अस्पताल पर हुए हवाई हमले में 500 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी। यरुशलम**

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा सिटी के एक अस्पताल पर इजराइल के एक हवाई हमले में कम से कम 500 लोगों की मौत हो गई है। हमले के वक्त अल-अहली अस्पताल में सैकड़ों लोगों ने शरण ली हुई थी। द एसोसिएटेड प्रेस को भेजी गयी तस्वीरों में अस्पताल के हॉल में आग लगी हुई, टूटे हुए कांच और क्षत-विक्षत शव देखे गए। अभी इजराइली सेना ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइल ने दक्षिणी गाजा के इलाकों में बमबारी की, जहां इसने फिलिस्तीनियों को अपने संभावित जमीनी हमले से पहले क्षेत्र खाली करने को कहा था। हमले में कई लोग मारे गए हैं। इजराइल ने कहा कि हमला हमास चरमपंथियों को लक्षित था, जिसका इस क्षेत्र पर शासन है। पिछले हफ्ते इजराइल पर किये गए हमास के बर्बर हमले के बाद से गाजा में पानी,



ईंधन या खाद्यान्नों की आपूर्ति नहीं की जा रही। वहीं, मध्यस्थों को क्षेत्र में परेशान लाखों नागरिकों, सहायता समूहों और अस्पतालों को राहत सहायता मुहैया करने के लिए गतिरोध तोड़ने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन क्षेत्र का दौरा करने के लिए तैयार हैं। वह और विश्व के अन्य नेता युद्ध को एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष में तब्दील होने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिका की मध्य कमान के प्रमुख जनरल एरिक कुरिला, बुधवार के बाइडन के दौरे से पहले इजराइली सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक के लिए तेल अवीव पहुंच गये हैं। बाइडन क्षेत्र में संघर्ष के फैलने की आशंका के बीच अरब मुल्कों के नेताओं से मिलने के लिए जार्डन की भी यात्रा करेंगे। लेबनान से लगी इजराइल की सीमा पर मंगलवार को हिंसा भड़क गई, जहां ईरान समर्थित हिजबुल्ला आतंकी सक्रिय हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गाजा के दक्षिणी शहर राफा और खान यूनिस में हवाई हमलों में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया। हमास के एक शीर्ष अधिकारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बसमी नईम ने बताया कि राफा में 27 तथा खान यूनिस में 30 लोग मारे गये हैं। समाचार एजेंसी

**पिछले हफ्ते इजराइल पर किये गए हमास के बर्बर हमले के बाद से गाजा में पानी, ईंधन या खाद्यान्नों की आपूर्ति नहीं की जा रही**

एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक संवाददाता ने देखा कि करीब 50 शवों को खान यूनिस में नसीर हॉस्पिटल लाया गया। खून से सनी चादरों में लिपटे शवों को लेने के लिए परिवार के सदस्य वहां आये हुए थे। देइर अल बला में एक हवाई हमले ने एक मकान को मलबे में तब्दील कर दिया। उसमें रह रहे एक परिवार के नौ सदस्य मारे गए। गाजा सिटी से बचा कर लाये गए एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों को इसके पड़ोस में स्थित एक घर में रखा गया था, वे भी इस हमले में मारे गए।



# विश्व कप 2023 में अब तक के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी हैं कोहली



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व कप में भारत की शानदार शुरूआत ने विरोधी टीमों के पसीने छुड़ा दिए हैं। वहीं अब तक के टूनार्मेंट में मैदान पर विराट कोहली सबसे बेस्ट खिलाड़ी रहे हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार कोहली ने भारत के लिए तीन मैचों में कुल तीन कैच लपके हैं। गैर-विकेटकीपरों न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी डेविड वार्नर की तुलना में दो कम, लेकिन मैदान पर उनका प्रभाव उससे कहीं अधिक है। इवेंट में सभी टीमों के लिए तीन मैचों के दौरान बचाए गए रनों और दबाव रेटिंग की सूची में भारत का बल्लेबाजी स्टार शीर्ष पर है और उसके कुल 22.30 अंक उसे विश्व कप में फील्डिंग प्रभाव के लिए शीर्ष पर बैठाते हैं। कोहली के निकटतम चुनौती साथी दिग्गजों की एक जोड़ी है, जिसमें इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट (चार कैच) और वार्नर (पांच कैच) उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं। पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत में से प्रत्येक के दो-दो खिलाड़ी सितारों से सजे शीर्ष 10 में हैं, जबकि टूर्नामेंट के मेजबानों के पास एक और खिलाड़ी है, जो 11वें स्थान पर हैं। इसका मतलब है कि भारत टीम रेटिंग के मामले में बेहतर है, टूर्नामेंट में अब तक उसने 14 कैच पकड़े हैं। जिसमें कुल 10 रन बचाए गए हैं, 16 दबाव वाले स्थिति और अच्छे थ्रो की चौकड़ी शामिल है। भारत ने शुरूआती तीन मैचों में केवल दो कैच ड्रॉप किए हैं, जबकि मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड (एक) एकमात्र ऐसी टीम है जिसने कम कैच छोड़े हैं। टूर्नामेंट के मेजबान अब तक प्रत्येक मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को 'स्वर्ण पदक' प्रदान करते रहे हैं, कोहली ने कार्यक्रम की शुरूआत में पांच बार के विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर भारत की प्रभावशाली जीत के दौरान गोल्ड जीता था। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के मैच के दौरान सीमा पर उनके शानदार कैच के लिए पुरस्कार मिला, जिसने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट करने में मदद की जबकि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ संघर्ष के बाद यह पुरस्कार जीता।

## विश्व कप में कोई बड़ी टीमें नहीं हैं, सब एक जैसी हैं : विराट

**पुणे।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने विश्व कप 2023 में अपने मैच से पहले बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल-हसन के गुणों पर बात की और कहा कि मेगा इवेंट में कोई टीम बड़ी नहीं है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान शाकिब अल-हसन के बारे में कहा, इन वर्षों में मैंने उनके खिलाफ बहुत खेला है। उसके पास अद्भुत नियंत्रण है। वह बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं। वह नई गेंद से बहुत अच्छी गेंदबाजी करता है, बल्लेबाज को धोखा देना जानता है और काफी किफायती भी है। आपको इन सभी गेंदबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और यदि आप ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, तो ये गेंदबाज दबाव बनाने में सक्षम हैं और आपको आउट करने की संभावना बढ़ा सकते हैं। विश्व कप में कोई बड़ी टीमें नहीं हैं। जब भी आप केवल बड़ी टीमों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करते हैं, तो परेशानी होती है। कोहली कि बात गलत भी नहीं हैं क्योंकि मंगलवार को नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को और पिछले हफ्ते अफगानिस्तान ने गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर यह बात साफ कर दी है कि कोई भी टीम कम नहीं है। इस बीच, बांग्लादेश के क्रिकेटर शाकिब अल-हसन ने विराट कोहली के विकेट की कीमत पर बात की। उन्होंने कहा, वह एक विशेष बल्लेबाज है, शायद आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली हूं कि उसे 5 बार आउट कर सका। निस्संदेह, उनका विकेट लेने से मुझे बहुत खुशी होगी।" भारत के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने भी शाकिब अल-हसन की कीमत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह एक बहुत ही स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उन्होंने कई वर्षों तक बांग्लादेश को अपने कंधों पर उठाया है।

### फर्ग्यूसन-सेंटनर की घातक गेंदबाजी

# न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 149 रनों से किया पराजित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर वर्ल्ड कप में अपनी लगातार चौथी जीत हासिल की। चेपॉक में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 149 रनों से जीत हासिल की। इसी के न्यूजीलैंड अब प्वाइंट्स टेबल पर टॉप पर पहुंच गई है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 6 विकेट पर 288 रन बनाए हैं। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 34।4 ओवर में ही 139 रनों पर ही सिमट गई। अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रहमत शाह 36 और अजमतुल्लाह 27 रनों की पारी खेली। वहीं न्यूजीलैंड के लिए लोकी फर्ग्यूसन और मिचेल सेंटनर ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट चटकाए। जबकि ट्रेंट बोल्ट 2 विकेट झटके। इसके अलावा मार्क हेनरी और रचिन रवींद्र को एक-एक सफलता मिली।

289 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। 6वें ओवर में ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 11 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद 7वें ओवर में 27 के स्कोर पर ही अफगानिस्तान ने दूसरा विकेट गंवा दिया। पहले मैट हेनरी ने रहमानुल्लाह गुरबाज को बोल्ड किया। इसके बाद ट्रेंट बोल्ट ने इब्राहिम जादरान को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

इसके बाद 43 के स्कोर पर अफगानिस्तान ने तीसरा विकेट कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के रूप में गंवाया। शाहिदी 29 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लॉकी फर्ग्यूसन ने पवेलियन भेजा। फिर रहमत शाह और अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो गई है, लेकिन फिर अजमतुल्लाह ओमरजई 32 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। ओमरजई को ट्रेंट बोल्ट ने पवेलियन भेजा। इसके बाद रहमत शाह भी 62 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। रहमत शाह को रचिन रवींद्र ने आउट किया। इसके बाद देखते ही देखते अफगानिस्तान की पूरी टीम 139 रनों पर ही सिमट गई।

## स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 20 | 18 | 3 | 0 |
| विल यंग | 54 | 64 | 4 | 3 |
| रचिन रविंद्र | 32 | 41 | 2 | 1 |
| डैरिल मिचेल | 1 | 7 | 0 | 0 |
| टॉम लेथम | 68 | 74 | 3 | 2 |
| ग्लेन फि लिप्स | 71 | 80 | 4 | 4 |
| मार्क चैपमैन | 25 | 12 | 2 | 1 |
| मिचेल सैंटनर | 7 | 5 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, **कुल :** 288/6 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-30, 2-109, 3-110, 4-110, 5-254, 6-255. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मुजीब उर रहमान 10-0-57-1, फजलहक फारूकी 7-1-39-0, नवीन उल हक 8-0-48-2, मोहम्मद नबी 8-1-41-0, राशिद खान 10-0-43-1, अजमतउल्लाह ओमरजाई 7-0-56-2

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज | 11 | 21 | 0 | 1 |
| इब्राहिम जदरान | 14 | 15 | 2 | 0 |
| रहमत शाह | 36 | 62 | 1 | 0 |
| हशमतउल्लाह शहीदी | 8 | 29 | 1 | 0 |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई | 27 | 32 | 2 | 0 |
| इकराम अलीखिल | 19 | 21 | 3 | 0 |
| मोहम्मद नबी | 7 | 9 | 1 | 0 |
| राशिद खान | 8 | 13 | 0 | 1 |
| मुजीब उर रहमान | 4 | 3 | 1 | 0 |
| नवीन उल हक | 0 | 1 | 0 | 0 |
| फजलहक फारूकी | 0 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 05, **कुल :** 139/10 (34.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-27, 2-27, 3-43, 4-97, 5-107, 6-125, 7-134, 8-138, 9-139, 10-139. डीआरएस
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 7-1-18-2, मैट हेनरी 5-2-16-1, मिचेल सैंटनर 7.4-0-39-3, लॉकी फर्ग्युसन 7-1-19-3, ग्लेन फि लिप्स 3-0-13-0, रचिन रविंद्र 5-0-34-1


## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 4 | 4 | 0 | 6 | +1.923 |
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| सा. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.385 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 4 | -1.250 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.993 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |

## परिस्थितियों को ध्यान में रखकर पाक अपनी रणनीति बनाए : रमीज राजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले पाकिस्तानी टीम को परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की सलाह दी है। वर्ल्ड कप 2023 में भारत के खिलाफ हार झेलने वाली पाकिस्तान टीम को पूर्व पाकिस्तान क्रिकेटर ने सलाह दी है। एक पाकिस्तानी चैनल से बात करते हुए रमीज राजा ने अपनी मैदान की स्थिति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को ऑलराउंडर विकल्प को त्याग देना चाहिए और एक विशेषज्ञ गेंदबाज की तलाश करनी चाहिए। रजा ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान को लक्ष्य का पीछा करना चाहिए। पाकिस्तान पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के खिलाफ 200 रन भी नहीं बना सकी, इसलिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लक्ष्य का पीछा



करने के बारे में सोचना चाहिए। वहां (बेंगलुरु में) परिस्थितियां बल्लेबाजी के अनुकूल होंगी इसलिए पाकिस्तान को पिच को ध्यान में रखते हुए अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है। यदि आपको किसी विशेषज्ञ के लिए एक ऑलराउंडर को बाहर करने की आवश्यकता है, तो उन्हें निश्चित रूप से ऐसा करना चाहिए। अहमदाबाद में भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत पर होगी। पाकिस्तान फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

## सब-जूनियर झारखंड वॉलीबाल प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 22 को

**रांची।** सब-जूनियर 23वीं झारखंड वॉलीबाल प्रतियोगिता दो से पांच नवम्बर तक लातेहार में होगा। इस प्रतियोगिता में रांची टीम के गठन के लिए रांची जिला वॉलीबाल संघ की ओर से रांची विश्वविद्यालय वॉलीबाल मैदान में सुबह आठ बजे से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 22 अक्टूबर को एक चयन प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की अर्हता भी निर्धारित की गई है। रांची जिला वॉलीबाल संघ के सचिव संजय ठाकुर ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में एक जनवरी, 2008 या उसके बाद जन्म लेने वाले झारखंड के खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में ओरिजनल आधार कार्ड, सरकारी संस्थानों से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

## ऑफ ब्रेक स्पिनर रितेश का वर्ल्ड कप के एनईटी बॉलर में सिलेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जब भी कोई नन्हा होनहार खिलाड़ी गेंद थामता है या बल्ला भांजना शुरू करता है, उस समय उसका लक्ष्य अपने देश की जर्सी पहनकर मैदान मारना होता है। इसी सपने को संजोकर भारत के तमाम हिस्सों से कई युवा क्रिकेटर बनने निकल पड़ते हैं। जिससे देश को कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और वर्तमान टीम इंडिया में शामिल रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे योद्धा मिले। इन सभी ने भारतीय क्रिकेट की विरासत को बखूबी संभाला। कुछ इसी तरह के सपने को संजोकर महेंद्र सिंह धोनी के शहर रांची से निकलकर एक और युवा खिलाड़ी दिल्ली में है और वर्ल्ड कप 2023 में पर्दे के पीछे उसकी काफी चर्चा है।



उसने दिल्ली के अरुण जेटली मैदान में बतौर नेट गेंदबाज न सिर्फ श्रीलंका और अफगानिस्तान का दिल जीता बल्कि इंग्लैंड के जो रूट और डेविड मलान तक के तो स्टंप्स बिखेर दिए।

20 साल के युवा ऑफ ब्रेक स्पिनर रितेश केसरी रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकैडमी प्रशिक्षण लेते थे उनके कोच चंद्रदेव सिंह। उनके पिता रतन केसरी रांची में ही सब्जी बेचने का काम करते हैं। रितेश को शुरू से ही क्रिकेट से काफी लगाव था। रितेश ने बताया कि रांची में ट्रायल के दौरान उसका सबसे पहले चयन उत्तराखंड में मौजूद मदन लाल की एमिनिटी क्रिकेट एकेडमी में हुआ। जहां से रितेश ने अपनी कला को निखारा और इसके साथ-साथ पढ़ाई करते हुए 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। मदन लाल क्रिकेट अकादमी से जब स्कॉलरशिप समाप्त हुई तब रितेश ने रांची जाने की बजाए दिल्ली का रुख किया। जहां से वह इंग्लैंड, श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के नेट्स सेशन कैंप में सिलेक्शन हुआ। इससे रांची मैं जहां प्रशिक्षण लेते थे उनके कोच चंद्रदेव सिंह और साथी खिलाड़ी ने उनको ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

### 34वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दूसरे दिन

## झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 10 स्वर्ण, 09 रजत 12 कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवम पश्चिम बंगाल एथलेटिक्स एसोसिएशन, कोलकाता के तत्वाधान में 17 से 19 अक्टूबर तक साई स्पोर्टस कांप्लेक्स, साल्टलेक स्टेडियम,कोलकाता (प.बंगाल) में आयोजित 34 वी पूर्वी क्षेत्र जुनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड के एथलीटो ने 10 स्वर्ण, 09 रजत,12 कांस्य पदक जीत पदक तालिका में बढ़त बनाए हुए है।

इस प्रतियोगिता में मेजबान पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, झारखंड, असम, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश की टीम भाग ले रही है।



पदक विजेता एथलीटों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एस के पांडेय डॉ प्रभात शंकर, बिनोद कुमार सिंह,आलोक मिश्रा, आशीष झा, सुखैर भगत, राकेश सिंह, बरूण कुमार, किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी, रविंद्र मुर्मू, बंधन टोप्पो, आशू भटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिकंदर महतो, अजीत साहू, अजय नायक, रनवीर सिंह, प्रभाकर वर्मा, अन्ना गोरेती मिंज, मुकुल टोप्पो, अरविंद कुमार, योगेश यादव, अशोक कुमार, शशांक भूषण सिंह, समेत संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

**▶▶ प्रदेश के एथलिटों ने पहले दिन 04 स्वर्ण, 03रजत, 05 कांस्य पदक जीता**

### दूसरे दिन के परिणाम

स्वर्ण पदक : क्रांति कुमारी, रौशन कुमार, आंसू कुमार, प्रशांत कुमार, सविता मुर्मू, तनीषा कुमारी, सुजाना लकड़ा, हेमंती कुमारी, साकेत मिंज, अमनदीप कौर

रजत पदकः साकेत मिंज, ममता मेरी मिंज, मानसी मिंज, अनीशा कुमारी, लिली रिचमा केरकेट्टा, शिल्पा कुमारी, दुलार केरकेट्टा, अनीश लकड़ा, अर्जुन, आकांक्षा कुमारी

कांस्य पदक : ओम प्रकाश, अर्पिता साहू, ओम प्रकाश, अर्पिता साहू, मंजू कुमारी, नेहा कुमारी, सपना यादव, प्रीति लकड़ा, आर्यन गुप्ता, विकास कुमार महतो, मनीष कुमार, मनीष बेदिया

## मेसी के डबल से अर्जेंटीना ने पेरू को दी शिकस्त

**एजेंसी। लीमा**

लियोनल मेसी के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने यहां फीफा विश्व कप क्वालीफायर में पेरू पर 2-0 से आसान जीत दर्ज की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मेसी ने आधे घंटे के बाद ही निकोलस गोंजालेज के क्रॉस के बाद शीर्ष-दाएं कोने में पहली बार प्रयास करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। जूलियन अल्वारेज ने एंजो फर्नांडीज के क्रॉस को अपने पैरों से गुजरने दिया और मेसी ने 16 गज की दूरी से फिनिश हासिल कर ली, जिसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन ने हाफटाइम के स्ट्रोक पर इसे 2-0 कर दिया। लीमा में एस्टाडियो नेशनल में परिणाम ने अर्जेंटीना की दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में शानदार शुरूआत बरकरार रखी है। लियोनल स्कालोनी की टीम ने अब इतने ही मैचों में चार जीत



हासिल कर ली है और दूसरे स्थान पर मौजूद उरुग्वे पर पांच अंकों की बढ़त बना ली है। पेरू अब तक केवल एक अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। मंगलवार को दक्षिण अमेरिका के क्वालीफाइंग ग्रुप में अन्य जगहों पर, उरुग्वे ने ब्राजील को अपने घर में 2-0 से हराया, इक्वाडोर को कोलंबिया ने गोलरहित घरेलू ड्रा पर रोका, पराग्वे ने बोलीविया पर 1-0 से घरेलू जीत हासिल की और वेनेजुएला ने घर में चिली पर 3-0 से जीत हासिल की।

**उपलब्धि**

### भारतीय-अमेरिकी मूल के अर्जुन निम्माला ने रचा इतिहास

# 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में आएंगे नजर

**एजेंसी। मुंबई**

मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी स्टार ने आईएमजी और एम्पेड पिक्चर्स के साथ मिलकर 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नाम का डॉक्यूमेंट्री-सीरीज प्रोड्यूस किया है। इसमें पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरणादायी कहानी के बारे में बताया गया है। जुलाई में टोरंटो ब्लू जेज द्वारा एमएलबी एमेच्योर ड्राफ्ट के पहले राउंड में निम्माला को शामिल किया गया था। इसी के साथ चार प्रमुख अमेरिकी पेशेवर खेलों में से किसी एक में इतने हाई पोजीशन पर चुने जाने वाले पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी के रूप में निम्माला ने इतिहास रच दिया था।

डॉक्यूमेंट्री सीरीज दर्शकों को निम्माला के साथ एक ऐसी यात्रा पर ले जाती है, जहां वह अपने माता-पिता के गृहनगर विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अपनी जड़ों का पता लगाने के लिए निकले और भारत की खेल संस्कृति को उजागर किया। इस दौरान दोस्ताना क्रिकेट मैच के लिए निम्माला का भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके अजिंक्य रहाणे से मिलना एक बड़ी घटना थी। निम्माला क्रिकेट का अभ्यास करते हुए बड़े हुए हैं। पूरी डॉक्यूमेंट्री के दौरान अर्जुन निम्माला भारत की उभरती बेसबॉल प्रतिभाओं से मिलते हैं और इसमें इन युवा खिलाड़ियों की कहानियां भी दिखाई गई हैं।

चार भाग वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 18 अक्टूबर, 2023 को स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और स्टार स्पोर्ट्स सेलेक्ट 2 पर लॉन्च की जाएगी और इसका अंतिम एपिसोड 21 अक्टूबर, 2023 को प्रसारित किया जाएगा। साथ ही इसका दोबारा प्रसारण 26 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहेगा। इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' नवंबर में डिज्नी हॉटस्टार पर देशभर में लॉन्च होगा। यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज एमएलबी और डिज्नी स्टार के बीच विस्तारित साझेदारी के रिन्यूअल का हिस्सा है। वर्ल्ड सीरीज के प्रसारण के साथ-साथ (जैसा कि 2020 से हो रहा है), स्टार स्पोर्ट्स पहली बार स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 1 और 2 पर मेजर लीग बेसबॉल पोस्ट सीजन के एक्स्ट्रा राउंड अक्टूबर और नवंबर में लाइव प्रसारित कर रहा है। ये प्रसारण विशेष रूप से भारतीयों के लिए तैयार किए गए हैं। पहली बार भारतीय बाजार में इसका प्रसारण किया गया और एमएलबी की सर्वश्रेष्ठ टीमों को दिखाया गया क्योंकि वे विश्व सीरीज खिताब के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स 17 वर्षीय भारतीय अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी अर्जुन निम्माला के बारे में बताया है, जिनका लक्ष्य एक प्रमुख अमेरिकी खेल के पहले राउंड में चुने गए पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी एथलीट बनकर इतिहास बनाना है। यह सीरीज अर्जुन पर प्रकाश डालती है। यह सीरीज उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और सीमाओं से परे बेसबॉल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताती है। यह एक मनोरम यात्रा है, जो संस्कृतियों को जोड़ती है। जीत और विरासत को प्रेरित करने के लिए खेल की सार्वभौमिक शक्ति का प्रदर्शन करती है। बाधाओं को तोड़ने और भारत और बेसबॉल के बीच संबंध विकसित करने की इस अविश्वसनीय कहानी को देखने से न चूकें। भारत में खेलों का आह्वान करने वाले मनीष बटाविया ने भारतीय दर्शकों के लिए लाइव बेसबॉल लाने के अनुभव पर बात की। उन्होंने कहा, भारत के सबसे बड़े जुनून क्रिकेट और अमेरिका के पसंदीदा खेल बेसबॉल के बीच समानताएं ही एमएलबी पर टिप्पणी करना रोमांचक बनाती हैं!